हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● रविवार ● 19.04.2026 ● वर्ष : 16 ● अंक : 262 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

## एक नजर

### कार ने चार को कुचला, एक की मौत

**गिरिडीह** : जिले के गावां सतगावां रोड के जोड़सिमर के समीप शनिवार को सड़क के किनारे पर बैठे चार लोगों को एक सेंट्रो कार ने कुचल दिया । हादसे में एक की मौत हो गई। जबकि तीन घायल हो गए। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने वाहन चालक को बंधक बना लिया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने सड़क को जाम कर हंगामा शुरू कर दिया। इस घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस को भारी फजीहत का सामान करना पड़ा।

### 450 करोड़ की हेरोइन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**चंडीगढ़** : पंजाब पुलिस के काउंटर इंटेलीजेंस विंग ने सीमा पार से हो रही तस्करी के रैकेट का पदार्फाश करते हुए करीब 450 करोड़ रुपये कीमत की 64.62 किलोग्राम हेरोइन बरामद करके दो तस्करों को काबू किया है। यह गैंग पाकिस्तानी तस्कर मूसा द्वारा चलाया जा रहा था। मूसा कुछ साल पहले भारत में उस समय चर्चा में आया था जब कस्टम ने यहां अटारी–बाघा बार्डर पर एक मालगाड़ी से 532 किलो हेरोइन बरामद की थी। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शनिवार को बताया कि अमृतसर में पंजाब पुलिस के काउंटर इंटेलीजेंस विंग के स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल ने इस ऑपरेशन को अंजाम दिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस जांच में सामने आया कि यह हेरोइन पाकिस्तान से मंगवाई गई है, जिसे अब आगे सप्लाई किया जाना था। पुलिस ने इससे पहले की पकड़ लिया है।

### हिमंत बिस्व सरमा के खिलाफ तृणमूल ने चुनाव आयोग से की शिकायत

**कोलकाता** : पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव प्रचार के बीच तृणमूल कांग्रेस ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा पर ह्लभड़काऊ, विभाजनकारी और अप्रमाणित आरोपह्व लगाने का आरोप लगाया है। पार्टी ने चुनाव आयोग से शिकायत करते हुए कहा कि उनके बयान पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी को निशाना बनाते हैं। चुनाव आयोग को लिखे पत्र में तृणमूल ने कूचबिहार जिले में एक चुनावी सभा के दौरान दिए गए असम के मुख्यमंत्री के कथित बयान का उल्लेख किया है। आरोप है कि उन्होंने कहा था कि यदि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सत्ता में आती है तो मांस खाने पर रोक लगने को लेकर ममता बनर्जी की चिंता दरअसल केवल बीफ को लेकर है, न कि चिकन, मटन या मछली को लेकर।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन प. बंगाल में चुनावी दौरे के दौरान पुरुलिया में तृणमूल के समर्थन में की सभा, कहा

# बीजेपी नहीं, यहां चुनाव आयोग लड़ रहा इलेक्शन

एजेंसी

**पुरुलिया** : सीएम हेमन्त सोरेन ने पुरुलिया में तृणमूल के समर्थन में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यहां बीजेपी नहीं, चुनाव आयोग चुनाव लड़ रहा है। बता दें कि सीएम हेमन्त सोरेन शनिवार से प. बंगाल में चुनावी दौरे पर हैं। वे तृणमूल कांग्रेस के पक्ष में वहां चुनावी सभाएं कर रहे हैं। आज उन्होंने पुरुलिया जिले के मानबाजार विधानसभा से तृणमूल कांग्रेस प्रत्याशी संध्या रानी टुडू के पक्ष में सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा और चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि प. बंगाल का ये चुनाव भाजपा नहीं, चुनाव आयोग लड़ रहा है। सोरेन ने आगे कहा कि यहां उपस्थित जनसमर्थन बता रहा है कि ममता दीदी के साथ यहां की जनता मजबूती के साथ खड़ी है।
सीएम ने तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवारों के पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश की। काशीपुर में टीएमसी प्रत्याशी सोमेश बेल्थरिया के समर्थन में आयोजित सभा में उन्होंने कहा कि बंगाल के समाज का हर वर्ग आदिवासी, दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यक, अमीर और गरीब सभी ममता दीदी के साथ खड़े हैं।



### आदिवासी इलाकों पर फोकस

पुरुलिया जिले के इन विधानसभा क्षेत्रों में आदिवासी और ग्रामीण मतदाताओं की संख्या अधिक है, जिसे ध्यान में रखते हुए हेमन्त सोरेन का यह दौरा काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वह खुद आदिवासी समुदाय के बड़े नेता माने जाते हैं, ऐसे में उनके प्रचार से टीएमसी को इन क्षेत्रों में मजबूती मिलने की उम्मीद है। पश्चिम बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को होने वाले मतदान को लेकर सभी राजनीतिक दल पूरी ताकत झोंक रहे हैं।

### बांकुरा और झाड़ग्राम में मुख्यमंत्री का अगला कार्यक्रम

मुख्यमंत्री का अगला कार्यक्रम 20 अप्रैल को बांकुरा और झाड़ग्राम जिलों में प्रस्तावित है, जहां वे तालडांगरा, रायपुर और बिनपुर विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। हाल ही में वे असम के दौरे पर भी गए थे, जहां झामुमो ने चुनाव में सक्रिय भागीदारी निभाई। ऐसे में उनका यह दौरा टीएमसी के लिए रणनीतिक रूप से अहम माना जा रहा है।

### बंगाल का शिक्षा मॉडल झारखंड में लागू करेंगे

सीएम सोरेन ने कहा, ममता दीदी आदिवासी, दलित, पिछड़ा और अल्पसंख्यक समाज को संवेदनशीलता के साथ हक–अधिकार दिलाने का काम करती हैं। बंगाल में आदिवासी समाज, संथाल समाज की पढ़ाई–लिखाई का जो मॉडल है वह हम झारखंड में भी लागू करने का काम कर रहे हैं। सोरेन ने कहा, भाजपा आदिवासी विरोधी है। आप सभी को पता होगा भाजपा शासित राज्य में आदिवासी समाज के साथ आए दिन कितना शोषण और अत्याचार किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा, चुनाव में ममता दीदी और टीएमसी को मजबूती के साथ अपना आशीर्वाद देने का काम करें।



### मुख्यमंत्री से जमशेदपुर के नए उपायुक्त राजीव रंजन ने की शिष्टाचार भेंट

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आज कांके रोड स्थित उनके आवासीय कार्यालय में पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) के नवनियुक्त उपायुक्त राजीव रंजन ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री के साथ श्री रंजन की यह एक शिष्टाचार भेंट थी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नए उपायुक्त को जिले की कमान संभालने के लिए शुभकामनाएं दीं। मुलाकात के क्रम में राज्य की विकास योजनाओं और जिले में प्रशासनिक कार्यों की गति को लेकर भी अनौपचारिक चर्चा हुई।

## झारखंड में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

### 46 आईपीएस व 17 आईएएस अधिकारियों का तबादला

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : झारखंड सरकार ने पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल करते हुए 46 आईपीएस अधिकारियों के तबादला किया है। इस संबंध में गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने शुक्रवार देर रात अधिसूचना जारी की है । तबादले की अधिसूचना में एडीजी से लेकर एएसपी तक का तबादला किया गया है।
एडीजी सीआईडी मनोज कौशिक को मुख्यालय एडीजी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।
झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन के एमडी पंकज कम्बोज को आईजी मानवाधिकार का अतिरिक्त प्रभार मिला है।
आईजी निगरानी-सह-सुरक्षा नरेंद्र कुमार सिंह को पलामू में आईजी अभियान के साथ पलामू जोन के आईजी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।
ऋषभ कुमार झा को जेएपी-4 के साथ एसआईएसएफ कमांडेंट का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया।
राज्य सरकार ने एक साथ 17 आईएएस अधिकारियों का तबादला और पदस्थापन करते हुए कई जिलों में नए उपायुक्तों की नियुक्ति की है। इस संबंध में कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग की ओर से शुक्रवार देर रात अधिसूचना जारी की गई है।

पूरी खबर पेज 12 पर

## स्वर्णरिखा तट पर दूसरी बार मिला जिंदा बम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



दहशत के बीच सेना ने संभाली कमान

**बहरागोड़ा** : बहरागोड़ा थाना क्षेत्र के पानीपड़ा-नागुड़साई में स्वर्णरेखा नदी के तट पर दूसरी बार एक विशालकाय बम मिलने से पिछले तीन दिनों से समूचे इलाके में भारी दहशत का माहौल है, जिसकी गंभीरता को देखते हुए शनिवार को रांची से कैप्टन आयुष कुमार सिंह के नेतृत्व में भारतीय सेना की एक विशेष टीम ने मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाल लिया है.
विशेषज्ञों के साथ स्थिति का बारीकी से मुआयना करने के बाद कैप्टन सिंह ने थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा को पुष्टि की कि यह एक सक्रिय 'जिंदा बम' है, जिसकी मारक क्षमता और तकनीकी श्रेणी का सेना द्वारा गहन अध्ययन किया जा रहा है.
सैन्य प्रोटोकॉल के तहत इस विस्फोटक की विस्तृत रिपोर्ट मुख्यालय के वरीय अधिकारियों को भेजी जाएगी और वहां से प्राप्त दिशा-निर्देशों के उपरांत ही इसे सुरक्षित रूप से निष्क्रिय (डिफ्यूज) करने की अंतिम कार्रवाई की जाएगी. फिलहाल सुरक्षा के मद्देनजर सेना ने ग्रामीणों को बम के पास न जाने की सख्त हिदायत देते हुए पूरे क्षेत्र को कड़ी निगरानी में ले लिया है.

विपक्ष पर जमकर बरसे प्रधानमंत्री मोदी, कहा

## बिल गिरने की कसक हर नारी के दिल में रहेगी



**नयी दिल्ली** : लोकसभा में महिला आरक्षण बिल से जुड़ा संशोधन विधेयक गिरने के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में नारी शक्ति वंदन संशोधन बिल के गिरने का जिम्मेदार विपक्ष को ठहराया है. उन्होंने कहा कि विपक्ष ने अपने स्वार्थ की वजह से इस बिल को पारित नहीं होने दिया. पीएम मोदी ने कहा कि देश की नारी शक्ति सब देख रही है, बिल गिरा तो मुझे बहुत दुख हुआ. महिलाएं कभी अपना अपमान नहीं भूल सकती हैं. पीएम मोदी ने ये भी कहा, 'बिल गिरने पर कांग्रेसियों के उत्सव की कसक हर नारी के दिल में रहेगी. कल देश की करोड़ों महिलाओं की नजर संसद पर थी. जब नारी हित का प्रस्ताव गिरा, तब कुछ दलों के लोग तालियां बजा रहे थे. यह सिर्फ मेज थपथपाना नहीं था, बल्कि नारी के स्वाभिमान और आत्मसम्मान पर चोट थी.'

### राहुल के खिलाफ एफआईआर पर रोक

**प्रयागराज** : इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंचबें ने कथित दोहरी नागरिकता मामले में कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने के, ओपन कोर्ट में सुनाये गए अपने आदेश को रोक दिया है। शनिवार को हाईकोर्ट की वेबसाइट पर उपलब्ध आदेश में न्यायालय ने कहा है कि शुक्रवार को सुनवाई के दौरान याची समेत केंद्र व राज्य सरकार के अधिवक्ताओं से पूछा गया था कि क्या इस मामले में विपक्षी संख्या एक (राहुल गांधी) को नोटिस जारी किए जाने की आवश्यकता है। आदेश में कहा गया है कि अधिवक्ताओं ने कोर्ट को बताया कि नोटिस जारी किए जाने की कोई आवश्यकता नहीं है, तत्पश्चात ओपन कोर्ट में एफआईआर दर्ज करने का विस्तृत आदेश पारित कर दिया गया, हालांकि अपने उक्त आदेश के टाइप होने और उस पर हस्ताक्षर होने के पूर्व ही न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी ने पाया कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय की पूर्ण पीठ ने वर्ष 2014 में पारित एक निर्णय में कहा है कि एफआईआर दर्ज किए जाने के मांग वाले प्रार्थना पत्रों के खारिज होने पर पुनरीक्षण याचिका ही पोषणीय है तथा ऐसी याचिका पर प्रस्तावित अभियुक्त को नोटिस भेजा जाना अनिवार्य है।

## ईरान ने बंद किया होर्मुज भारतीय तेल टैंकरो पर गोलीबारी

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : होर्मुज जलडमरूमध्य में एक बार फिर तनाव चरम पर पहुंच गया है। ईरान की ओर से कथित गोलीबारी के बाद भारतीय जहाजों को अपना रास्ता बदलकर लौटना पड़ा। यह घटना ऐसे समय सामने आई है जब कुछ ही दिन पहले इस अहम समुद्री मार्ग को अस्थायी रूप से खोला गया था। इस पूरे घटनाक्रम ने वैश्विक तेल सप्लाई, समुद्री सुरक्षा और क्षेत्रीय स्थिरता को लेकर गंभीर चिंता खड़ी कर दी है।
जानकारी के अनुसार, दो भारतीय जहाज जग अर्नव और सन्मार हेराल्ड इस घटना में शामिल थे। इनमें से जग अर्नव, जो लगभग 20 लाख बैरल इराकी कच्चा तेल लेकर जा रहा था, पर फायरिंग की गई। दूसरा जहाज पास में मौजूद था, लेकिन उसे निशाना नहीं बनाया गया। घटना के बाद दोनों जहाजों ने होर्मुज जलडमरूमध्य से वापस लौटने का फैसला लिया।
भारतीय नौसेना इस पूरे मामले की जांच कर रही है। फिलहाल होर्मुज में भारत का कोई युद्धपोत मौजूद नहीं है, लेकिन ओमान की खाड़ी में भारतीय जहाज तैनात हैं। अधिकारियों ने कहा है कि भारत इस घटना को गंभीरता से ले रहा है और इस अहम समुद्री मार्ग में सुरक्षित और मुक्त आवाजाही का समर्थन करता है।



### क्या हुआ था होर्मुज जलडमरूमध्य में?

ब्रिटेन की समुद्री एजेंसी ने बताया कि ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड से जुड़ी दो गनबोट्स ने ओमान के उत्तर–पूर्व में एक टैंकर पर गोलीबारी की। इसके अलावा एक अन्य कंटेनर जहाज पर भी अज्ञात प्रोजेक्टाइल से हमला होने की खबर है। हालांकि सभी जहाजों और उनके चालक दल को सुरक्षित बताया गया है।

### ईरानी राजदूत तलब

मामले में भारत ने सख्त रुख अपनाया है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, इस घटना को लेकर भारत ने ईरान के राजदूत को तलब किया है और कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। सूत्रों के अनुसार, दो भारतीय झंडे वाले जहाजों पर फायरिंग की खबर के बाद भारत ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। सरकार ने ईरान से इस घटना पर स्पष्टीकरण मांगा है और समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने और मरीजों को विशेषज्ञ इलाज मुहैया कराने की दिशा में हेमन्त सरकार का सराहनीय कदम

# सरकारी अस्पतालों में 666 विशेषज्ञ डॉक्टरों की होगी बहाली

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने और मरीजों को विशेषज्ञ इलाज मुहैया कराने की दिशा में राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। राज्य के सरकारी अस्पतालों में रिक्त 666 विशेषज्ञ चिकित्सकों के पदों पर नियमित नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। कार्मिक विभाग ने इस संबंध में झारखंड लोक सेवा आयोग को आधिकारिक अधियाचना भेज दी है।

### बैकलॉग और नियमित पदों का विवरण

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, कुल 666 पदों में से 506 पद नियमित हैं, जबकि 160 पद बैकलॉग कोटे के हैं। विभाग का लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों तक विशेषज्ञ डॉक्टरों की पहुंच सुनिश्चित करना है, ताकि मरीजों को स्थानीय स्तर पर ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।
इसके अलावा फोरेंसिक, चर्म रोग, ईएनटी, नेत्र रोग, अस्थि रोग, पैथोलॉजिस्ट और मनोचिकित्सकों के पदों पर भी भर्ती की जाएगी।



### इन विभागों में होगी प्रमुख नियुक्तियां

| | | |
|---|---|---|
| फिजिशियन | : | 226 (214 नियमित + 12 बैकलॉग) |
| शिशु रोग विशेषज्ञ | : | 224 (172 नियमित + 52 बैकलॉग) |
| निश्चेतक (एनेस्थेटिस्ट) | : | 57 (28 नियमित + 29 बैकलॉग) |
| स्त्री रोग विशेषज्ञ | : | 28 (12 नियमित + 16 बैकलॉग) |
| रेडियोलॉजिस्ट | : | 28 (26 नियमित + 02 बैकलॉग) |
| सर्जन | : | 24 (10 नियमित + 14 बैकलॉग) |

### अपर मुख्य सचिव ने जताई उम्मीद

स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा कि इस बहाली से सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की वर्षों से चली आ रही कमी दूर होगी। उन्होंने बताया कि यह पूरी चयन प्रक्रिया 'झारखंड राज्य गैर-शैक्षणिक विशेषज्ञ चिकित्सक नियमावली, 2015' के संशोधित प्रावधानों के तहत की जा रही है।

### जल्द शुरू होगी चयन प्रक्रिया

आरक्षण रोस्टर के साथ अधियाचना प्राप्त होने के बाद अब उम्मीद जताई जा रही है कि खढरउ जल्द ही विज्ञापन जारी कर आवेदन आमंत्रित करेगा। नियुक्ति प्रक्रिया पूरी होने के बाद राज्य के जिला अस्पतालों से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तक में विशेषज्ञ सेवाओं का विस्तार होगा।

## केंद्रीय कर्मचारियों का डीए 2 प्रतिशत बढ़ा



एजेंसी

**नयी दिल्ली** : केंद्र सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (डीए) और पेंशनभोगियों के महंगाई राहत (डीआर) में 02 प्रतिशत की बढ़ोतरी को शनिवार को मंजूरी दी।
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया सेंटर में आयोजित पत्रकार वार्ता में मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार ने महंगाई के बढ़ते प्रभाव को कम करने के लिए डीए और डीआर की अतिरिक्त किस्त जारी करने की मंजूरी दी है। इसमें मूल वेतन और पेंशन की मौजूदा दर 58 प्रतिशत में 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। यह वृद्धि एक जनवरी 2026 से प्रभावी मानी जाएगी।

## एक नजर

### श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों का माता भद्रकाली मंदिर में शैक्षणिक भ्रमण

**बरही** : बरही प्रखंड क्षेत्र के देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने शनिवार को इटखोरी स्थित प्रसिद्ध माता भद्रकाली मंदिर का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने इटखोरी के ऐतिहासिक महत्व एवं मंदिर के इतिहास के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की।भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को उनके असाइनमेंट के आधार पर शोध करने का कार्य दिया गया ताकि बच्चे स्थल की विशेषताओं को समझ सके और अपने ज्ञान को व्यवहारिक रूप में विकसित कर सकें। विद्यालय प्रबंधन ने छात्रों के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक शनिवार को एजुकेशनल टूर आयोजित करता है। इससे बच्चों को किताबों के साथ-साथ जीवन में वास्तविक ज्ञान सीखने का अवसर मिलता है। इस दौरान प्राचार्य कैलाश कुमार ने कहा कि शिक्षा केवल कक्षा तक सीमित नहीं होनी चाहिए। बच्चों को समय समय पर शैक्षणिक भ्रमण करा कर विद्यार्थियों के ज्ञान को व्यापक बनाते हैं और उन्हें चीजों को समझने का व्यवहारिक अनुभव प्रदान करते हैं। प्रबंधक विकास सिंह ने कहा कि हम बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान देते हैं। इस प्रकार के टूर से बच्चों में जिज्ञासा, समझ और आत्मविश्वास बढ़ता है।

### नाबालिग से दुष्कर्म मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**हजारीबाग** : हजारीबाग जिले के चरही थाना क्षेत्र में दर्ज कांड संख्या 33/26 के तहत पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मामला भारतीय न्याय संहिता की धारा 70(2) एवं पॉक्सो एक्ट 2012 की धारा 6 से संबंधित है, जो गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नरेश टुडू एवं दुर्गा टुडू के रूप में हुई है। दोनों आरोपी चरही थाना क्षेत्र के ग्राम फुसरी , जिला हजारीबाग के निवासी हैं। पुलिस के अनुसार, घटना की सूचना मिलते ही मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी की गई। गिरफ्तारी के पश्चात आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि मामले की आगे की जांच जारी है और पीड़िता को हर संभव न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्रवाई की जा रही है। साथ ही, इस प्रकार के मामलों में दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात कही गई है।स्थानीय लोगों ने भी पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई से समाज में कानून के प्रति विश्वास मजबूत होता है।

### स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित, 32 लोगों की हुई जांच

**बरकट्ठा** : प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा अंतर्गत बिरहोर टोला बदाही में शनिवार, 18 अप्रैल 2026 को मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का संचालन डॉक्टर जशीम की उपस्थिति में किया गया।
मेडिकल कैंप में बच्चों का टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं की जांच एवं सामान्य स्वास्थ्य जांच की गई। इस दौरान कुल 32 लोगों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं दवाएं दी गईं। कैंप में सुषमा मुंडा, इम्तियाज अंसारी, सेविका रींकु कुमारी, सहायिका खुशबू कुमारी, सहिया साथी गुंजा देवी, बीटीटी प्रकाश पंडित, एएनएम नीतू देवी एवं हीरालाल महतो सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

## विभावि में 'विकसित भारत @2047 के लिए अनुसंधान' पर व्याख्यान आयोजित

# सम्मिलित प्रयासों से विकसित भारत का स्वप्न पूरा हो सकता है : कुलपति

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**हजारीबाग** : विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग में विकसित भारत @2047 के लिए अनुसंधान : समस्या की पहचान से लेकर नीतिगत प्रभाव तक विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन शनिवार को स्वामी विवेकानंद सभागार में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पीएम ऊषा के मेरु घटक के सॉफ्ट कंपोनेंट के अंतर्गत हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो चंद्र भूषण शर्मा ने किया। मुख्य अतिथि प्रो अविनाश चंद्र पांडे, निदेशक, इंटर यूनिवर्सिटी एक्सलेटर सेंटर , नई दिल्ली ने प्रतिभाशाली छात्रों को आधुनिक विज्ञान और मिशनों से जोड़ने के महत्व पर बल दिया।
उन्होंने विचारों को समझने और प्रभावी ढंग से लागू करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उदाहरण स्वरूप बताया गया कि एक छात्र, जिसने एक कक्षा में नींद के कारण ध्यान नहीं दिया था, लेकिन बाद में सांख्यिकी और गणित के जटिल प्रश्नों को हल कर दिया। "ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत की अवधारणा का उल्लेख करते हुए प्रो पांडे ने बताया कि इसका अर्थ है कि सजीव और निर्जीव सब कुछ दिव्य है। बताया कि यह विश्वास रखना होगा कि एक उच्च शक्ति सभी कर्मों को देख रही है। प्रो पांडे ने जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों, अत्यधिक उपभोग के कारण संसाधनों की कमी तथा नवाचार और मूलभूत विज्ञान के उपयोग की आवश्यकता पर चर्चा की। उन्होंने पारंपरिक भारतीय मूल्यों की चर्चा करते हुए बौद्धिक और सांस्कृतिक संपदा अधिकारों की रक्षा के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने चौथी औद्योगिक क्रांति के संदर्भ में 'पाठ्यक्रम नवाचार' की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्य वक्ता ने 'खोज' और 'आविष्कार' के बीच अंतर स्पष्ट किया। उन्होंने तकनीकी प्रगति से उत्पन्न सामाजिक चुनौतियों और सतत विकास की आवश्यकता पर जोर दिया। वैश्विक चुनौतियों के समाधान में विज्ञान की भूमिका पर चर्चा की और सामाजिक सहभागिता, नीतिगत समन्वय तथा वैज्ञानिक कार्यों में मूल्यों और नैतिकता के समावेश की वकालत किया। मुख्य अतिथि ने STEAM की अवधारणा की चर्चा की। प्रो अविनाश चंद्र पांडे ने वैश्विक तापन के प्रमाण प्रस्तुत करते हुए कार्बन उत्सर्जन कम करने तथा नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने जैसे उपाय सुझाया। विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो चंद्र भूषण शर्मा ने अध्यक्षीय भाषण में क्नअउ के विषय में पूरी जानकारी प्राप्त कर विद्यार्थियों से अपने करियर के लिए उचित प्रयास करने का आह्वान किया। बताया कि सम्मिलित प्रयासों से ही विकसित भारत का स्वप्न पूरा किया जा सकता है।

## हजारीबाग को मिला नया उपायुक्त आईएएस हेमंत सती ने संभाला कार्यभार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : हजारीबाग जिले के पूर्व उपायुक्त एवं पूर्व एसपी का तबादला हो गया है। अब जिले को नया उपायुक्त मिल गया है। वर्ष 2017 बैच के आईएएस अधिकारी हेमंत सती ने शनिवार को विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया। समाहरणालय परिसर में आयोजित सादे लेकिन गरिमामय समारोह में निवर्तमान उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने उन्हें औपचारिक रूप से कार्यभार सौंपा। नवपदस्थापित उपायुक्त हेमंत सती इससे पूर्व साहिबगंज में जिला दंडाधिकारी एवं उपायुक्त के पद पर कार्यरत थे। उनके पिछले कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण विकास योजनाओं को गति मिली थी, जिससे प्रशासनिक दक्षता और जनहितकारी कार्यों को लेकर उनकी सकारात्मक छवि बनी है। इसी अनुभव के आधार पर हजारीबाग जिले में भी उनसे बेहतर प्रशासन और तेज विकास की उम्मीद जताई जा रही है। पदभार संभालने के तुरंत बाद हेमंत सती ने जिले के वरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने विकास योजनाओं की प्रगति, कानून-व्यवस्था की स्थिति तथा प्रशासनिक प्राथमिकताओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जिले में पारदर्शिता, जवाबदेही और जनहित सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

## बेटियों की शादी में सहयोग की पहल जरूरतमंद परिवारों को मिला सहारा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चौपारण** : प्रखंड क्षेत्र के सिंघरावां पंचायत अंतर्गत विभिन्न गांवों में जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के विवाह अवसर पर सेवा भाव से लहंगा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पहल के तहत ग्राम धमना निवासी जागेश्वर भूइंया की पुत्री नगीना कुमारी, सुनील भूइंया की पुत्री रूपा कुमारी, ग्राम हजारी निवासी महेश भूइंया की पुत्री प्रियंका कुमारी, प्रसादी भूइंया की पुत्री रानी कुमारी तथा ग्राम बेलागढ़ा केवला निवासी उमेश भूइंया की पुत्री रिंकी कुमारी को विवाह उपहार स्वरूप लहंगा प्रदान किया गया। यह सामग्री माननीय सांसद मनीष जायसवाल एवं विधायक मनोज कुमार यादव की ओर से समाज सेवा की भावना के तहत उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि सहदेव यादव, मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, उपमुखिया प्रतिनिधि नौसाद खान, पूर्व उपमुखिया प्रतिनिधि राजेन्द्र रविदास, समाजसेवी फारूक खान, संजय भूइंया, राजकुमार भूइंया तथा जुमन भूइंया सहित कई स्थानीय लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि समाज के जरूरतमंद परिवारों की सहायता करना हम सभी की जिम्मेदारी है। बेटियों के विवाह में सहयोग कर उन्हें सम्मानपूर्वक विदा करने की यह एक छोटी सी पहल है, जिसे आगे भी निरंतर जारी रखा जाएगा। कार्यक्रम के दौरान लाभुक परिवारों ने जनप्रतिनिधियों एवं सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

## महिला आरक्षण बिल का पारित न होना विपक्ष की महिला विरोधी मानसिकता को उजागर करता है : मंडल अध्यक्ष

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव** : भारतीय जनता पार्टी बड़कागांव मंडल अध्यक्ष शिव शंकर कुमार उर्फ शिबू मेहता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर 33% महिला आरक्षण बिल के पारित न होने पर गहरा रोष व्यक्त किया है।उन्होंने इस घटनाक्रम को देश की आधी आबादी के अधिकारों पर कुठाराघात और विपक्षी दलों की संकीर्ण मानसिकता का परिचायक बताया है। मंडल अध्यक्ष शिबू कुमार मेहता उर्फ शिव शंकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार महिलाओं को नीति-निर्धारण और राजनीति के मुख्य मंच पर लाने के लिए संकल्पित है, लेकिन विपक्षी दलों के अड़ियल और नकारात्मक रुख के कारण इस ऐतिहासिक कदम में बाधा उत्पन्न हुई है।

**ऐतिहासिक अवसर को गंवाया**

मंडल अध्यक्ष ने कहा कि यह बिल केवल राजनीतिक मुद्दा नहीं, बल्कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम था, जिसे विपक्ष ने अपने राजनीतिक हितों के कारण रोक दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक ओर विपक्ष महिला सुरक्षा और सम्मान की बातें करता है,वहीं दूसरी ओर जब उन्हें संवैधानिक शक्ति देने का समय आता है, तो वे पीछे हट जाते हैं। बड़कागांव की जागरूक जनता और विशेषकर महिलाएं इस अपमान को नहीं भूलेंगी और आने वाले समय में इसका करारा जवाब देंगी। अंत में, मंडल अध्यक्ष ने आह्वान किया कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता घर-घर जाकर विपक्ष के इस महिला विरोधी चेहरे को उजागर करेगा। भाजपा महिलाओं के हक की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक जारी रखेगी।

## नव दिवसीय रुद्र महायज्ञ का आगाज, हजारों श्रद्धालु हुए शामिल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चौपारण** : प्रखंड के जगदीशपुर पंचायत में श्री श्री 1008 शिव कल्याणार्य नव दिवसीय शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठात्मक रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ शनिवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के माहौल में हजारों श्रद्धालु इस धार्मिक आयोजन में शामिल हुए। कलश यात्रा के दौरान पूरा क्षेत्र हर-हर महादेव के जयघोष से भक्तिमय हो उठा। महायज्ञ को लेकर क्षेत्र में सुबह से ही उत्साह का माहौल रहा। महिलाएं, पुरुष एवं युवा सिर पर कलश लेकर शोभायात्रा में शामिल हुए। गाजे-बाजे, भक्ति गीतों और जयघोष के साथ निकली यात्रा ने पूरे क्षेत्र को शिवमय बना दिया। जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा यात्रा का स्वागत भी किया गया। इसी बीच मायापुर में समाजसेवा की मिसाल भी देखने को मिली। समाजसेवी जितेंद्र यादव के नेतृत्व में सेवा शिविर का आयोजन किया गया, जहां सैकड़ों श्रद्धालुओं के बीच ठंडा पेयजल और शरबत वितरित किया गया। भीषण गर्मी में यह शिविर लोगों के लिए बड़ी राहत साबित हुआ। श्रद्धालु कतारबद्ध होकर शीतल पेय ग्रहण करते नजर आए। सेवा कार्य में पूर्व मुखिया प्रत्याशी सुनीता देवी सहित 50 से अधिक स्वयंसेवकों ने सक्रिय सहयोग दिया। सुनीता देवी के नेतृत्व में पूरे अनुशासन और व्यवस्थित ढंग से श्रद्धालुओं के बीच शरबत का वितरण किया गया। आयोजन समिति एवं स्थानीय ग्रामीणों ने सेवा शिविर की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायक पहल बताया।

## कोयली में शिव परिवार व हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भव्य कलश यात्रा निकली

# धार्मिक आयोजन से बढ़ता है भाईचारा एकता व आध्यात्मिक चेतना : मनोज यादव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही** : बरही के कोयली गांव में श्री श्री 1008 श्री शिव परिवार सह हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा एवं नौ दिवसीय रुद्र महायज्ञ के आयोजन को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में गांव की सैकड़ो महिला व बालिका शामिल हुई। कलश यात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर पूरे गांव का भ्रमण करते हुए बड़ाकर नदी पहुंची, जहां विधि-विधान के साथ जल भरकर पुनः मंदिर परिसर लाया गया और कलश की स्थापना की गई। यात्रा के दौरान भक्ति गीतों और जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर बरही विधायक मनोज यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, जिप सदस्या प्रीति कुमारी, जिप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, मुखिया सिकंदर राणा एवं पंसस प्रतिनिधि झमन यादव विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। मुख्य जजमान को बरही विधायक मनोज यादव ने कलश देकर रवाना किया। कलश यात्रा में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं की भारी भागीदारी रही। सभी ने पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होकर धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाया। आयोजन समिति द्वारा नौ दिनों तक विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। बरही विधायक मनोज यादव ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारा, एकता और आध्यात्मिक चेतना को मजबूत करते हैं। उन्होंने आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। मौके पर मनोज कुमार यादव, दिनेश साव, नंदकिशोर कुमार, बासुदेव यादव, किशुन यादव, रविन्द्र यादव, दिलीप रजक, मुकेश यादव, अनिल यादव, सुनील प्रजापति, हरि यादव, बिनोद कुमार सहित समिति के कई सदस्य एवं श्रद्धालु उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### हजारीबाग में सामाजिक दबाव के चलते प्रेमी युगल ने आत्महत्या की



**हजारीबाग** : हजारीबाग जिले के कटकमदाग थाना क्षेत्र अंतर्गत कूद गांव से एक हृदय विदारक घटना सामने आई है, जहां प्रेमी युगल ने समाजिक दबाव के कारण फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतकों की पहचान कूद निवासी धीरज कुमार और हुड़हुडू निवासी जया कुमारी के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दोनों लंबे समय से प्रेम संबंध में थे और अंतरजातीय विवाह करना चाहते थे। लेकिन समाज और परिवार की ओर से इस रिश्ते को स्वीकार नहीं किए जाने के कारण दोनों मानसिक रूप से काफी परेशान थे। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की रात करीब 8:00 से 9:00 बजे के बीच दोनों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन आनन-फानन में मौके पर पहुंचे और दोनों को फंदे से उतारकर तुरंत हजारीबाग शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद इलाके में शोक की लहर है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और आत्महत्या के कारणों की विस्तृत छानबीन की जा रही है।

### चेपाखुर्द में मनाया गया प्राकृतिक पर्व सरहुल



**बड़कागांव** : बड़कागांव प्रखंड के अंतर्गत ग्राम चेपाखुर्द में प्राकृतिक पर्व सरहुल मनाया गया, पाहन अजय भुईयां व गौडाईत प्रीतम करमाली एवं ग्रामीणों के द्वारा विधिवत करीके से प्राकृतिक पूजा व पानी ढ़राव कर सरहुल पर्व मनाया गया। पाहन अजय भुईयां और गोड़ाईत प्रीतम करमाली ने कहा कि सरहुल पर्व हम सभी प्राकृतिक का पूजा करते हैं जिससे कि हमारे आस पास के वातावरण तथा हमारे गांव में शांति बना रहे,एवं हम सभी ग्रामवासी एक दूसरे के साथ भाई चारगी बना रहे था प्राकृतिक के साथ छेड़छाड़ न करे।
सरहुल पूजा होने के बाद पूरे गांव में घर-घर जाकर पाहन अजय भुईयां के द्वारा प्राकृतिक शुद्ध जल एवं पलाश के फूल देकर सरहुल का आशीर्वाद दिया गया। मौके पर मुख्यरूप से भास्कर महतो, अजय यादव, राजा करमाली, योगेंद्र भुईयां, केशन भुईयां, तारकेश्वर महतो, विक्की करमाली, पदुम साव,नवलेश यादव,योगेंद्र यादव,सुरेंद्र राम,रामलखन विश्वकर्मा,धर्मेंद्र कुमार व सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### धनवार पंचायत के आयुष्मान आरोग्य शिविर में 132 लोगों की हुई स्वास्थ्य जांच



**बरही** : टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत बरही के धनवार पंचायत भवन में आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 132 लोगों की स्वास्थ्य जांच हुई। मरीजों की टीबी स्क्रीनिंग कर पोर्टेबल एक्स- रे मशीन से जांच की गईं। शिविर में 131 मरीजों का एक्स- रे परीक्षण किया गया, ताकि संभावित टीबी मरीजों की समय पर पहचान कर उन्हें शीघ्र इलाज उपलब्ध कराया जा सकें। 22 मरीजों का बलगम जांच के लिए सैंपल लिया गया। ओपीडी में 132 लोगों की जांच की गई। धनवार पंचायत स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण हजारीबाग से आए सिविल सर्जन ने किया। शिविर में उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी समेत डॉक्टर और चिकित्साकर्मी मौजूद थे।

### विभावी परिसर में वनस्पति सूचिकरण का डिजिटल पोर्टल लॉन्च



**हजारीबाग** : विनोबा भावे विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा परिसर-व्यापी पौध सर्वेक्षण के डिजिटल दस्तावेजीकरण की एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। शनिवार को इस डिजिटल पोर्टल का अनावरण स्वामी विवेकानंद सभागार में इंटर यूनिवर्सिटी एक्सीलेटर सेंटर, नई दिल्ली के निर्देशक प्रो अविनाश चंद्र पांडे द्वारा किया गया । यह पहल विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो चंद्र भूषण शर्मा की दूरदर्शी सोच का परिणाम है। यह कार्य वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. अविनाश कुमार के मार्गदर्शन एवं निरंतर पर्यवेक्षण में तीन महीनों में सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। इसकी जानकारी देते हुए डॉ अविनाश कुमार ने बताया कि स्नातकोत्तर समसत्र तीन के विद्यार्थियों, दो सीएसआईआर शोधार्थि मिताली गुप्ता, कुमारी काजल सोनी एवं टीचिंग असिस्टेंट्स आस्था निरुपम और नेहा कुमारी के द्वारा यह कार्य रिकॉर्ड समय में संपन्न किया गया है। इस सर्वेक्षण के दौरान विश्वविद्यालय परिसर के विभिन्न क्षेत्रों—जैसे मुख्य द्वार, तालाब क्षेत्र, वानस्पतिक उद्यान, अतिथि गृह तथा विभिन्न शैक्षणिक भवनों के आसपास के क्षेत्रों—का व्यवस्थित रूप से अध्ययन किया गया। इस कार्य हेतु पूरे परिसर को विभिन्न वर्गों में विभाजित कर सर्वेक्षण किया गया। सर्वेक्षण में लगभग 1600 पौधों का दस्तावेजीकरण किया गया, जिसमें करीब 100 एंजियोस्पर्म प्रजातियां, 10 जिम्नोस्पर्म तथा 15 फर्न प्रजातियां शामिल हैं। इससे परिसर की समृद्ध जैव विविधता परिलक्षित होती है। इसके अनावरण उपरांत डॉ अविनाश कुमार ने बताया कि अब यह पोर्टल आमजन के लिए उपलब्ध है। इसके जरिए कोई भी विश्वविद्यालय परिसर में उपलब्ध पौधों की विस्तृत जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकता है। इस पोर्टल का लिंक विश्वविद्यालय के आधिकारिक वेबसाइट के होम पेज पर उपलब्ध है।
कुलपति ने इस उपलब्धि के लिए विभागाध्यक्ष को बधाई दी तथा विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो अविनाश चंद्र पांडे इससे अत्यंत प्रभावित हुए। उन्होंने इस कार्य को जैवविविधता पोर्टल के साथ जोड़ने का सुझाव दिया है।

## एक नजर

### शादी का झांसा देकर युवती का किया यौन शोषण, गिरफ्तार



**मुरी/सिल्ली :** मुरी ओपी थाना क्षेत्र के कलवाड़ीह (लेंगाहातू) गांव निवासी दीपक महतो (23 वर्ष), पिता स्वर्गीय सूरत महतो को पुलिस ने एक युवती के साथ शादी का झांसा देकर लंबे समय तक यौन शोषण करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार, आरोपी युवक का सिल्ली क्षेत्र की एक युवती के साथ पिछले कुछ समय से संपर्क था। इस दौरान उसने शादी का भरोसा दिलाकर युवती के साथ संबंध बनाए। बाद में जब युवक शादी से मुकर गया, तो पीड़िता ने मुरी थाना में शिकायत दर्ज कराई।शिकायत के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। सभी कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### असहाय मंदबुद्धि को लाया गया सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम

**रांची :** प्रणामी ट्रस्ट रांची के अंतर्गत काम कर रही सामाजिक संस्था श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम पुंदाग में शुक्रवार को एक मंदबुद्धि असहाय व्यक्ति को आश्रम में लाया गया। इसके साथ ही आश्रम में निराश्रितों की संख्या 47 हो गई है। यह जानकारी देते हुए सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल ने शनिवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी।
उन्होंने बताया कि सूचना मिली कि एक व्यक्ति सेवा सदन मार्ग बड़ा तालाब के नजदीक लावारिस अवस्था में घूम रहा है। आश्रम की टीम ने उस व्यक्ति को बड़ा तालाब के पास से रेस्क्यू करके आश्रम लाई। टीम में आश्रम के सेवा साथी मुकुंद यादव, सूरज कुमार, धीरज कुमार गुप्ता और सत्यम कुमार शामिल थे। उसके बाद अस्पताल में उसकी मेडिकल जांच कराई गई। बाद में सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम (सत्य प्रेम सभागार) में लाया गया। उस व्यक्ति का नाम और पते की कोई जानकारी नहीं मिली है। याददाश्त भी खो चुका था। आश्रम कमेटी ने उस व्यक्ति का नाम गोविंद रखा है।

### टेंडर कमीशन घोटालाः दो सेवानिवृत्त अभियंताओं ने किया आत्मसमर्पण

**रांची :** रांची के चर्चित टेंडर कमीशन घोटाला मामले में दो आरोपित अधिकारियों ने अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। सेवा निवृत्त अधीक्षण अभियंता उमेश कुमार और तत्कालीन अधिशाषी अभियंता (अब रिटायर्ड) अजय तिर्की ने पीएमएलए अदालत में आत्मसमर्पण किया, जिसके बाद अदालत ने उन्हें सशर्त जमानत दे दी। अदालत ने स्पष्ट किया कि दोनों आरोपितों को हर सुनवाई की तारीख पर अदालत में अनिवार्य रूप से उपस्थित होना होगा। जमानत पर सुनवाई के दौरान प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार काका ने पक्ष रखा।

# रांची में अवैध गैस कारोबार पर कार्रवाई
# 265 रसोई गैस सिलेंडर जब्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** रांची में रसोई गैस की कालाबाजारी और अवैध रिफिलिंग के खिलाफ जिला प्रशासन ने सख्त अभियान चलाते हुए एक संगठित नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। यह कार्रवाई उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देश पर की गई।
अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) के नेतृत्व में चुटिया थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में छापेमारी की गई। जांच में सामने आया कि घरेलू और व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की अवैध जमाखोरी कर उन्हें छोटे सिलेंडरों में भरकर ऊंचे दामों पर बेचा जा रहा था। यह गतिविधि आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 तथा एलपीजी (विनियमन एवं वितरण) आदेश, 2000 का उल्लंघन है और आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा है।
छापेमारी के दौरान उत्तम कुमार साहु के परिसर से करीब 10 गैस सिलेंडर (भरे एवं खाली) बरामद किए गए। साथ ही रिफिलिंग में उपयोग होने वाले पाइप, कनेक्शन और अन्य उपकरण भी जब्त किए गए। वहीं साई कॉलोनी स्थित अमन सिंह के मकान में बने कमरे से लगभग 85 गैस सिलेंडर बरामद किए गए। जांच में यह भी सामने आया कि उक्त मकान को किराए पर लेकर बड़े पैमाने पर अवैध गैस कारोबार संचालित किया जा रहा था।
इसके अलावा शारदा कॉलोनी स्थित एक अन्य परिसर से करीब 110 गैस सिलेंडर जब्त किए गए। यहां भी अवैध रिफिलिंग के लिए उपयोग में लाए जा रहे उपकरण और पाइप बरामद हुए।
तीनों स्थानों से कुल 265 गैस सिलेंडर जब्त कर उनकी विधिवत सूची तैयार की गई और सभी सिलेंडरों को संबंधित गैस एजेंसी के सुपुर्द कर दिया गया।
इस मामले में चुटिया थाना में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और आरोपितों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। साथ ही इस अवैध नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान कर जांच आगे बढ़ाई जा रही है।
रांची जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे केवल अधिकृत गैस एजेंसियों से ही सिलेंडर प्राप्त करें और किसी भी प्रकार की कालाबाजारी या अवैध रिफिलिंग की सूचना तुरंत प्रशासन को दें।
प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि जिले में कालाबाजारी, जमाखोरी और अवैध गतिविधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## नए ग्रामीण एसपी बने गौरव गोस्वामी, अपराधियों को चेताया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी गौरव गोस्वामी ने शनिवार को रांची के नए ग्रामीण पुलिस अधीक्षक (एसपी रूरल) के रूप में विधिवत कार्यभार संभाल लिया। समाहरणालय स्थित कार्यालय में पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने अपनी प्राथमिकताओं को स्पष्ट करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।
गौरतलब है कि झारखंड सरकार ने शुक्रवार देर रात पुलिस महकमे में व्यापक स्तर पर फेरबदल किया था। इस तबादला एक्सप्रेस के तहत कुल 46 आईपीएस अधिकारियों का स्थानांतरण किया गया। इसी क्रम में रांची के निवर्तमान ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर को देवघर का नया एसपी बनाया गया है, जबकि गौरव गोस्वामी को रांची ग्रामीण की कमान सौंपी गई है।



### अनुभव का मिलेगा लाभ

बता दें कि गौरव गोस्वामी इससे पहले पतरातू में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उनके पास क्षेत्रीय पुलिसिंग का अच्छा अनुभव है, जिसका लाभ अब रांची के ग्रामीण इलाकों को मिलेगा।

### अपराध के 'हॉटस्पॉट' होंगे चिन्हित

मीडिया से बात करते हुए नए ग्रामीण एसपी ने कहा कि रांची के ग्रामीण इलाकों में होने वाली आपराधिक घटनाओं का बारीकी से विश्लेषण किया जाएगा। उन्होंने बताया, हम उन क्षेत्रों की पहचान करेंगे जहाँ आपराधिक गतिविधियाँ अधिक हैं। ऐसे 'हॉटस्पॉट' चिन्हित कर वहां प्रभावी और सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि ग्रामीण जनता खुद को सुरक्षित महसूस कर सके।

### पुरानी योजनाओं को मिलेगी गति

श्री गोस्वामी ने पूर्व ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर के कार्यकाल में किए गए कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा शुरू की गई अच्छी पहलों और बेहतर पुलिसिंग के कार्यों को निरंतर जारी रखा जाएगा और उनमें नई ऊर्जा के साथ सुधार किया जाएगा।

## झारखंड में गर्मी का 'सितम': 8 जिलों में लू का 'येलो अलर्ट' जारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची ।** झारखंड में सूर्य देव के कड़े तेवरों ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। राजधानी रांची समेत पूरा राज्य भीषण गर्मी और तपिश की चपेट में है। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों में राज्य के कई हिस्सों में लू चलने की चेतावनी जारी की है। विशेषकर 20 और 21 अप्रैल को राज्य के 8 जिलों में भीषण लू का प्रकोप देखने को मिल सकता है।

### इन 8 जिलों के लिए चेतावनी

मौसम विज्ञान केंद्र ने जिन जिलों में लू का अलर्ट जारी किया है, उनमें उत्तर-पश्चिमी और दक्षिणी झारखंड के जिले प्रमुख हैं। पलामू संभागः गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार। कोल्हान व अन्यः पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और खूंटी।

### क्यों बढ़ रही है तपिश?

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, वर्तमान में पूर्वी और पश्चिमी दिशा से एक निम्न दबाव का क्षेत्र विकसित हो रहा है। यह सिस्टम पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, मणिपुर और पश्चिम बंगाल के हिमालयी क्षेत्रों से होते हुए सक्रिय हो रहा है। इसके प्रभाव से आने वाले दिनों में झारखंड के मौसम में और भी तल्खी देखने को मिल सकती है।

### डाल्टनगंज रहा सबसे गर्म, गुमला में राहत

पिछले 24 घंटों के आंकड़ों पर गौर करें तो डाल्टनगंज 42.1त्से. के साथ राज्य का सबसे गर्म शहर रहा। वहीं, गुमला में न्यूनतम तापमान 17.7त्से. दर्ज किया गया, जो राज्य में सबसे कम रहा।

## आरटीसी स्कूल, अनगड़ा में शिक्षक अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**अनगडा :** आरटीसी पब्लिक स्कूल,अनगड़ा में दिनांक 18 अप्रैल 2026 को शिक्षक अभिमुखीकरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री नरेंद्र नाथ महतो द्वारा किया गया, जिसका उद्देश्य नए शैक्षणिक सत्र के लिए शैक्षणिक योजना को सुदृढ़ करना, विद्यालय में अनुशासन बनाए रखना तथा प्रभावी शिक्षण विधियों को बढ़ावा देना था।
कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य श्री नरेंद्र नाथ महतो ने शिक्षकों की भूमिका एवं जिम्मेदारियों पर विशेष बल देते हुए कहा कि एक शिक्षक केवल ज्ञान देने वाला नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण का मार्गदर्शक होता है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और समर्पण के माध्यम से ही हम विद्यार्थियों का उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित कर सकते हैं।
उन्होंने आगे समयपालन, विद्यालय के नियमों का पालन तथा कक्षा में नवाचारपूर्ण एवं छात्र-केंद्रित शिक्षण पद्धतियों को अपनाने पर जोर दिया। साथ ही, शिक्षकों को विद्यार्थियों के प्रति संवेदनशील और प्रेरणादायक दृष्टिकोण अपनाने के लिए भी प्रोत्साहित किया।
इस कार्यक्रम में सभी शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई, जिससे यह सत्र ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक रहा। अंत में सभी शिक्षकों ने विद्यालय एवं विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## सरला बिरला में 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में मानवीय होना' विषय पर चर्चा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** शिक्षा केवल विषय-ज्ञान का स्थानांतरणा नहीं है, यह एक आत्मिक प्रक्रिया है। मशीनें ज्ञान दे सकती हैं, पर जिज्ञासा जगाने, चरित्र बनाने और विचारों को दिशा देने का कार्य शित्ताक ही कर सकता है। इसलिए यह मानना कि एआई नया गुरू होगा। यह शिक्षा की मानवीय जटिलताओं पर प्रश्नचिह्न लगाना कहा जा सकता है। उक्त बातें उषा मार्टिन के महाप्रबंधक और चिंतक डॉ मयंक मुरारी ने कहीं। वह आज सरला बिरला विश्वविद्यालय में आयोजित कॉनफरेंस में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में मानवीय होना पर विचार व्यक्त कर रहे थे। डॉ मयंक ने कहा कि स्कूल-कॉलेज भविष्य में डिजिटल अवतार ले सकते हैं, पर वे समाप्त नहीं होंगे। वे केवल भवन नहीं, समूह-जीवन के केंद्र, संस्कार निर्माण के क्षेत्र और सामाजिक आदान-प्रदान की आधारभूमि बने रहेंगे। विद्यालयों और महाविद्यालयों के बड़े परिसर मात्र इस आधार पर अप्रासंगिक नहीं हो जाने वाले हैं कि ज्ञान डिजिटल हो चुका है। किंतु उनके तौर-तरीकों, कार्य-संचालन, शिक्षण प्रदान करने की प्रक्रिया आदि का रूपांतरण होगा। वे अब सिर्फ पाठ्यपुस्तकों और व्याख्यानों के स्थान नहीं रहेंगे बल्कि शिक्षा को और अधिक निजी, प्रयोग व अनुभव-आधारित, इंटरएक्टिव, जीवंत और दिलचस्प बनाने वाले संस्थानों के रूप में विकसित होंगे। उन्होंने कहा कि अभी तक कोई ऐसा प्रमाण नहीं मिला है कि एआई ऐसे मौलिक विचार पैदा कर सकता है जो मानव मस्तिष्क की कल्पना से परे हैं। विवेक एक ऐसा अद्वितीय मानवीय कौशल है, जिसका स्वचालन नहीं किया जा सकता, निकट भविष्य में तो बिल्कुल नहीं।

# नशा मुक्ति पर जागरूकता कार्यक्रम, छात्रों को ड्रग्स से दूर रहने का संदेश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** रांची के छोटानागपुर लॉ कॉलेज में शनिवार को छात्र-छात्राओं के लिए नशा मुक्ति को लेकर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (झालसा) के तत्वावधान में डॉन अभियान के तहत आयोजित हुआ।
कार्यक्रम का आयोजन न्यायामूर्ति सह कार्यपालक अध्यक्ष सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश और सदस्य सचिव कुमारी रंजना अस्थाना तथा न्यायायुक्त सह अध्यक्ष अनिल कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में किया गया।
कार्यक्रम के दौरान डिप्टी एलएडीसी राजेश कुमार सिन्हा ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 47 की जानकारी देते हुए कहा कि नशीले पदार्थों जैसे अफीम या पोस्ता के उत्पादन अथवा कब्जे पर एनडीपीएस अधिनियम 1985 के तहत कड़ी सजा का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि मात्रा के आधार पर दोषी को 20 साल तक का कठोर कारावास और दो लाख रुपये तक का जुमार्ना हो सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ साइकियाट्री और रिनपास में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के लीगल एड क्लिनिक संचालित हैं, जहां नशे के आदी लोगों का इलाज और परामर्श किया जाता है। साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के टोल-फ्री नंबर 15100 की जानकारी भी साझा की।
कार्यक्रम में लाइफ सेवर्स एनजीओ के प्रमुख अतुल गेरा ने कहा कि नशा देश को भीतर से कमजोर कर रहा है और युवाओं को इसका सबसे ज्यादा नुकसान हो रहा है। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार के लालच में आकर ड्रग्स के जाल में न फंसें। उन्होंने चेतावनी दी कि नशा व्यक्ति के तन, मन और धन तीनों को नुकसान पहुंचाता है और अंततः अपराध की ओर ले जाता है।
वहीं नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अधिकारी संजीत कुमार ने कहा कि झारखंड में नशे की समस्या से निपटने में एनसीबी की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने बताया कि गृह मंत्रालय द्वारा हाल ही में मानस हेल्पलाइन (टोल-फ्री नंबर 1933) जारी की गई है, जिस पर मादक पदार्थों के सेवन या तस्करी से जुड़ी जानकारी दी जा सकती है।
इसके अलावा सीआईडी के रिजवान अंसारी ने मादक पदार्थों की तस्करी के तरीकों और इसमें युवाओं के इस्तेमाल पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को सतर्क रहने की सलाह दी।
कार्यक्रम में सहायक एलएडीसी पंकज कुमार शर्मा, एनसीबी के शारिक उमर, असिस्टेंट डायरेक्टर गौरव सिंह सहित अन्य अधिकारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं और पीएलवी सदस्य भी उपस्थित रहे।
कार्यक्रम के अंत में वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि नशा मुक्ति के लिए समाज के हर वर्ग को मिलकर जागरूकता फैलानी होगी, तभी एक स्वस्थ और सुरक्षित समाज का निर्माण संभव है।

## संक्षिप्त खबरें

### 196 वां श्री श्याम भंडारा का हुआ आयोजन




रांची : श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज 196 वा श्री श्याम भंडारा का भव्य आयोजन किया गया। कन्हैया सिंह निवेदिता शहदेव एवं परिवार ने संयुक्त रूप से बाबा श्री श्याम को फल तरबूज का भोग लगाया। श्री श्याम मंदिर परिसर भक्तों से भर गया एवं हरमू रोड में भक्तजनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई। खाटूनरेश की जय जयकारों से पूरा हरमू रोड गूंज रहा था। प्रथम देव श्री गणेश जी महाराज की जय जयकारों के बीच फल तरबूज प्रसाद वितरण प्रारंभ किया गया। ज्ञातव्य है कि अमेरिका इजरायल ईरान के युद्ध के कारण पेट्रोल डीजल एवं एलपीजी गैस के वैश्विक संकट को देखते हुए हर शनिवार के भोजन भंडारे को स्थगित कर फल शरबत इत्यादि के भंडारे की व्यवस्था मंडल के द्वारा की जा रही। श्री श्याम भंडारे में मंडल के निवर्तमान अध्यक्ष सुरेश सरावगी अध्यक्ष गोपाल मुरारका महामंत्री गौरव अग्रवाल उपाध्यक्ष श्रवण ढांढनिया अशोक लड़ियां कोषाध्यक्ष मनोज खेतान मण्डल के वरिष्ठ सदस्य एवं पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू कल्पना मारू कार्यकारणी सदस्य श्यामसुंदर शर्मा अन्नपूर्णा सरावगी अमित सरावगी आशीष डालमिया अनुज मोदी मदन बगड़िया कमलेश सावा वेद भूषण जैन राहुल मारू अंकित कुमार कृष्णा कुमार संकेत चौधरी मनोज खेतावत उपेन्द्र पांडे सहित 50 से ज्यादा कार्यकताओं ने सहयोग दिया। उपरोक्त सभी जानकारी मंडल के महामंत्री गौरव अग्रवाल ने दी।

### परिसीमन विधेयक को पारित कराना था सरकार की प्राथमिकता : कांग्रेस

**रांची :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस ने कहा है कि वर्ष 2023 में पारित महिला आरक्षण विधेयक को लागू करने की बजाय उसमें संशोधन के नाम पर परिसीमन विधेयक को पारित कराना केंद्र सरकार की प्राथमिकता सूची में था। केंद्र सरकार की मंशा महिलाओं को प्रतिनिधित्व देना नहीं चाहती है। यदि सरकार की मंशा साफ होती तो वर्तमान 543 सीटों पर ही 2024 के चुनाव में 33 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित कर सकती थी जिससे लोकसभा में महिला सांसदों की संख्या 180 हो जाती, लेकिन भाजपा की नियत में खोट है। 2023 के विधेयक में पहले जनगणना फिर परिसीमन और महिला आरक्षण 2029 में लागू करने का विधेयक सरकार की ओर से लाया गया जिसे कांग्रेस सहित विपक्ष ने पूरी तरह से समर्थन दिया था। यह बातें प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता सोनाल शांति ने शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा। उन्होंने कहा कि आखिर क्या कारण है कि हड़बड़ी में पुनः बिल लाया गया। इस पर राज्य के नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी को जवाब देना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी लाख चाहें लेकिन महिलाएं भाजपा के झांसे में नहीं आयेंगी। 131 वें संविधान संशोधन विधेयक का पारित न होना लोकतंत्र की बड़ी जीत है। भारत के संघीय ढांचे को बदलने और लोकतंत्र को कमजोर करने की सरकार की साजिश नाकाम हो गयी।

### महिला आरक्षण विधेयक का विरोध करने वाले राजनीतिक दल इतिहास बन कर रह जायेंगे : जदयू

**रांची :** जनता दल यूनाईटेड(जदयू) के प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार ने 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' विधेयक के विरोध में कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके एवं सपा के मतदान की निंदा करते हुए इसे बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि लोकतंत्र एवं संसदीय इतिहास में यह काले अध्याय के तौर पर सामने आया है। उन्होंने कहा कि विधेयक को पारित कराने के लिए तीन दिवसीय विशेष सत्र आहूत कि गई एवं सभी राजनीतिक दलों से दलीय भावना से ऊपर उठ इसका समर्थन का आग्रह किया गया। सदन में बीस घण्टे से अधिक चर्चा के बावजूद विपक्ष ने विधेयक गिराने का काम किया। यह उनके महिला विरोधी मानसिकता का प्रतिबिंब है। विपक्ष ने देश की आधी आबादी के विकास,उन्नयन एवं सशक्तिकरण में बाधा पहुँचाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा की बिहार में नीतीश कुमार की सरकार ने महिलाओं को स्थानीय निकाय,पंचायती राज में पचास प्रतिशत आरक्षण देने का काम किया। साथ ही बिहार पुलिस एवं बिहार सरकार अंतर्गत नौकरियों में 35प्रतिशत आरक्षण दिया तब लालू प्रसाद ने इसे गैर जरूरी बताया और इसका खामियाजा वह स्वयं एवं उनकी पार्टी आज तक भुगत रही है,ठीक उसी तरह विधेयक का विरोध करने वाले राजनीतिक दल अपने राज्यों और देश में एक इतिहास बनकर रह जायेंगे। देश की सत्तर करोड़ महिलाएं आगामी चुनावों में इन दलों को मुंह दिखाने लायक नहीं छोड़ेगी। परिसीमन पर कुमार ने कहा कि देश में आजादी के बाद अब तक पांच बार परिसीमन हुआ है, परिवार नियोजन को बढ़ावा देने एवं राज्यों के बीच संतुलन स्थापित करने के लिए 2001 में संविधान संशोधन कर 2026 तक सीटों की संख्या फ्रीज की गई थी, अब जब समय सीमा खत्म हो चुकी है तो पुनः परिसीमन होना है। विपक्ष के लोग दक्षिण राज्यों के प्रतिनिधित्व कम होने और अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लिए आरक्षण घटने का भ्रम फैला रहे, जबकि एनडीए की सरकार सभी राज्यों में पचास फीसदी सीट बढ़ाकर व्यक्ति के प्रतिनिधित्व के अधिकार को सुरक्षित करना चाहती है, साथ ही क्षेत्रीय संतुलन भी बेहतर बनाने जा रही है। आश्चर्य है कि विपक्ष सीट बढ़ने से पूर्व ही स्वयं को पराजित समझ चुका है।

### रांची में तीन दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव सह स्वदेशी मेला का आयोजन

**रांची :** रांची के नागरिक एक से तीन मई तक आयोजित होने वाले तीन दिवसीय सांस्कृतिक और स्वदेशी महोत्सव का आनंद ले सकेंगे। इस दौरान स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थी और कलाकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। आयोजन की तैयारियां रांची के सांसद एवं रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के मार्गदर्शन में तेजी से की जा रही हैं। रांची लोकसभा क्षेत्र में कला, संस्कृति और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सांसद सांस्कृतिक महोत्सव सह स्वदेशी मेला 2026 का आयोजन 1, 2 एवं 3 मई 2026 को ऑड्रे हाउस में किया जाएगा। यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ह्यवोकल फॉर लोकलह्न और आत्मनिर्भर भारत के विजन से प्रेरित बताया गया है। यह पहला अवसर होगा जब स्वदेशी उत्पादक और कला से जुड़े लोग एक ही मंच पर एक साथ नजर आएंगे। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोक कला और संस्कृति के संरक्षण के साथ-साथ स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहन देना है, ताकि स्वदेशी अपनाएं, विकसित भारत बनाएं के संकल्प को साकार किया जा सके। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे परिवार सहित इस महोत्सव में शामिल होकर स्थानीय कलाकारों और उद्यमियों का उत्साह बढ़ाएं। महोत्सव प्रतिदिन सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक चलेगा, जिसमें रांची लोकसभा क्षेत्र के कलाकार, शिल्पकार और उद्यमी भाग लेंगे। इसके लिए प्रतिभागियों के आवेदन फॉर्म भी जारी किए जा चुके हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत कई सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें समूह लोक नृत्य, शास्त्रीय नृत्य, जनजातीय नृत्य, सामूहिक गायन, लघु नाटिका (स्किट) और बैंड/फ्यूजन संगीत शामिल हैं।

# जीएस पब्लिक स्कूल के सीबीएसई बोर्ड परीक्षा के टॉपर को प्रोत्साहन राशि देकर किया गया सम्मानित

▶ सीबीएसई 10वीं बोर्ड में 95% अंक लाकर सौम्या राज बने स्कूल टॉपर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** जी.एस. पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए मेधावी छात्र सौम्या राज को विद्यालय के भरी सभा में सम्मानित किया गया। उनके अनुपस्थिति में पुरस्कार तथा प्रोत्साहन राशि का चेक उनके पिता राजेश कुमार वर्णवाल को देकर सम्मानित किया गया। 95% अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र सौम्या राज के पिता को 5000 का नगद राशि पुरस्कार भेंट किया। स्कूल के डायरेक्टर, अध्यक्ष




तथा प्रिंसिपल ने संयुक्त रूप से या चेक प्रदान करते हुए कहा कि यह पुरस्कार केवल एक राशि नहीं बल्कि छात्र के कठिन परिश्रम और शिक्षकों के सही मार्गदर्शन का सम्मान है इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन ने सभी छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि अनुशासन और लगन सही शिखर तक पहुंचा जा सकता है। यह उपलब्धि में पूरे जी. एस. परिवार के लिए एक गौरवशाली क्षण है जो शिक्षा कर प्रति संस्था के अटूट संकल्प को दशार्ती है। यह पुरस्कार स्कूल द्वारा घोषित कुछ योजना का हिस्सा है जिसके तहत दसवीं बोर्ड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को नकद पुरस्कार देने का वादा किया गया था। विद्यालय के डायरेक्टर नितेश कुमार ने कहा कि सौम्या राज किया उपलब्धि न केवल उनके परिवार पर की पूरे जी.एस. पब्लिक स्कूल के लिए एक बड़ी जीत है या इस बात का प्रमाण है की कड़ी मेहनत लगन और सही मार्गदर्शन से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। हम आशा करते हैं कि सौम्या की यह सफलता अन्य छात्र-छात्राओं के लिए एक प्रेरणा बनेगी और उन्हें ओर अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित करेगी। विद्यालय के अध्यक्ष ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि हमें गर्व है कि हमारे स्कूल के छात्र-छात्राएं शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। सौम्या राज की सफलता उनके शिक्षकों और माता-पिता की अथक प्रयासों का परिणाम है। हम सभी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करते हैं कि वे अपने सपनों को पूरा करने के लिए मेहनत करें जिसके लि ए स्कूल हमेशा उनके साथ है।

विद्यालय के प्राचार्या ने शिक्षकों तथा छात्र-छात्राओं की कड़ी मेहनत की प्रशंसा की और कहा, यह जीत हम सभी की जीत है। हमारे शिक्षकों ने छात्रों को सर्वोत्तम शिक्षा तथा मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए कड़ी मेहनत की है। सौम्या राज की सफलता इस बात का प्रमाण है कि हमारे प्रयास रंग ला रहे हैं। सौम्या राज के पिता राजेश कुमार वर्णवाल ने पुरस्कार प्राप्त करते हुए कहा कि यह मेरे लिए एक बहुत गर्व का क्षण है, सौम्या ने हमेशा से ही पढ़ाई में गहरी रुचि दिखाई है तथा उसकी कड़ी मेहनत ने आज यह सर्वोच्च परिणाम दिया है।

## एक नजर

### मंजुला शर्मा मेमोरियल एकेडमी में प्रतिभा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**कोडरमा :** शिक्षण संस्थान मंजुला शर्मा मेमोरियल एकेडमी के प्रांगण में कक्षा दशम के सीबीएसई बोर्ड में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के मेधावी छात्रों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं विद्यालय के चेयरमैन प्रो. डॉ. के. पी. शर्मा ने विद्यार्थियों को मेडल एवं ज्ञानोपयोगी पुस्तकें भेंट कर सम्मानित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि यह विद्यालय क्षेत्रवासियों के लिए एक वरदान साबित हो रहा है। यहाँ से शिक्षित होकर विद्यार्थी देश के विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं, जो विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। विद्यालय के प्रशासक राम प्रवेश पाण्डेय ने विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और लगन की सराहना करते हुए कहा कि इस संस्थान के छात्र बड़े-बड़े प्रतिष्ठित विद्यालयों के समकक्ष उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों से कक्षा 11 में पुनः नामांकन कराने का आग्रह करते हुए उनके एवं उनके अभिभावकों के सपनों को साकार करने की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के प्रबंधक रजनीश कुमार ने अपने संदेश में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए निरंतर परिश्रम करने का प्रेरणादायक संदेश दिया। सम्मानित विद्यार्थियों में विद्यालय टॉपर जीशू, द्वितीय स्थान पर शालिनी कुमारी, तृतीय स्थान पर सोनाली कुमारी, चतुर्थ स्थान पर गुडिया एवं पंचम स्थान पर अनुष्का एंजेल शामिल रहीं। सभी विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यालय के प्रति आभार व्यक्त किया। विशेष रूप से विद्यालय टॉपर जीशू ने प्राचार्य ,प्रशासक एवं शिक्षकों को स्मरण करते हुए भावुक होकर विद्यालय द्वारा दिए गए सहयोग की सराहना की।

### राजकीय पॉलिटेक्निक में एनसीसी कैडेट्स का गहन प्रशिक्षण एवं शैक्षणिक भ्रमण



**कोडरमा :** बागीताड़ स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक, कोडरमा के प्रांगण में ग्रुप हेडक्वार्टर हजारीबाग एनसीसी के अंतर्गत 45 झारखंड बटालियन एनसीसी द्वारा आयोजित 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के चौथे दिन की गतिविधियां उत्साह और ऊर्जा से भरपूर रहीं। यह शिविर कमांडिंग ऑफिसर कर्नल विजय कुमार के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। दिन की शुरूआत प्रातःकालीन वार्म-अप, दौड़, स्ट्रेचिंग एवं ड्रिल से की गई। इस दौरान कमांडिंग ऑफिसर ने कैडेट्स के अनुशासन, समर्पण और उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। शिविर में जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों से आए लगभग 600 एनसीसी कैडेट्स सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण सत्रों के अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक, कोडरमा के शाखा प्रबंधक सतीश कुमार एवं अधिकारी महेंद्र कुमार द्वारा कैडेट्स को साइबर सुरक्षा एवं साइबर फ्रॉड से बचाव के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर बटालियन के सूबेदार मेजर जी.के. चौधरी एवं ट्रेनिंग जेसीओ बलविंदर सिंह द्वारा अतिथियों को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात सूबेदार एवं इंस्ट्रक्टर द्वारा कैडेट्स को हथियार प्रशिक्षण, मैप रीडिंग, टेंट पिचिंग, फील्ड क्राफ्ट, बैटल क्राफ्ट एवं फायरिंग का गहन अभ्यास कराया जा रहा है।

## मरकच्चो में आपदा जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मरकच्चो :** 9B बटालियन NDRF के तत्वावधान में मरकच्चो के प्रखण्ड मुख्यालय स्थित सभागार में शनिवार को आपदा जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन अंचलाधिकारी मरकच्चो परमेश्वर कुशवाहा की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय लोगों को विभिन्न प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं से निपटने के लिए तैयार करना तथा जान माल की क्षति को कम करना है। कार्यक्रम के दौरान एन डी आर एफ की टीम द्वारा बाढ़, भूकंप, आगजनी जैसी आपदाओं के समय अपनाए जाने वाले बचाव उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों की अच्छी उपस्थिति देखी गई। एन डीआर एफ के




अधिकारियों ने बताया कि आपदा के समय घबराने के बजाय सतर्कता एवं सही जानकारी ही सबसे बड़ा बचाव है। कार्यक्रम के अंत में लोगों से अपील की गई की आपदा से संबंधित जागरूकता को अपने परिवार एवं अपने आसपास के लोगों तक पहुंचाएं, ताकि किसी भी आपात स्थिति में सामुहिक रूप से प्रभावी कदम उठाए जा सके। मौके पर प्रखंड कर्मी, अंचलकर्मी, जनप्रतिनिधि व कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## डीएवी पब्लिक स्कूल में महात्मा हंसराज जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** डीएवी पब्लिक स्कूल, गुमो सतपुलिया, झुमरी तिलैया में महात्मा हंसराज जी की जयंती बड़े ही उत्साह एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कार्यक्रम की शुरूआत महात्मा हंसराज जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई, जहां विद्यालय की शिक्षिक इंचार्ज श्रीमती श्वेता सिंह, सभी शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में कक्षा तीसरी से पांचवी के छात्र छात्राओं ने शानवी गुप्ता ,आयत श्री ,आद्या सिंह, प्रियल भारती ,नैतिक कुमार, अरशद खान ,मुकित अली हक एवं अन्य बच्चों ने महात्मा हंसराज जी के जीवन



एवं विचारों को सुंदर चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया। कक्षा तीसरी से पांचवी के छात्रों अंकुश कुमार, मानस राज, भावेश राघव , आध्या सिंह, प्रकृति सोनी, शिवानी कुमारी, शिक्षा रानी, अनुप्रिया कुमारी, आदर्श चौधरी एवं शिवांशु कुमार ने प्रभावशाली भाषण देकर उनके आदर्शों पर प्रकाश डाला। इसके अतिरिक्त, छात्रों के ज्ञानवर्धन हेतु प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और उत्साहपूर्वक अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय की इंचार्ज श्वेता सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि महात्मा हंसराज जी के आदर्शों एवं मूल्यों को अपने जीवन में अपनाना प्रत्येक छात्र के लिए आवश्यक है। विद्यालय के मैनेजर श्री कृष्ण कुमार सिंह ने महात्मा हंसराज जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका संपूर्ण जीवन सादगी, त्याग, अनुशासन और शिक्षा के प्रति समर्पण का अनुपम उदाहरण है।

## बालक-बालिका वर्ग की क्रॉस फिटनेस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** राधा गोविंद विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित बालक एवं बालिका वर्ग की क्रॉस फिटनेस प्रतियोगिता उत्साह, ऊर्जा और खेल भावना के शानदार माहौल में संपन्न हुई। विश्वविद्यालय परिसर स्थित खेल मैदान में आयोजित इस प्रतियोगिता ने प्रतिभागियों के जोश और समर्पण को नई पहचान दी। कार्यक्रम का संचालन सुभाष चंद्र बोस हाउस के तत्वावधान में किया गया।

**खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम, मैदान में गूंजा उत्साह**

प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न हाउसों के खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। कठिन फिटनेस चुनौतियों के बीच प्रतिभागियों ने अपनी ताकत, संतुलन, सहनशक्ति और फुर्ती का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान मैदान तालियों और उत्साहवर्धन से गूंजता रहा। खिलाड़ियों की ऊर्जा और प्रतिस्पर्धी भावना ने आयोजन



को यादगार बना दिया।

**बालक और बालिका वर्ग में विजेताओं ने मारी बाजी**

प्रतियोगिता के परिणाम घोषित होने पर बालक वर्ग में सुभाष चंद्र बोस हाउस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं बालिका वर्ग में रानी लक्ष्मीबाई हाउस ने उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय देते हुए विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। विजेताओं की सफलता पर पूरे परिसर में खुशी का माहौल देखने को मिला।

**खेल अनुशासन और धैर्य का सबसे बड़ा माध्यम**

विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी.एन. साह ने प्रतियोगिता की सफलता पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करते हैं। सचिव प्रियंका कुमारी ने कहा कि खेल केवल शारीरिक मजबूती ही नहीं देते, बल्कि अनुशासन, टीमवर्क और धैर्य का भी सबसे बड़ा पाठ पढ़ाते हैं।

**प्रशासनिक पदाधिकारियों ने बढ़ाया खिलाड़ियों का मनोबल**

कार्यक्रम के दौरान कुलपति प्रो. रश्मि, कुलसचिव प्रो. निर्मल कुमार, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो. अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## जिले के 15वें उपायुक्त के रूप में ऋतुराज ने किया पदभार ग्रहण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले के 15वें उपायुक्त के रूप में शनिवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा के ऋतुराज ने पदभार ग्रहण किया। इस दौरान निवर्तमान उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज ने उन्हें अपना प्रभार सौंपा। पदभार ग्रहण के उपरांत मीडिया प्रतिनिधियों से बातचीत करते हुए उपायुक्त ऋतुराज ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनका मुख्य उद्देश्य होगा। साथ ही स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में जिले का समग्र विकास करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल होगा। उन्होंने यह भी कहा कि निवर्तमान उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज द्वारा अपने कार्यकाल में किए गए पहल पर जिला प्रशासन द्वारा निरंतर कार्य जारी रखा जाएगा।

## नारी शक्ति को निर्णायक भूमिका देने का संकल्प रामगढ़ में चला जोरदार हस्ताक्षर अभियान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** भारतीय जनता युवा मोर्चा के तत्वावधान में शुक्रवार को रामगढ़ के सुभाष चौक पर नारी शक्ति वंदन के समर्थन में भव्य हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की राजनीतिक, सामाजिक और निर्णयात्मक भागीदारी को मजबूत करने का संदेश देना था। अभियान का नेतृत्व युवा मोर्चा सदस्य विक्रांत गुप्ता ने किया।

**महिलाओं की भागीदारी पर दिया गया जोर**

कार्यक्रम का मुख्य संदेश था- पंचायत से संसद तक, हर निर्णय में नारी की भागीदारी की तैयारी।



इस संकल्प के साथ अभियान में बड़ी संख्या में महिलाओं और पुरुषों ने हिस्सा लिया। लोगों ने हस्ताक्षर कर महिलाओं को हर स्तर पर बराबरी का अवसर देने ी मांग का समर्थन किया।

**सुभाष चौक बना जनसमर्थन का केंद्र**

रामगढ़ के प्रमुख स्थल सुभाष चौक पर आयोजित इस कार्यक्रम में शहर और आसपास के विभिन्न क्षेत्रों से लोग पहुंचे। अभियान के दौरान महिलाओं की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। उपस्थित लोगों ने कहा कि देश के विकास में महिलाओं की सक्रिय भूमिका समय की आवश्यकता है।

**मुख्य अतिथियों ने रखा विचार**

कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे, जबकि भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव कुमार बबला विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। दोनों नेताओं ने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल नारा नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का मजबूत आधार है। महिलाओं को पंचायत से संसद तक नेतृत्व का अवसर मिलना चाहिए।

**कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी**

अभियान को सफल बनाने में भाजपा और युवा मोर्चा के कार्यकताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम की व्यवस्था, जनसंपर्क और हस्ताक्षर अभियान को गति देने में कार्यकताओं का उत्साह देखने लायक था।

**कई पदाधिकारी रहे मौजूद**

इस अवसर पर जिला महामंत्री राजू चतुवेर्दी, जिला महामंत्री जागेश्वर प्रजापति, शिवकुमार महतो, जिला मंत्री रीति श्रीवास्तव, महिला मोर्चा अध्यक्ष शीतल सिंह, रामगढ़ मंडल अध्यक्ष सुशांत पांडे, विजय जायसवाल, अनमोल सिंह, सौरभ जायसवाल, आकाश गुप्ता, अमित ठाकुर, गौतम महतो, संतोष कुशवाहा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### जिला में 16वें एसपी के रूप में मुकेश कुमार लुनायत ने किया पदभार ग्रहण



**रामगढ़ :** रामगढ़ जिला में 16वें पुलिस अधीक्षक के रूप में मुकेश कुमार लुनायत ने पदभार ग्रहण किये। इस दौरान निवर्तमान पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने बुके देकर स्वागत किया। वही जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। पदभार ग्रहण करने के बाद मीडिया से बातचीत के दौरान एसपी मुकेश कुमार लुनायत ने जनता से मिलकर पुलिस पब्लिक रिलेशन को मजबूत करूंगा। साथ ही आम जनता के बीच पुलिस की छवि को बेहतर बनाते हुए काम होगा। जिला में कानून व्यवस्था मजबूत होगी। पुराने और लंबित कांडों का शीघ्र निष्पादन किय्या जाएगा। वैसे अपराधी जो क्षेत्र में घटना को अंजाम देते है उनसे पुलिस बखूबी निपटेगी। साथ ही जिला में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए काम करने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि जिला में अपराधियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस काम करेगी। अपराधियो के मंसूबे कों कभी कामयाब नही होने दिया जाएगा। जिला में विकास कार्यो में लगे कंपनियों को हर मुमकिन सुविधा दी जाएगी।

### गौरव गोस्वामी बने रांची ग्रामीण पुलिस अधीक्षक, सम्मान के साथ दी गई विदाई



**पतरातु :** झारखंड सरकार के गृह विभाग ने एएसपी सह पतरातू एसडीपीओ गौरव गोस्वामी को पदोन्नति देते हुए रांची ग्रामीण का पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया है। नई जिम्मेदारी मिलने के बाद उन्होंने पदभार भी ग्रहण कर लिया। इस उपलब्धि से पुलिस महकमे के साथ-साथ पतरातू क्षेत्र में भी खुशी का माहौल है। सम्मान और गर्व के साथ हुआ विदाई समारोह स्थानांतरण के बाद पतरातू एसडीपीओ कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जहां अधिकारियों और कर्मियों ने गौरव गोस्वामी को भावभीनी विदाई दी। समारोह में उनके कार्यकाल को याद करते हुए सहयोगियों ने उन्हें एक कुशल, संवेदनशील और अनुशासित अधिकारी बताया।कार्यक्रम के दौरान उन्हें बुके और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह का माहौल भावुक भी रहा और प्रेरणादायक भी, क्योंकि उनके नेतृत्व में क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण प्रशासनिक और कानून व्यवस्था से जुड़े कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुए। कार्यकाल की सराहना, नेतृत्व को मिला सम्मान पुलिस पदाधिकारियों ने कहा कि गौरव गोस्वामी ने अपने कार्यकाल में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने, अपराध नियंत्रण और जनता से बेहतर संवाद स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई। उनकी कार्यशैली हमेशा सक्रिय, निष्पक्ष और परिणामोन्मुख रही।अधिकारियों ने माना कि उन्होंने पतरातू पुलिस अनुमंडल में टीम भावना को बढ़ावा दिया और सभी थाना क्षेत्रों के साथ समन्वय स्थापित कर बेहतर पुलिसिंग का उदाहरण पेश किया। नई जिम्मेदारी पर शुभकामनाओं की बौछार विदाई समारोह में मौजूद अधिकारियों ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं और विश्वास जताया कि रांची ग्रामीण के पुलिस अधीक्षक के रूप में भी वे अपनी दक्षता और नेतृत्व क्षमता से नई मिसाल कायम करेंगे।सहकर्मियों ने कहा कि उनकी पदोन्नति पूरे विभाग के लिए गर्व का विषय है और यह उनकी मेहनत, ईमानदारी तथा उत्कृष्ट सेवा का परिणाम है।

### झुमरी तिलैया में उमड़ा आस्था का सैलाब, श्री श्याम सेवा परिवार ने बाबा श्याम का किया स्वागत



**झुमरी तिलैया :** 'हारे के सहारे' बाबा श्याम के जयकारों से झुमरी तिलैया की गलियां गूंजने लगी जब श्री श्याम सेवा परिवार द्वारा शनिवार की सुबह एक विशाल और भव्य निशान यात्रा का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान को लेकर मंडल के लोगों के साथ साथ अन्य धार्मिक मंडलों ने भी इस आयोजन में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। निशान यात्रा में शहर की सैकड़ों महिलाओं ने श्याम बाबा का निशान उठाया और नाचते गाते झूमते बाबा के स्वागत में स्टेशन काली मंदिर से पंचमुखी हनुमान मंदिर बायपास तक गईं। यात्रा के समापन के बाद पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। भजनों से भक्तिमय हुआ माहौलः खाटू जाकर बोलो भक्तों क्या मैं ले आया मैं बाबा ले आया मैं बाबा ले आया, बाबा कृपा लूटने लगा है सबको खाटू बुलाने लगा है अन्य गानों पे
संस्था के अध्यक्ष नितेश सहवादी ,सचिव विक्की मोदी और बबलू सिंह कोषाध्यक्ष आशीष कुमार मोदी व अन्य पदाधिकारीयों ने श्री श्याम सेवा परिवार का पहला भव्य शोभा यात्रा और बाबा के स्वागत में सैकड़ों की संख्या में नगर वासियों के साथ झूमते नजर आए । मंडल के पदाधिकारियों ने श्याम बाबा के स्वागत में अपनी सहभागिता निभाने वाले सभी श्याम भक्तों को तहे दिल से धन्यवाद दिया और बताया कि जल्द श्री श्याम सेवा परिवार का पहला मासिक कीर्तन आयोजन किया जाएगा।

### बदहाल बिजली व्यवस्था को लेकर जनआक्रोश, विभाग को सौंपा मांग पत्र

**झुमरी तिलैया :** शहर की बदहाल बिजली व्यवस्था और जर्जर तारों की समस्या को लेकर जन-आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इसी क्रम में झुमरी तिलैया नगर परिषद के उपाध्यक्ष मनोहर राम उर्फ बाबू राम के नेतृत्व में विभिन्न वार्डों के पार्षद प्रतिनिधियों ने विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता से मुलाकात की और एक मांग पत्र सौंपाप्रतिनिधिमंडल ने शहर की चरमराई बिजली व्यवस्था को सुधारने के लिए निम्नलिखित मांगें प्रमुखता से रखी हैं। जर्जर तारों का बदलावः शहर के विभिन्न वार्डों में लटके और जर्जर तारों को हटाकर अविलंब केबलिंग की व्यवस्था की जाए। 25 मेगावाट की सुनिश्चित आपूर्तिः झुमरी तिलैया शहर को कोडरमा थर्मल पावर प्लांट से निर्बाध 25 मेगावाट बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि कटौती से राहत मिले। नियमित बिजली आपूर्ति : वर्तमान में हो रही अनियंत्रित बिजली कटौती पर रोक लगाई जाए और उपभोक्ताओं को शेड्यूल के अनुसार बिजली दी जाए। जनता में बढ़ता आक्रोश ज्ञापन सौंपते हुए उपाध्यक्ष मनोहर राम ने कहा कि पूरे तिलैया शहर में बिजली की स्थिति पूरी तरह से चरमरा गई है। जर्जर तारों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं और लो-वोल्टेज की समस्या बनी रहती है।

## एक नजर

### नए पुलिस कप्तान का आगमन, पुलिस अधिकारियों ने किया भव्य स्वागत



**बोकारो** : बोकारो के नए पुलिस अधीक्षक के कार्यालय परिसर में जोरदार स्वागत किया गया। जहां पुलिस के अधिकारियों ने उपस्थित होकर नए पुलिस अधीक्षक को गार्ड ऑफ ऑनर दिलवाया, इसके बाद उन्हें पुष्प गुच्छ देकर के स्वागत किया गया। इसके बाद नए पुलिस कप्तान नाथू सिंह मीणा अपने कार्यालय पहुंचे तथा कार्यालय का निरीक्षण भी किया। हालांकि योगदान देने की प्रक्रिया भी शुरू होगी।

### नए एसपी ने संभाला पदभार, डीसी से की शिष्टाचार मुलाकात



**बोकारो**: जिले के नवपदस्थापित पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीणा ने पदभार ग्रहण करने के बाद शनिवार को उपायुक्त अजय नाथ झा से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान दोनों अधिकारियों के बीच जिले की विधि-व्यवस्था, विकास कार्यों और प्रशासनिक समन्वय से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। उपायुक्त अजय नाथ झा ने नए पुलिस अधीक्षक का स्वागत करते हुए उन्हें सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने और जनहित के कार्यों में आपसी समन्वय को मजबूत करने पर जोर दिया। बैठक के दौरान जिले में चल रहे प्रमुख विकास कार्यक्रमों, संवेदनशील क्षेत्रों की स्थिति तथा आगामी त्योहारों को लेकर सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों पर भी विचार-विमर्श किया गया। दोनों अधिकारियों ने बेहतर प्रशासनिक तालमेल के साथ जिले को और अधिक सुरक्षित एवं विकसित बनाने की प्रतिबद्धता जताई।

### प्रिया की पुकार पर जागा प्रशासन, डीसी और एसडीओ की संवेदनशीलता से संवरा बच्ची का भविष्य

**बोकारो**: कहते हैं कि जब प्रशासन संवेदनशील हो, तो व्यवस्था की जटिलताओं के बीच भी मानवीयता की जीत होती है। बोकारो जिले में ऐसा ही एक प्रेरणादायक मामला सामने आया है, जहाँ एक बच्ची की गुहार पर जिला प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसके भविष्य को नई दिशा दी। एसडीओ ने छात्रा प्रिया से सीधे संवाद कर उसकी शैक्षणिक स्थिति की जानकारी ली और यह सुनिश्चित किया कि उसकी पढ़ाई में किसी प्रकार की बाधा न आए। प्रशासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि प्रिया के लिए संत रविदास पब्लिक स्कूल में विशेष परीक्षा आयोजित की जाएगी।

# बीएसएल प्रबंधन और श्रमिक संगठनों के बीच संयुक्त संवाद बैठक, उत्पादन व परियोजनाओं पर हुई चर्चा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : शनिवार को बोकारो निवास में बीएसएल शीर्ष प्रबंधन एवं संयंत्र के विभिन्न श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों के बीच एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में संयंत्र की वर्तमान प्रगति और आगामी परियोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ अधिशासी निदेशक सुश्री राजश्री बनर्जी द्वारा स्वागत संबोधन से किया गया, जिसमें उन्होंने संयंत्र के लक्ष्यों की प्राप्ति में श्रमिकों के सामूहिक योगदान की सराहना की। इसके पश्चात निदेशक प्रभारी प्रिय रंजन ने अपने संबोधन में गत वर्ष की उपलब्धियों, आगामी लक्ष्यों और आने वाली परियोजनाओं की जानकारी साझा करते हुए इस्पात उद्योग की वर्तमान चुनौतियों तथा



बोकारो इस्पात संयंत्र की भावी योजनाओं पर प्रकाश डाला। बैठक के दौरान पीपीसी, प्रोजेक्ट्स एवं मानव संसाधन विभाग के प्रतिनिधियों द्वारा एक विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया, जिसमें संयंत्र के परिचालन प्रदर्शन और विकासात्मक परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति साझा की गई। बैठक में बोकारो स्टील वर्कर्स यूनियन, बोकारो इस्पात कामगार यूनियन, इस्पात मजदूर मोर्चा, क्रांतिकारी इस्पात मजदूर संघ , बोकारो स्टील राष्ट्रीय मजदूर संघ, क्रांतिकारी इस्पात मजदूर संघ तथा जय झारखंड मजदूर समाज के पदाधिकारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और अपने बहुमूल्य सुझाव साझा किए। बैठक में उपस्थित वरीय अधिकारीयों ने श्रमिक प्रतिनिधियों के साथ विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा की। निदेशक प्रभारी प्रिय रंजन ने बैठक के दौरान विशेष रूप से इस बात पर बल दिया कि संयंत्र की प्रगति में श्रमिकों की सक्रिय सहभागिता अहम है। उन्होंने रेखांकित किया कि निरंतर आपसी संवाद और समन्वय के माध्यम से ही बोकारो इस्पात संयंत्र में एक सुरक्षित, समृद्ध एवं उच्च उत्पादक कार्य-संस्कृति को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सकता है। बैठक का संचालन एवं समन्वय महाप्रबंधक प्रभाकर कुमार द्वारा किया गया। अंत में मुख्य महाप्रबंधक अंजनी कुमार शरण ने सभी उपस्थित अतिथियों एवं श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। यह बैठक प्रबंधन और श्रमिक संगठनों के बीच आपसी समन्वय को बढ़ावा देने की दिशा में बोकारो इस्पात संयंत्र की एक महत्वपूर्ण पहल है। नियमित रूप से आयोजित होने वाले ऐसे द्विपक्षीय संवाद न केवल कार्यस्थल पर सकारात्मक वातावरण निर्मित करते हैं, बल्कि संगठनात्मक प्रदर्शन को बेहतर बनाने के साथ-साथ एक सकारात्मक कार्य-संस्कृति को भी सुदृढ़ करते हैं।

## शिक्षा के नाम पर बड़ा सवाल, संत रविदास पब्लिक स्कूल की मान्यता पर उठे गंभीर संदेह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : जिले में शिक्षा व्यवस्था को लेकर एक बड़ा मामला सामने आया है। संत रविदास पब्लिक स्कूल की मान्यता और कक्षा संचालन को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों और अभिभावकों में इस बात को लेकर भ्रम की स्थिति है कि स्कूल वास्तव में किस कक्षा तक वैध रूप से संचालित है। स्कूल परिसर में लगे अलग-अलग सूचना बोर्डों पर विरोधाभासी जानकारी दर्ज है। कहीं स्कूल को नर्सरी से दसवीं कक्षा तक बताया गया है, तो कहीं प्री-नर्सरी से आठवीं कक्षा तक ही मान्यता दर्शाई गई है। इस असमानता ने स्कूल की पारदर्शिता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, कक्षा




9 और 10 के छात्रों को स्कूल में "ट्यूशन" के नाम पर पढ़ाए जाने की बात सामने आ रही है, जिससे यह संदेह गहराता जा रहा है कि क्या इन कक्षाओं के लिए स्कूल के पास वैध मान्यता है भी या नहीं। जब इस मामले में स्कूल प्रबंधन से संपर्क करने की कोशिश की गई, तो कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला। स्कूल प्रिंसिपल ने कैमरे पर प्रतिक्रिया देने से भी इनकार कर दिया, जिससे मामले को लेकर संदेह और बढ़ गया है।

## कथारा कोलियरी में सीबीआई की बड़ा एक्शन 30 हजार रिश्वत लेते कार्मिक प्रबंधक गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की धनबाद टीम ने शुक्रवार को बोकारो के कथारा कोलियरी में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए भ्रष्टाचार के खेल का पदार्फाश किया है। टीम ने कार्मिक प्रबंधक सुभाष चन्द्र पासवान और एचएमकेपी के क्षेत्रीय सचिव शमशुल हक को 30 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। यह पूरी कार्रवाई सुरेश किस्कू नामक व्यक्ति की शिकायत पर की गई। सुरेश के पिता, कारू मांझी, वर्ष 2024 में कथारा कोलियरी से सेवानिवृत्त हुए थे। नियमानुसार रिटायरमेंट के बाद उनके बकाये का भुगतान हो जाना चाहिए था, लेकिन आरोप है कि कार्मिक प्रबंधक सुभाष चन्द्र पासवान ने इस फाइल को क्लियर करने के एवज में रिश्वत की मांग की थी। आर्थिक तंगी से जूझ रहे परिवार के पास जब कोई रास्ता नहीं बचा, तो उन्होंने भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने का फैसला किया और सीबीआई से संपर्क किया। शिकायत की पुष्टि होने के बाद, सीबीआई के एसपी डीएल मीणा के निर्देशन में एक विशेष टीम गठित की गई। डीएसपी प्रियरंजन के नेतृत्व में टीम ने शुक्रवार को कथारा कोलियरी स्थित परियोजना कार्यालय में जाल बिछाया। ट्रैपः जैसे ही सुरेश किस्कू ने तयशुदा 30 हजार रुपये आरोपियों को सौंपे, पास में ही तैनात सीबीआई की टीम ने धावा बोल दिया। अधिकारियों ने कार्मिक प्रबंधक और बिचौलिए की भूमिका निभा रहे शमशुल हक के पास से रिश्वत की पूरी राशि मौके पर ही बरामद कर ली। इस नाटकीय छापेमारी के बाद पूरे सीसीएल क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों को कथारा गेस्ट हाउस ले जाया गया, जहाँ घंटों तक उनसे गहन पूछताछ की गई। सूत्रों का कहना है कि इस भ्रष्टाचार के तार अन्य अधिकारियों या बिचौलियों से भी जुड़े हो सकते हैं। जनता की प्रतिक्रियाः स्थानीय लोगों ने सीबीआई की इस त्वरित कार्रवाई की सराहना की है। लोगों का कहना है कि सेवानिवृत्त कर्मियों के हक के पैसों पर कुंडली मारकर बैठने वाले अधिकारियों के लिए यह एक कड़ा सबक है।

## युवाओं की पहल से बदल रही खेती, बोकारो में आधुनिक कृषि का नया मॉडल तैयार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : बोकारो के युवाओं द्वारा शुरू किया गया "आत्मनिर्भर विकसित गांव" प्रोजेक्ट आज नवाचार और ग्रामीण विकास का एक प्रेरणादायक उदाहरण बनकर उभर रहा है। जून 2025 में शुरू हुई इस पहल का मुख्य उद्देश्य किसानों को आधुनिक तकनीकों से जोड़कर उनकी खेती को उन्नत बनाना और उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करना है। इस प्रोजेक्ट के फाउंडर शुभम कुमार, अनुष्का सिंह, को-फाउंडर अनुभव विश्वकर्मा और पीयूष कुमार मिलकर एग्रो गार्ड सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से गांवों में नई कृषि तकनीकों का प्रसार कर रहे हैं। टीम का लक्ष्य देश के किसानों को आधुनिक खेती के तरीकों से परिचित कराना है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। इस पहल को शैक्षणिक और वैज्ञानिक स्तर पर भी बड़ी उपलब्धियां मिली हैं। टीम ने उइरए रीजनल साइंस एग्जीबिशन में प्रथम



स्थान प्राप्त किया, वहीं नेशनल स्तर पर अक्फ़3 हासिल किया। साथ ही, भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा 10,000 रुपये का पुरस्कार भी प्रदान किया गया। इस मुहिम की सफलता के पीछे युवाओं के विजन के साथ-साथ उनके अभिभावकों का अटूट समर्थन भी शामिल है। अंजनी कुमार सिंह, जो स्वयं एक किसान हैं और शुभम कुमार के पिता हैं, इस प्रोजेक्ट को खेती के भविष्य के लिए क्रांतिकारी मानते हैं। वे सक्रिय रूप से अन्य किसानों को इससे जोड़ रहे हैं। वहीं अजय कुमार, अनुष्का सिंह के पिता, प्रोजेक्ट के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं और इसे अधिक गांवों तक पहुंचाने में जुटे हैं। टीम का स्पष्ट संकल्प हैः "हमारा लक्ष्य केवल तकनीक लाना नहीं, बल्कि देश के हर किसान को इतना सशक्त बनाना है कि वह गर्व के साथ आधुनिक खेती को अपना सके। यह पहल ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम साबित हो रही है।

## बोकारो इस्पात पुस्तकालय में कवि गोष्ठी का हुआ आयोजन




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : बोकारो इस्पात संयंत्र के जनवृत-5 स्थित बोकारो इस्पात पुस्तकालय में एक भव्य कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस साहित्यिक समागम में मुख्य अतिथि के रूप में उप महाप्रबंधक शैलेश मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री मिश्रा ने कहा कि साहित्य समाज का दर्पण होने के साथ-साथ मानव मस्तिष्क को भी समृद्ध करता है। उन्होंने औद्योगिक नगर में साहित्यकारों के लिए पुस्तकालय को एक महत्वपूर्ण मंच बताते हुए युवाओं से अपनी मातृभाषा से जुड़ने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि उप महाप्रबंधक आलोक कुमार ने कहा कि साहित्यकार अपने समय का प्रतिनिधित्व करते हैं और उनकी रचनाएँ भविष्य के लिए मार्गदर्शक बनती हैं। कार्यक्रम की शुरूआत शीला तिवारी द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुई। इसके बाद कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। डॉ. नरेंद्र कुमार राय, लव कुमार, अमृता शर्मा, कस्तूरी सिन्हा, रिंकू गिरि सहित कई कवियों ने विविध विषयों पर आधारित कविताओं का पाठ किया, जिससे पूरा वातावरण काव्यमय हो उठा।

# रक्तदान में युवाओं ने दिखाया उत्साह, 82 यूनिट रक्त संग्रहित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा** : शनिवार किो पटमदा डिग्री कॉलेज जाल्ला के राष्ट्रीय सेवा योजना, उन्नत भारत अभियान एवं एमजीएम मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल जमशेदपुर के ब्लड बैंक कि सहयोग से एक मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कड़ी धूप में भी छात्र एवं युवाओं में रक्तदान करने में काफी उत्साह देखा गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ कॉलेज के सचिव चंद्रशेखर टुडू, झामुमो के नेता विक्टर सोरेन, कॉलेज के प्राचार्य कृष्णपद महतो, पूर्व प्राचार्य डॉ. सुमंत कुमार सेन, पटमदा के अंचलाधिकारी डॉ राजेंद्र कुमार दास, पटमदा थाना प्रभारी विष्णुचरण भोक्ता, इंटर कॉलेज के प्राचार्य अरुण कुमार, बैंक ऑफ



इंडिया पटमदा शाखा के सहायक शाखा प्रबंधक नथोनी सिंह, उच्च विद्यालय गोबरघुषी के शिक्षिका हरप्रीत कौर, पूर्व अध्यापिका शहला बानो, जमीनदाता सुनील बरन महतो, ईशान गोप सह अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। इस रक्तदान शिविर में काफी उत्साह के साथ कुल 82 लोगों ने रक्तदान किया। जिसमें से दो महिलाओ ने भी रक्तदान किया।रक्तदान के साथ सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान भी चलाया गया जिसमें विभिन्न समाजसेवी लोगों एवं संगठनों ने रक्तद्वाताओ को हेलमेट देकर सम्मानित भी किया एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक भी किया। इसमें एमजीएम मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के ब्लड बैंक की ओर से सभी रक्तदाताओं को एक-एक टिफिन बॉक्स देकर सम्मानित किया। अंचलाधिकारी पटमदा, थाना प्रभारी पटमदा, बैंक ऑफ इंडिया पटमदा शाखा, जमशेदपुर के समाजसेवी अल्पना भट्टाचार्य, कमला होंडा पटमदा, विजया हीरो बेलटाड़ पटमदा, आदिति मोटर्स टीवीएस पटमदा, इनर व्हील क्लब जमशेदपुर ईस्ट, पूर्व छात्र विष्णुदेव सिंह सरदार, नित्यानंद महतो, ऋषिकेश महतो, रबी महतो, हेमंत सिंह, विश्वामिता ट्रस्ट, अनामिका वस्त्रालय बेलटाड़, मां भाग्य टीवीएस बोड़ाम आदि ने रक्तदाताओं को हेलमेट देकर उनके हौसला को बढ़ाया तथा सड़क सुरक्षा के प्रति अपना जिम्मेदारी भी निभाया। कॉलेज के सचिव चंद्रशेखर टुडू ने रक्तदान शिविर के बारे में जानकारी साझा किया कि एमजीएम मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, जमशेदपुर के ब्लड बैंक के साथ रक्तदान शिविर आयोजन करने का उद्देश्य यह है कि यहां से जरूरतमंद रागियों को उनके जरूरत के समय निःशुल्क रक्त उपलब्ध कराया जाता है। पटमदा- बोड़ाम जैसे ग्रामीण क्षेत्र के गरीब शोषित पीड़ित रोगियों के लिए उसे उस स्थिति में किसी दूसरे ब्लड बैंक से उनके रख रखाव शुल्क देकर रक्त लेना संभव नहीं हो पता है इसलिए एमजीएम मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के ब्लड बैंक के साथ रक्तदान शिविर का आयोजन करना आवश्यक है। इस रक्तदान शिविर के सफल आयोजन में कॉलेज परिवार एवं विभिन्न समाजसेवी संगठनों का काफी योगदान रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### मारवाड़ी महिला समिति ने लिटिल स्टेप स्कूल में सनातन मंत्र जाप का किया आयोजन




**सरिया** : मारवाड़ी महिला समिति, सरिया की सदस्यों ने आज स्थानीय स्टेशन रोड स्थित लिटिल स्टेप स्कूल में एक सराहनीय सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। समिति की महिलाओं ने स्कूल के बच्चों को सनातन धर्म के अनुसार दैनिक मंत्र जाप के महत्व के बारे में विस्तार से बताया और उन्हें बताया कि नित्य मंत्र जाप से मानसिक, शारीरिक एवं बौद्धिक विकास कैसे होता है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को शांति पाठ, गायत्री मंत्र, गणेश मंत्र, सरस्वती मंत्र आदि सिखाया गया। बच्चों ने इन मंत्रों को बड़ी रुचि और उत्साह के साथ सीखा। मंत्र जाप सीखने में भाग लेने वाले मुख्य बच्चेः तेजस डागा, जीवा मोदी, सोम्या सिंह, रिधि कुमारी, निशेल डागा आदि रहे। मारवाड़ी महिला समिति की ओर से योगदान देने वाली सदस्येंः अध्यक्ष संगीता अग्रवाल, रेणु अग्रवाल, मीरा अग्रवाल, लीना अग्रवाल, अरुणा अग्रवाल सहित अन्य सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में लिटिल स्टेप स्कूल की डायरेक्टर शिल्पा सलूजा एवं मनीषा गंभीर ने विशेष सहयोग प्रदान किया ।इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों में सनातन संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ उनके समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

### आरक्षण विरोधी सांसदों का होगा बंटाधार : सुनीता



**बोकारो** : जिला परिषद अध्यक्ष सुनीता देवी जी ने संसद में महिला आरक्षण बिल खारिज होने पर क्षोभ व्यक्त करते हुए कहा कि कहीं कि देश की आधी आबादी महिलाओं को संविधानिक अधिकार देने के बजाय 230 सांसदों ने इसका विरोध किया है जो कि देश की महिलाएं देख रही है आने वाले समय में महिलाओं को मिलने वाली अधिकार सांसद एवं विधायक में 33% महिला आरक्षण नहीं मिल पाएगा इसका पुरा-पूरी जिम्मेवार विरोध वोट करने वाले माननीय सांसद है, एक तरफ पूरे क्षेत्र में महिलाओं को सशक्तिकरण की बात करते हैं और दूसरी तरफ संसद में जाकर महिलाओं मिलने वाले अधिकार का विरोध करते हैं देश में दोहरी राजनीतिक करने वाले सांसदों का खैर नहीं है देश की आधी आबादी ऐसे सांसदों को चिन्हित कर सबक सिखाना की काम करेगी और संसद से बाहर निकाल कर बाहर के रास्ता महिला शक्ति।

### पेटरवार गेस्ट हाउस में मुख्य न्यायाधीश को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर, किया पौधरोपण



**बोकारो** : शनिवार को झारखंड उच्च न्यायालय के माननीय मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति महेश शरदचन्द्र सोनक को पेटरवार स्थित गेस्ट हाउस परिसर में पुलिस जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर पूरा वातावरण गरिमामय बना रहा। धर्मपत्नी के साथ माननीय ने किया पौधरोपण माननीय मुख्य न्यायाधीश ने अपनी धर्मपत्नी के साथ गेस्ट हाउस परिसर में पौधरोपण किया। यह पहल पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का प्रतीक मानी गई। जिला बॉर्डर पर हुआ आत्मीय स्वागत इससे पूर्व, पेटरवार जिला बॉर्डर पर उपायुक्त अजय नाथ झा एवं पुलिस अधीक्षक नाथु सिंह मीणा ने पौधा भेंट कर माननीय मुख्य न्यायाधीश का स्वागत किया। मुख्य न्यायाधीश के आगमन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थी ।देवघर दौरे के क्रम में हुआ ठहराव उल्लेखनीय हो कि मुख्य न्यायाधीश अपने देवघर दौरे के क्रम में कुछ समय के लिए परिवारजनों के साथ पेटरवार स्थित फॉरेस्ट गेस्ट हाउस में ठहरे थे। मौके पर जिला - अनुमंडल स्तरीय पदाधिकारीगण आदि उपस्थित थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमंडल,रामगढ़**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

अति–अल्पकाली नई–निविदा संख्या:-01/RI/2025-26/RWD/RAMGARH दिनांक :- 13.03.2026

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़ द्वारा जिला अनाबद्ध योजनान्तर्गत निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/RAMGARH/02/2025-26 | चितरपुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र मायल बाजार चितरपुर का चाहरदीवारी एवं पथ निर्माण। | 7.693 | 03माह |
| 2 | RWD/RAMGARH/03/2025-26 | रामगढ | नगर परिषद क्षेत्र अन्तर्गत कोठार फोर लेन रोड से कोठार मस्जिद तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। (कुल लम्बाई– 30 मी0) | 1.164 | 03माह |

2.वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः–20.04.2026
3.ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–27.04.2026 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4.निविदा खोलने की तिथि एवं समयः–29.04.2026 अपराह्न11.30 बजे।
5.निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, रामगढ़,नया नगर, घुटुवा, बरकाकाना, रामगढ़ झारखण्ड, पिन–829103
6.ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06553254005
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

विश्वासभाजन
ह0/–कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल,रामगढ़

PR 377835 (District)26-27*D



**कार्यालय, जिला परिषद, रॉंची (अभियंत्रण शाखा)**

**अति अल्पकालीन आमंत्रण सूचना संख्या –06/2026–2027**

1. विज्ञापनदाता का नाम : जिला अभियंता जिला परिषद रॉंची
2. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : सहायक अभियंता, जिला परिषद रॉंची। जिला अभियंता, जिला परिषद, कार्यालय, रॉंची
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 27.04.2026 (अपराह्न 3.00 बजे तक)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि :दिनांक 28.04.2026 को अपराह्न 3:00 बजे तक
5. निविदा प्राप्त करने का स्थान :जिला नियंत्रण कक्ष, रॉंची।
6. निविदा खोलने की तिथि : दिनांक 28.04.2026 को अपराह्न 3:30 बजे।
7. निविदा खोलने का स्थान : जिला परिषद, कार्यालय, रॉंची।
8. कार्य का विस्तृत विवरणी :

| क्र0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | धुर्वा डेम में मुख्य सड़क से नौका परिचालन स्थल (Boat Shed) तक पर्यटकों के आवागमन हेतु एक पहुँच पथ/Foot Bridge का निर्माण कार्य। | 46,59,900.00 | 94,000.00 | 5000.00 | तीन माह |

नोटः 1. निविदा की अन्य शर्तें जिला परिषद, कार्यालय, रॉंची के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।
2. इस निविदा में **जिला परिशद, रॉंची/भवन निर्माण विभाग** अन्तर्गत निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक भाग लेगें।
3. जिन संवेदक का कार्य जिला परिशद रॉंची में कार्य चल रहा है या लम्बित है वे संवेदक इस निविदा में भाग नहीं लेगे उनकी निविदा अमान्य कर दी जाएगी।

जिला अभियंता
जिला परिषद रॉंची

PR 377859 (Panchayati Raj)26-27*D

# यूपी में गहराया मदरसा शिक्षकों को जबरन वीआरएस विवाद

उत्तर प्रदेश में मदरसा शिक्षकों को जबरन वीआरएस थोपने का मामला गरमाता जा रहा है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने इसे गंभीरता से लेते हुए अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के निदेशक को तलब किया है। प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद से संबद्ध अशासकीय मदरसों में कार्यरत शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) का लाभ देने का विवाद पुराना है। 2016 की उत्तर प्रदेश अशासकीय अरबी और फारसी मदरसा मान्यता प्रशासन एवं सेवा नियमावली में वीआरएस का कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है। इसके बावजूद कई जिलों में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी इस्तीफों को वीआरएस मानकर पेंशन स्वीकृत कर रहे थे। मामला दिसंबर 2025 में खुला, जब अल्पसंख्यक कल्याण निदेशक ने सभी जिलों से ब्योरा तलब किया। शिकायतों के अनुसार, कुछ शिक्षकों पर दबाव बनाकर त्यागपत्र ले लिया गया, जिसे वीआरएस के रूप में पेंशन के साथ प्रोसेस किया गया। नियमों के मुताबिक, कर्मचारी केवल तीन महीने का नोटिस देकर इस्तीफा दे सकता है, लेकिन वीआरएस जैसी सुविधा नहीं। यह अनियमितता वित्तीय घाटे का कारण बनी, क्योंकि बिना आधार के पेंशन वितरण हो रहा था। 15 अप्रैल 2026 को एनएचआरसी ने शिकायत पर संज्ञान लिया और अल्पसंख्यक कल्याण निदेशक को समन जारी किया। आयोग ने नाराजगी जताई कि विभाग ने पूर्व नोटिसों का संतोषजनक जवाब नहीं दिया। विभाग को 14 मई 2026 तक विस्तृत रिपोर्ट जमा करने का आदेश है।

शिकायतकताओं का दावा है कि यह जबरन सेवानिवृत्ति मानवाधिकार उल्लंघन है, क्योंकि शिक्षकों को नौकरी से वंचित कर पेंशन का लालच दिया गया। एनएचआरसी का यह कदम प्रशासनिक लापरवाही पर लगाम कसने वाला है। पूर्व में भी आयोग ने मदरसा संबंधी शिकायतों पर सक्रियता दिखाई, जैसे मदरसा बोर्ड नियुक्तियों पर। अब विभाग पर दबाव है कि या तो लाभ रोककर रिकवरी करे या नियमावली में संशोधन करे। कुल मिलाकर यह विवाद योगी आदित्यनाथ सरकार के मदरसा सुधारों से जुड़ा प्रतीत होता है। दिसंबर 2025 में कैबिनेट ने अखिलेश यादव सरकार के विवादित मदरसा शिक्षक सुरक्षा विधेयक को रद्द किया, जो शिक्षकों को असीमित संरक्षण देता था। विपक्ष का आरोप है कि वीआरएस थोपकर योगी सरकार पुराने समर्थकों को हटाना चाहती है। हालांकि, स्त्रोतों में स्पष्ट इशारा का उल्लेख नहीं; यह प्रशासनिक अनियमितता ज्यादा लगता है। जानकारों का मानना है कि जिला स्तर के अधिकारी बिना उच्च निर्देश के ऐसा नहीं कर सकते। अल्पसंख्यक विभाग की चुप्पी से संकेत मिलता है कि यह विभागीय स्तर पर चली आ रही प्रथा थी, जो अब सुधार अभियान में अटकी। कोई ठोस सबूत उच्च राजनीतिक इशारे का नहीं मिला, लेकिन योगी सरकार के मदरसा आधुनिकीकरण एजेंडे से जुड़ाव अस्वीकार्य नहीं। वीआरएस से हजारों मदरसा शिक्षक अनिश्चय में हैं। वीआरएस लाभ मिलने वाले अब रिकवरी के डर से परेशान, जबकि सेवा जारी रखने वाले बिना सुविधा। यह अल्पसंख्यक समुदाय में असंतोष पैदा कर रहा, खासकर जब केंद्र और राज्य स्तर पर मदरसा बोर्ड पर सवाल उठ रहे। उत्तर प्रदेश में 1.5 लाख से अधिक मदरसा शिक्षक प्रभावित हो सकते हैं।

# अक्षय तृतीया पर्व है लोक से लोकोत्तर की दिव्य यात्रा

**ललित गर्ग**

अक्षय तृतीया महापर्व का न केवल सनातन परम्परा में बल्कि जैन परम्परा में विशेष महत्व है। इसका लौकिक और लोकोत्तर-दोनों ही दृष्टियों में महत्व है। अक्षय शब्द का अर्थ है कभी न खत्म होने वाला। संस्कृत में, अक्षय शब्द का अर्थ है "समृद्धि, आशा, खुशी, सफलता", जबकि तृतीया का अर्थ है "चंद्रमा का तीसरा चरण"। इस त्यौहार के साथ-साथ एक अबूझा मांगलिक एवं शुभ दिन भी है, जब बिना किसी मुहूर्त के विवाह एवं मांगलिक कार्य किये जा सकते हैं। विभिन्न सांस्कृतिक एवं मांगलिक ढांचों में ढले अक्षय तृतीया पर्व में हिन्दू-जैन धर्म, संस्कृति एवं परम्पराओं का अनूठा संगम है। इस प्रकार अक्षय तृतीया पर किए गए कार्यों जैसे जप-तप, यज्ञ, पितृ-तर्पण, दान-पुण्य आदि का साधक को अक्षय फल प्राप्त होता है। भगवान आदिनाथ ने ही सबसे पहले समाज में दान का महत्व समझाया था, इसलिए इस दिन पर जैन धर्म के लोग आहार दान, ज्ञान दान, औषधि दान करते हैं। रास्ते चाहे कितने ही भिन्न हों पर इस पर्व त्यौहार के प्रति सभी जाति, वर्ग, वर्ण, सम्प्रदाय और धर्मों का आदर-भाव अभिन्नता में एकता का प्रिय संदेश दे रहा है। आज के युद्ध, आतंक, आर्थिक प्रतिस्पर्धा एवं अशांति के समय में संयम एवं तप की, भौतिकता एवं आध्यात्मिकता की अक्षय परम्परा को जन-जन की जीवनशैली बनाने की जरूरत है।

अक्षय तृतीया यह केवल एक तिथि नहीं, बल्कि भारतीय चेतना की उस अखंड धारा का प्रतीक है, जो जीवन को क्षणभंगुरता से उठाकर "अक्षयता" की ओर ले जाती है। "अक्षय" अर्थात जो कभी क्षीण न हो, जो निरंतर प्रवहमान रहे, ऐसी ही भावना का यह पर्व है, जो हमारे लौकिक व्यवहार से लेकर लोकोत्तर साधना तक, हर स्तर पर गहन अर्थ रखता है। यह दिन केवल शुभारंभ का नहीं, बल्कि आत्मारंभ का भी दिन है। भारतीय परंपरा में अक्षय तृतीया को ह्यअबूझ मुहूर्तह्न कहा गया है-अर्थात ऐसा समय, जिसमें किसी विशेष गणना या ज्योतिषीय विचार की आवश्यकता नहीं होती। यह स्वयं ही शुभता का पर्याय है। यही कारण है कि इस दिन विवाह, गृहप्रवेश, व्यापारारंभ जैसे अनेक मांगलिक कार्य बिना किसी संकोच के सम्पन्न किए जाते हैं। यह विश्वास केवल आस्था नहीं, बल्कि उस सांस्कृतिक अनुभव का परिणाम है, जिसने इस दिन को "सर्वसिद्धिदायक" मान्यता प्रदान की है।

लौकिक दृष्टि से देखें तो अक्षय तृतीया भारतीय अर्थव्यवस्था और श्रम-संस्कृति से गहराई से जुड़ी हुई है। यह दिन किसानों के लिए नई आशा का संदेश लेकर आता है। प्राचीन काल में राजाओं द्वारा श्रेष्ठ किसानों को बीज भेंट करने की परंपरा केवल सम्मान का प्रतीक नहीं थी, बल्कि कृषि को राष्ट्र की आत्मा मानने का सजीव प्रमाण थी। यह विश्वास कि इन बीजों से उत्पन्न अन्न कभी समाप्त नहीं होगा, दरअसल उस श्रम और प्रकृति के समन्वय पर आस्था थी, जो भारतीय जीवन का आधार है। कुम्हारों, शिल्पकारों, पशुपालकों-विशेषकर बैलों के लिए भी यह दिन विशेष महत्व रखता है। यह पर्व हमें यह स्मरण कराता है कि सृजन, श्रम और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता ही समृद्धि का वास्तविक आधार है। किन्तु अक्षय तृतीया का वास्तविक सौंदर्य उसके लोकोत्तर आयाम में प्रकट होता है, जहाँ यह पर्व आत्मशुद्धि, तप और साधना का महापर्व बन जाता है। जैन परंपरा में यह दिन विशेष रूप से पूज्य है, क्योंकि इसका संबंध प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव के जीवन की एक अत्यंत महत्वपूर्ण घटना से जुड़ा हुआ है। यह वह दिन है, जब दीर्घकालीन तपस्या के उपरांत उनका पारणा हुआ, एक ऐसा क्षण, जिसने तप को तृप्ति और साधना को पूर्णता प्रदान की।

कथा के अनुसार, जब भगवान ऋषभदेव ने राजपाट त्यागकर संन्यास धारण किया, तब एक वर्ष से अधिक समय तक उन्हें उचित आहार नहीं मिला। यह केवल भौतिक अभाव नहीं था, बल्कि उस युग की सामाजिक अपरिपक्वता का द्योतक था, जहाँ लोग "अहिंसक आहार" और "संयमित जीवन" की अवधारणा से अनभिज्ञ थे। अंततः हस्तिनापुर में राजकुमार श्रेयांस ने उन्हें इक्षुरस अर्पित कर उनकी तपस्या का पारणा कराया। उस क्षण "अहोदानम, अहोदानम" की ध्वनि गूंजी, यह केवल एक आह्लाद नहीं, बल्कि उस ऐतिहासिक चेतना का उद्घोष था, जिसने दान, संयम और साधना को एक नई दिशा दी। यही कारण है कि अक्षय तृतीया जैन साधकों के लिए "वर्षीतप" जैसे महान तप-अनुष्ठानों का पूणार्हुति दिवस है। एक वर्ष तक एकान्तर उपवास करने वाले साधक इस दिन पारणा करते हैं। यह तप केवल शरीर को कष्ट देने का साधन नहीं, बल्कि आत्मा को निर्मल करने की प्रक्रिया है। यह हमें सिखाता है कि भोग से नहीं, त्याग से जीवन अक्षय बनता है।

अक्षय तृतीया का आध्यात्मिक संदेश अत्यंत गहन है। यह हमें बताता है कि जीवन का वास्तविक उद्देश्य केवल संसाधनों का संचय नहीं, बल्कि आत्मा की शुद्धि है। भारतीय संस्कृति में "आत्मा" को सर्वोपरि सत्य माना गया है, और उसकी खोज को जीवन की सर्वोच्च साधना। यह पर्व उसी खोज का निमंत्रण है, एक ऐसा निमंत्रण, जो हमें बाह्य जगत से भीतर की यात्रा पर ले जाता है। ऋषभदेव का जीवन इस संदर्भ में अत्यंत प्रेरणादायक है। "ऋषभ" शब्द का एक अर्थ बैल भी है-जो श्रम, धैर्य और स्थिरता का प्रतीक है और दूसरा अर्थ है तीर्थंकर-जो आत्मोद्धार और लोकमंगल का मार्ग प्रशस्त करता है। इस प्रकार उनका जीवन भौतिक और आध्यात्मिक-दोनों आयामों का अद्भुत समन्वय है। उन्होंने समाज को कृषि, शिल्प, व्यापार जैसी जीवनोपयोगी विधाएं दीं, और साथ ही आत्मा की मुक्ति का मार्ग भी दिखाया। यही समग्रता अक्षय तृतीया के दर्शन में भी झलकती है।

आज के संदर्भ में यह पर्व और भी प्रासंगिक हो उठता है। जब मानव जीवन भौतिक उपलब्धियों की दौड़ में उलझा हुआ है, तब अक्षय तृतीया हमें संतुलन का पाठ पढ़ाती है। यह हमें याद दिलाती है कि केवल भौतिक समृद्धि से जीवन पूर्ण नहीं होता। यदि भीतर शांति नहीं, तो बाहरी वैभव भी निरर्थक है। और यदि भीतर संतोष है, तो सीमित साधनों में भी जीवन अक्षय बन सकता है। यह पर्व हमें यह भी सिखाता है कि साधना केवल मठों और आश्रमों तक सीमित नहीं है। यह जीवन की प्रत्येक क्रिया में संभव है, यदि उसमें सजगता, संयम और समर्पण का भाव हो। एक किसान जब श्रद्धा से बीज बोता है, एक कुम्हार जब मिट्टी को आकार देता है, एक गृहस्थ जब ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का पालन करता हैकृतब वह भी एक प्रकार की साधना ही कर रहा होता है।

अक्षय तृतीया का सांस्कृतिक महत्व भी अत्यंत व्यापक है। यह पर्व भारतीय जीवन की उस समन्वयकारी दृष्टि का प्रतीक है, जिसमें भौतिकता और आध्यात्मिकता विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हैं। यहाँ अन्न का भी सम्मान है और आत्मा का भी। यहाँ श्रम का भी महत्व है और ध्यान का भी। यही संतुलन भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता है। व्यक्तिगत स्तर पर यह दिन आत्ममंथन का अवसर प्रदान करता है। यह हमें प्रेरित करता है कि हम अपने जीवन में झांकें, क्या हमारा जीवन केवल उपभोग में व्यतीत हो रहा है, या उसमें कोई उच्च उद्देश्य भी है? क्या हम केवल संग्रह कर रहे हैं, या कुछ त्याग भी कर पा रहे हैं? क्या हम केवल बाहर की दुनिया को संवार रहे हैं, या भीतर की दुनिया को भी प्रकाशित कर रहे हैं?

अक्षय तृतीया हमें यह संदेश देती है कि यदि हम अपने जीवन में तप, संयम और सेवा को स्थान दें, तो हमारा जीवन भी "अक्षय" बन सकता है। यह अक्षयता केवल धन या वस्तुओं की नहीं, बल्कि पुण्य, शांति और आत्मिक संतोष की होती है, जो कभी समाप्त नहीं होती। आज आवश्यकता है कि हम इस पर्व को केवल औपचारिकता तक सीमित न रखें, बल्कि इसके गूढ़ संदेश को अपने जीवन में उतारें। यदि इस दिन हम एक संकल्प लें, संयम का, सेवा का, साधना का, तो यह दिन वास्तव में हमारे जीवन में परिवर्तन का सूत्रधार बन सकता है।

# नासिक टीसीएस प्रकरणः क्या गलत नीति ही समस्या की जड़ है?

**डॉ. पंकज जगन्नाथ जयस्वाल**

नासिक स्थित टीसीएस मामले में हिंदुओं और हिंदू महिलाओं के खिलाफ सामने आए भयावह खुलासों ने सच्चाई का पिटारा खोल दिया है। विभिन्न कंपनियों के कई कर्मचारियों ने अपने कार्यस्थलों पर इसी तरह की समस्याओं को उजागर किया है। इस बात का विश्लेषण जरुरी है कि वामपंथी इस्लामी कट्टरपंथी हिंदुओं को क्यों निशाना बना रहे हैं। इसके प्रमुख कारणों में से एक विविधता, समानता और समावेशन (डीईआई) की गलत नीति है। इसकी आड़ में वामपंथी विचारधारा के समर्थक कई कंपनियों में महत्वपूर्ण पदों पर पहुंच गए हैं। वे अपने पद का उपयोग कंपनी या संगठन के निर्माण के लिए नहीं बल्कि भारत में स्थापित कंपनियों में भारतीय संस्कृति को नष्ट करने के लिए कर रहे हैं। वामपंथी विचारधारा के लिए कंपनी और प्रबंधन उनके हिंदू-विरोधी और भारत-विरोधी एजेंडे को आगे बढ़ाने का एक हथियार मात्र हैं, जो अंततः अविश्वास, दबाव, धर्मांतरण, उत्पीड़न और यौन शोषण के माध्यम से कॉरपोरेट जगत और भारत को कमजोर करते हैं।

कर्मचारियों की कार्यकुशलता, प्रभावशीलता और कार्य की गुणवत्ता पर अत्यधिक तनाव, नैतिक मानकों के विरुद्ध कार्य करने और जन्म से ही उनमें समाहित भारतीय संस्कृति का प्रभाव के विरुद्ध काम तणाव निर्माण करता है। टीसीएस मामला सभी कॉरपोरेशनों के लिए एक चेतावनी है; अब समय आ गया है कि वे अपनी वर्तमान स्थिति का आकलन करें और उचित कानूनी कार्रवाई करें। अगला कदम कंपनी में डीईआई नीति को सही तरीके सें लागू करना है। डीईआई रणनीति को "सर्वे भवन्तु सुखिनः" और "वसुधैव कुटुंबकम" जैसे भारतीय आदर्शों के अनुरूप पूरी तरह से संशोधित करने की आवश्यकता है। कई कॉरपोरेशनों में मौजूदा डीईआई प्रणाली इन मानवीय आदर्शों का उल्लंघन करती है। वर्तमान सिद्धांत विभाजन और ध्यान भटकाने के लिए विविधता, प्रवर्तन के लिए समानता और इस्लाम के लिए समावेशन हैं। अंततः, मानवता का ऐसा विकृत दृष्टिकोण कॉरपोरेट विनाश का कारण बनेगा। कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के संदर्भ में आप जो भी अच्छा काम करें, आपकी विविधता और समावेशन नीति आपकी प्रतिष्ठा और विकास सहित सब कुछ बर्बाद कर देगी।

पिछले कुछ दशकों में डीईआई की अवधारणा एक प्रतीकात्मक महत्वाकांक्षा से विकसित होकर नियोक्ता की विश्वसनीयता, संस्कृति और अनुपालन परिपक्वता के आकलन के लिए एक परिभाषित मानक बन गई है, जिसका उपयोग उसके स्वयं के कर्मचारियों के साथ-साथ नियामकों, हितधारकों और आम जनता द्वारा भी किया जाता है। हालांकि कई संगठनों ने औपचारिक डीईआई प्रतिबद्धताएं की हैं, जैसा कि आंतरिक नीतियों, नेतृत्व के बयानों और सार्वजनिक घोषणाओं के साथ-साथ समावेशी भर्ती, मातृत्व सहायता, सुलभता अवसंरचना, उचित समायोजन और लैंगिक विविधतापूर्ण नेतृत्व की दिशा में उठाए गए कदमों से स्पष्ट है, फिर भी कार्यबल प्रणालियों में डीईआई का व्यावहारिक एकीकरण असमान बना हुआ है, क्योंकि कई कंपनिया हिंदुओं के प्रति पूर्वाग्रह का विशिष्ट एजेंडा अपना रहे हैं। विविधता, समानता, समावेशन और संवेदनशीलता डीईआई एक व्यापक शब्द है जिसका उद्देश्य हमारा ध्यान एक स्वस्थ और अधिक खुली कॉर्पोरेट संस्कृति की ओर आकर्षित करना है जो लोगों को उनके वर्ग, जाति, बोली, लिंग, पंथ, शारीरिक विशेषताओं आदि की परवाह किए बिना समान अवसर प्रदान करती है। हालांकि, अच्छे इरादों के बावजूद, वामपंथी विचारधारा ने इसका दुरुपयोग अपने स्वार्थी लाभों और उद्देश्यों के लिए किया है, जो कॉर्पोरेट सिद्धांतों और मानवता के बिल्कुल विपरीत हैं।

## अमेरिका में विविधता, समानता और समावेशन

हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन के अनुसार, अमेरिका में डीईआई प्रशिक्षण कार्यक्रम हिंदू विरोधी भावना को बढ़ावा दे रहे हैं। फाउंडेशन ने न्यूयॉर्क टाइम्स और ब्लूमबर्ग पर इस अध्ययन को छिपाने का आरोप भी लगाया है। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन ने दो प्रमुख अमेरिकी मीडिया संस्थानों, न्यूयॉर्क टाइम्स और ब्लूमबर्ग पर एक रिपोर्ट को छिपाने का आरोप लगाया है, जिसमें यह खुलासा किया गया है कि अमेरिका में जाति-आधारित विविधता, समानता और समावेशन (डीईआई) प्रशिक्षण कार्यक्रमों के परिणामस्वरूप हिंदुओं को किस प्रकार पूर्वाग्रह का सामना करना पड़ता है। नेटवर्क कंटैजियन रिसर्च इंस्टीट्यूट ने रटगर्स विश्वविद्यालय के साथ साझेदारी में यह अध्ययन किया, जिसमें विशेष रूप से इक्वालिटी लैब्स के जाति-विरोधी प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जांच की गई और पाया गया कि ऐसे कार्यक्रम हिंदू विरोधी भेदभाव और घृणा को बढ़ाते हैं। नेटवर्क कंटैजियन रिसर्च इंस्टीट्यूट और रटगर्स विश्वविद्यालय द्वारा किए गए इस अध्ययन में दलित नागरिक अधिकार संगठन इक्वालिटी लैब्स की सामग्री का विश्लेषण किया गया। इस शोध में पाया गया कि इन प्रशिक्षणों में शामिल प्रतिभागियों द्वारा ब्राह्मणों को "परजीवी" या "वायरस" के समान बताने जैसी अमानवीय शब्दावली का प्रयोग करने की संभावना काफी अधिक थी। एचएएफ ने यह भी दावा किया कि शोध से पता चलता है कि इस तरह के डीईआई कार्यक्रम नस्लीय भेदभाव को कम करने के बजाय उसे और बढ़ा सकते हैं। प्रमुख मीडिया संगठनों की रुचि जताने के बावजूद, एचएएफ का आरोप है कि हिंदुओं के प्रति "दंडात्मक प्रतिशोध" और बढ़ती शत्रुता के सबूतों को इन मुख्यधारा के मंचों ने लगभग अनदेखा कर दिया है।

## भारत पर प्रभाव

विविधता, समानता और समावेशन के नाम पर चल रहे 'वोक' के औजार भारत तक भी पहुंच रहे हैं। सभ्यता अध्ययन के क्षेत्र में प्रख्यात शोधकर्ता, लेखक और अग्रणी राजीव मल्होत्रा ने अपनी पुस्तकों में कहा है कि 'वोक' तंत्र अब विविधता और समावेशन को बढ़ावा देने के बहाने भारत के शीर्ष शिक्षण संस्थानों, जैसे कि IIT, को निशाना बना रहा है। भारतीय संदर्भ में, 'वोक' लॉबी द्वारा दलितों के अधिकारों की वकालत करने का दिखावा तथाकथित उच्च जातियों को बदनाम कर रहा है और दलितों, अनुसूचित जनजातियों और अल्पसंख्यकों को उनके खिलाफ खड़ा कर रहा है।

यह एक घातक प्रयोग है, और भारत पहले से ही इसका परीक्षण स्थल बन रहा है। इसी प्रकार, जैसा कि राजीव मल्होत्रा चेतावनी देते हैं, विविधता और समावेशन की बयानबाजी भारत के सॉफ्टवेयर व्यवसायों में भी अपना प्रभाव दिखा रही है, जिससे हिंदुओं को विभाजित करने और योग्यता-आधारित व्यवस्था को नष्ट करने के प्रयास में जातिगत मुद्दा और भी गंभीर हो रहा है। प्रेम जिहाद और धर्मांतरण ने कई कंपनियों पर गहरा प्रभाव डाला है, जो हिंदुओं, व्यावसायिक विकास और भारतीयता के लिए अत्यंत चिंताजनक है। जो लोग यह मानने से इनकार करते हैं कि ऐसी घटनाएं नहीं होतीं, उन्हें प्रेम जिहाद और धर्मांतरण के पीड़ितों से मिलना चाहिए। यदि उन्हें कुछ भी गलत नहीं लगता, तो यह स्पष्ट है कि वे मनुष्य नहीं, बल्कि आधुनिक सभ्यता के राक्षस हैं। भावी पीढ़ियों और भारतीयता को इस विषैली पारिस्थितिकी से बचाने के लिए विश्वविद्यालयों को भी इस मुद्दे को समयबद्ध और प्रभावी ढंग से संबोधित करना चाहिए।

कंपनियों, सरकारों, गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ), कर्मचारियों और प्रबंधन के लिए अब समय आ गया है कि वे सक्रिय रूप से काम करना शुरू करें और उचित कदम उठाएं। डीईआई पर विचार-विमर्श किया जाना चाहिए, सभी हितधारकों के साथ चर्चा की जानी चाहिए और फिर इसे अंतिम रूप दिया जाना चाहिए। व्यवहार में, डीईआई को अनुसंधान और नवाचार क्षमताओं को मजबूत करना चाहिए, कार्यस्थल संस्कृति में सुधार करना चाहिए, तनाव को कम करना चाहिए और बिना किसी भेदभाव के व्यावसायिक और राष्ट्रीय लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## सूडोकु नवताल- 7769

✶✶✶✶✶ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7768 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

# तैंतीस प्रतिशत आरक्षण महिलाओं के लिए अभी भी एक सुनहरा स्वप्न

**कृष्णमोहन झा**



मोदी सरकार लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जो तीन विधेयक गत दिवस संसद में पेश किए थे उनमें संविधान संशोधन विधेयक को दो तिहाई बहुमत से पारित कराने में वह असफल रही। इसके बाद उसने परिसीमन और केंद्र शासित कानून संशोधन विधेयक भी वापिस ले लिए। यह कतई आश्चर्य का विषय नहीं है। दरअसल संविधान संशोधन विधेयक पारित न होने के बाद शेष दो विधेयकों पर मतदान का कोई औचित्य ही नहीं था क्योंकि ये दोनों विधेयक संविधान संशोधन विधेयक से ही जुड़े हुए थे। यद्यपि वर्तमान सदन में एनडीए के संख्या बल को देखते हुए मोदी सरकार को यह भलीभाँति मालूम था कि इस संविधान संशोधन विधेयक का यही हश्र होना तय है। फिर भी प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्षी सदस्यों से अंतरात्मा की आवाज पर वोट करने की अपील करके विपक्ष की एकजुटता में सेंध लगाने की आखिरी कोशिश की थी परंतु विपक्ष टस से मस नहीं हुआ।सदन में 21 घंटे चली बहस के दौरान विपक्ष की ओर से यह तर्क दिया गया था कि सदन की वर्तमान सदस्य संख्या के आधार पर ही महिलाओं के लिए दो तिहाई आरक्षण सुनिश्चित करने के लिए सरकार तैयार हो जाए तो विपक्ष भी इसका समर्थन करने के लिए तैयार है परंतु सरकार को यह मंजूर नहीं था। दरअसल उसने जब 33 प्रतिशत आरक्षण को परिसीमन की शर्त से जोड दिया था तभी यह तय हो गया था कि यह ऐतिहासिक संविधान संशोधन विधेयक वर्तमान सदन में दो तिहाई बहुमत से पारित होना संभव नहीं है। सवाल यह उठता है कि सरकार लोकसभा की वर्तमान सदस्य संख्या की 33 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करने के लिए तैयार क्यों नहीं हो रही है। राजनीतिक पंडितों के अनुसार इस सवाल का जवाब यह है कि वर्तमान लोकसभा की 543 सीटों में से अभी मात्र 74 सीटें महिलाओं के पास है जो 33 प्रतिशत से करीब 100 कम है। सरकार को डर है कि अगर लोकसभा की वर्तमान सदस्य संख्या की 33 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित कर दी जाती हैं तो बहुत से पुरुष सांसदों को अपनी सीटें छोड़ने के विवश करना पडेगा जो उनमें असंतोष पैदा कर सकता है इसलिए वह परिसीमन के माध्यम से लोकसभा की सदस्य संख्या 850 तक बढाकर उसकी 33 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करना चाहती है इसके लिए विपक्ष और विशेष रूप से दक्षिण के राज्य तैयार नहीं हैं जिन्हें परिसीमन से लोक सभा में अपना प्रतिनिधित्व कम होने की आशंका सता रही है।

बहरहाल, यह संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा में आवश्यक बहुमत से पारित न होने के बाद सरकार और विपक्ष के बीच पुनः आरोप प्रत्यारोप का सिलसिला शुरू हो गया है। सरकार की ओर से विपक्ष पर महिला विरोधी होने का आरोप लगाया जा रहा है तो विपक्ष इसे राजनीतिक लाभ की मंशा से प्रेरित कदम बता कर इसे संविधान विरोधी बता रहा है। विपक्ष का सीधा आरोप है कि मोदी सरकार ने तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल विधानसभाओं के चुनाव में राजनीतिक लाभ लेने की मंशा से संसद का विशेष सत्र बुलाकर उसमें ये विधेयक पेश किए ताकि इन राज्यों के भाजपा विरोधी दलों के सांसदों को चुनाव प्रचार छोड़ कर तीन दिन दिल्ली में रहना पडे और इससे उन दलों की जीत की संभावनाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पडे। जाहिर सी बात है कि यह लड़ाई अब संसद से बाहर पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु विधानसभाओं के चुनाव मैदान में भी देखने को मिलेगी। इन राज्यों की विधानसभाओं के लिए 23 और 29 अप्रैल को मतदान होना है। मोदी सरकार ने संसद का विशेष सत्र बुलाकर इन मुद्दे पर चर्चा इसीलिए करवाई ताकि वह उक्त दो राज्यों की महिला मतदाताओं को यह संदेश दे सके कि भाजपा और केंद्र सरकार उनकी सबसे बड़ी हितैषी है। इन दो राज्यों में चुनाव प्रचार की जो अवधि शेष है उनमें भाजपा और मोदी सरकार संविधान संशोधन विधेयक के विरोध को मुद्दा बना कर महिला मतदाताओं की सहानुभूति अर्जित करने का हर संभव प्रयास करेगी। इन राज्यों में सत्तारूढ़ दल इस मामले में अपना पक्ष किस तरह प्रस्तुत करते हैं यह उत्सुकता का विषय है लेकिन कुल मिलाकर यह तो निश्चित रूप से खेद का विषय है कि महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण अभी तो एक सुनहरा स्वप्न बनकर रह गया है।

**(लेखक राजनैतिक विश्लेषक है)**

## दैनिक पंचांग

**19 अप्रैल 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | मेष | 05.21 बजे से |
| चंद्र | मेष में | वृष | 07.05 बजे से |
| मंगल | मीन में | मिथुन | 09.03 बजे से |
| बुध | मीन में | कर्क | 11.17 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | सिंह | 13.33 बजे से |
| शुक्र | मेष में | कन्या | 15.45 बजे से |
| शनि | मीन में | तुला | 17.55 बजे से |
| राहु | कुंभ में | वृश्चिक | 20.10 ब.से |
| केतु | सिंह में | धनु | 22.26 बजे से |
| | | मकर | 00.31 बजे से |
| राहुकाल | 4.30 से 6.00 बजे तक | कुंभ | 02.18 बजे से |
| | | मीन | 03.51 बजे से |

**रविवार** 2026 वर्ष का 109 वा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948
**मास** वैशाख **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** द्वितीया 10.50 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** भरणी 07.10 बजे तदनन्तर कृत्तिका 04.35 बजे प्रातः को समाप्त।
**योग** आयुष्मान 20.02 बजे को समाप्त।
**करण** कौलव 10.50 बजे तदनन्तर तैतिल 21.08 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 1.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 11° 06'
**सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872684
**जूलियन दिन** 2461149.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** जिल्काद **तारीख** 01
**विशेष** अक्षय तृतीया, वर्षी तप पारण, परशुराम जयंती, त्रेता युग दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से | 07.23 बजे तक | शुभ | 05.36 से | 07.09 बजे तक |
| चर | 07.23 से | 08.51 बजे तक | अमृत | 07.09 से | 08.41 बजे तक |
| लाभ | 08.51 से | 10.18 बजे तक | चर | 08.41 से | 10.14 बजे तक |
| अमृत | 10.18 से | 11.46 बजे तक | रोग | 10.14 से | 11.46 बजे तक |
| काल | 11.46 से | 01.14 बजे तक | काल | 11.46 से | 01.19 बजे तक |
| शुभ | 01.14 से | 02.41 बजे तक | लाभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| रोग | 02.41 से | 04.09 बजे तक | उद्वेग | 02.51 से | 04.24 बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 से | 05.36 बजे तक | शुभ | 04.24 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ**- **शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# फोन कॉल से ठगी : फोन पर बैंक अफसर बनकर उड़ाए 85 हजार, आरोपी गिरफ्तार




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** जिले में बढ़ते साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पाकुड़ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी के निर्देश पर साइबर थाना की टीम ने कार्रवाई करते हुए साइबर ठगी के एक मामले का सफलतापूर्वक उद्भेदन कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में साइबर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अमित कुमार ने बताया कि नगर थाना क्षेत्र के निवासी राजेश कुमार मंडल द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी कि अज्ञात साइबर अपराधियों ने उन्हें फोन कर बैंक अधिकारी बनकर उनके खाते से करीब 85,000 की ठगी कर ली। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान शुरू किया। जांच के दौरान मोबाइल लोकेशन और बैंक ट्रांजेक्शन के आधार पर आरोपी की पहचान साहिल अंसारी (उम्र 24 वर्ष), निवासी साहिबगंज के रूप में की गई। इसके बाद पुलिस टीम ने छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी के पास से दो मोबाइल फोन, तीन सिम कार्ड, एक एटीएम कार्ड और बैंक से संबंधित दस्तावेज बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी इन सामानों का उपयोग कर लोगों को झांसा देकर ठगी करता था। पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी ने बताया कि आरोपी से पूछताछ जारी है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि वह किसी बड़े साइबर गिरोह से जुड़ा है या नहीं। उन्होंने आम लोगों से अपील की है कि वे किसी भी अनजान कॉल या लिंक पर अपनी व्यक्तिगत व बैंकिंग जानकारी साझा न करें। मामले में साइबर थाना कांड संख्या दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## एक नजर

### चलती ट्रेन से छात्रा गिरकर हुई घायल

**साहिबगंज:** मिर्जाचौकी रेलवे स्टेशन पर चलती ट्रेन से गीर कर गंभीर रूप से छात्रा घायल हो गई। मिली जानकारी के अनुसार प्लेटफार्म संख्या दो पर डाउन पैसेंजर ट्रेन लगभग दो बजे खड़ी हुई जब खुल गई तो इंटर की छात्रा 17 वषीर्या आरती कुमारी चलती ट्रेन से उतरने के क्रम में प्लेटफार्म पर गीर कर घायल हो गई। उसके शीर में गंभीर चोटें लगी जिससे बेहोश हो गई। वहीं आरपीएफ के जवान मौके पर पहुंच कर मिर्जाचौकी अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉ पंकज कुमार एवं डॉ साकेत सानू ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया। आगे मिली जानकारी के अनुसार छात्रा बिहार के बाखरपुर थाना के बाबुपुर के रहने वाली है इस क्रम में उसके स्वजन अस्पताल पहूंच कर साथ लेकर चले गए।

### पाकुड़ में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल, नए डीसी-एसपी ने संभाली कमान



**पाकुड़ :** जिले में शनिवार को बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। मनीष कुमार का तबादला कर उन्हें चाईबासा का नया उपायुक्त बनाया गया है। उनके स्थान पर मेघा भारद्वाज को पाकुड़ का नया उपायुक्त नियुक्त किया गया है। उन्होंने शनिवार को पदभार ग्रहण कर लिया। नई उपायुक्त मेघा भारद्वाज के पदभार संभालते ही प्रशासनिक गतिविधियों में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है। पदभार ग्रहण के बाद उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले की प्राथमिकताओं और चल रही योजनाओं की जानकारी ली। वहीं पुलिस प्रशासन में भी बदलाव करते हुए अनुदीप सिंह को पाकुड़ का नया पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है। इससे पहले वे कोडरमा जिले में पदस्थापित थे। उनके कार्यभार संभालने के बाद जिले में कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ करने की दिशा में नए कदम उठाए जाने की संभावना है। प्रशासनिक बदलाव को लेकर जिले में चर्चाओं का माहौल है। आम जनता और जनप्रतिनिधियों ने नए अधिकारियों से विकास कार्यों में तेजी और बेहतर कानून-व्यवस्था की उम्मीद जताई है।

### नगर थाना परिसर में होटल संचालकों की हुई बैठक



**साहिबगंज:** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह के निदेर्शानुसार नगर थाना परिसर में शनिवार को होटल संचालकों व पुलिस विभाग के साथ बैठक हुई। बैठक के दौरान नगर थाना प्रभारी अमित गुप्ता ने बताया की रविवार को होने वाली जेपीएससी परीक्षा को लेकर जो भी होटल में रहने आते हैं उनकी अच्छी तरह से जांच हो और आधार कार्ड को जमा लेकर ही होटल के कमरे दें,और साथ ही किसी तरह का संदेह होने पर इसकी सूचना नगर थाना पुलिस को दें और पुलिस प्रशासन को अवगत कराए। इस मौके पर थाना प्रभारी अमित गुप्ता ने होटल संचालकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जिला के व्यवसायी निर्भीक होकर अपना काम करें, पुलिस हर समय उनके साथ है उन्होंने कहा कि जिले में अपराध और अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है, किसी भी तरह की समस्या होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें, त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

## किऊल-मालदा मेमू ट्रेन का तीनपहाड़ में स्टॉपेज शुरू, चालक-गार्ड का किया गया स्वागत



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** मालदा रेल मंडल के तीनपहाड़ रेलवे स्टेशन पर शनिवार को किऊल-मालदा टाउन (03204) ट्रेन दोपहर 12:00 बजे पहली बार तीनपहाड़ पहुंच रुकने व इसका ठहराव होने पर क्षेत्रीय विकास संघर्ष समिति ने चालक सुकेश कुमार, सुमित राज और लोको इंस्पेक्टर वीके सिंह का मिठाई खिलाकर और माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। जबकि ट्रैन में यात्रियों की काफी भीड़-भाड़ देखने को मिली। इस ट्रैन का ठहराव तीनपहाड़ स्टेशन में देने पर तीनपहाड़ क्षेत्रीय विकास संघर्ष समिति ने रेलवे को धन्यवाद दिया और कहा कि इतना राजस्व होने पर भी तीनपहाड़ स्टेशन की उपेक्षा की जाती रही हैं। संघर्ष समिति अन्य ट्रेनों का मांग किया है अगर सभी मांगो को 20 अप्रैल तक पूरा नही किया जाता हैं तो समिति आगे उग्र आंदोलन की रूप रेखा तय करेगी। इस दौरान समिति के अनिल सरकार, नीरज सक्सेना, रामदर्शन सिंह श्यामल रक्षित, शाहिद रिजवी, संजय चौधरी, मो नाज़िम लड्डू, सतनारायण मंडल, मुर्शिद राजा, शंभु भगत, लक्ष्मी यादव, आफताब सहित अन्य शामिल थे।

## रैंप कार्यक्रम के तहत जीएसटी आधारित उद्यमिता शिविर का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** ज़िले में झारखण्ड सरकार के उद्योग विभाग एवं झारखंड औद्योगिक अवसंरचना विकास निगम द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के प्रदर्शन एवं प्रतिस्पर्धात्मकता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से विश्व बैंक समर्थित रैंप कार्यक्रम के तहत आज पाकुड़ में जीएसटी विषयक उद्यमिता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य जिले के एमएसएमई उद्यमियों को औपचारिक अर्थव्यवस्था से जोड़ना, उन्हें वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) से संबंधित समुचित जानकारी प्रदान करना तथा उद्यम पंजीकरण की प्रक्रिया को सरल बनाना था। साथ ही प्रतिभागियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने पर विशेष बल दिया गया। शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय उद्यमियों ने भाग लिया एवं ऑन-द-स्पॉट पंजीकरण सुविधा का लाभ उठाया। इस पहल से जिले में औपचारिक एमएसएमई इकाइयों की संख्या में वृद्धि की संभावना व्यक्त की गई। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों द्वारा जीएसटी पंजीकरण, रिटर्न दाखिल करने की प्रक्रिया, कर अनुपालन तथा व्यवसाय विस्तार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र ने कहा कि एमएसएमई क्षेत्र जिले की आर्थिक प्रगति का महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने उद्यमियों से आह्वान किया कि वे अपने व्यवसाय को औपचारिक रूप दें तथा जीएसटी पंजीकरण कर सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाएं। उन्होंने बताया कि औपचारिक होने से उद्यमियों को वित्तीय सहायता, बाजार तक बेहतर पहुंच एवं विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं का लाभ प्राप्त होता है, जिससे उनके व्यवसाय के विस्तार की संभावनाएं बढ़ती हैं।

## मनरेगा कर्मियों की आवाज बुलंद : नियमितीकरण की मांग को लेकर विधायक को सौंपा ज्ञापन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** झारखंड राज्य के मनरेगा कर्मियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर स्थानीय विधायक मो. ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा से मुलाकात कर एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपा। इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित कर्मियों ने अपनी समस्याओं और वर्षों से लंबित नियमितीकरण के मुद्दे को विस्तार से रखा। इस दौरान कर्मियों ने बताया कि वे लंबे समय से मनरेगा के तहत सेवाएं दे रहे हैं, बावजूद इसके उनका नियमितीकरण नहीं किया गया है, जो उनके लिए एक गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है। उन्होंने सरकार से मांग की कि उनके अनुभव और सेवा को देखते हुए शीघ्र स्थायी नियुक्ति का निर्णय लिया जाए। कर्मियों का कहना था कि वे लगातार जिम्मेदारी के साथ कार्य कर रहे हैं, लेकिन नौकरी की अस्थिरता के कारण उनका भविष्य अनिश्चित बना हुआ है। इस पर विधायक एमटी राजा ने सभी कर्मियों की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को मुख्यमंत्री के समक्ष भी रखा जाएगा ताकि जल्द से जल्द सकारात्मक समाधान निकल सके।

## दीपक कुमार दुबे ने साहिबगंज के 37वें उपायुक्त के रूप में संभाला पदभार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला के 37वें उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी के रूप में भारतीय प्रशासनिक सेवा (2019 बैच) के अधिकारी दीपक कुमार दुबे ने आज विधिवत रूप से अपना कार्यभार ग्रहण किया। समाहरणालय परिसर में आयोजित एक सादे किंतु गरिमामय कार्यक्रम के दौरान उन्होंने पदभार संभालते हुए जिले के सर्वांगीण विकास एवं सुशासन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत उपायुक्त दुबे ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं त्वरित निष्पादन पर विशेष बल देते हुए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, आधारभूत संरचना एवं कानून-व्यवस्था के क्षेत्रों में निरंतर सुधार हेतु ठोस पहल की जाएगी। साथ ही, आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जनसुनवाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा।

## ओवरलोडिंग रोकने में नाकाम प्रशासन,नाबालिग चला रहे हैं ऑटो, बिना लाइसेंस बोरियो क्षेत्र में हो रहा ऑटो का परिचालन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** बोरियो थाना क्षेत्र के विभिन्न सड़कों में चल रहे ऑटो चालकों की मनमानी के कारण सड़कों में लोगों को चलना मुश्किल हो गया है। ऑटो चालकों की ओर से सड़कों में तेज रफ्तार से ऑटो को दौड़ाया जाता है। इसे रोकने में बोरियो प्रशासन नाकाम साबित हो रही है। जानकारी के अनुसार ऑटो चालकों की ओर से खुलेआम नियमों की धज्जियां भी उड़ाई जाती है। ऑटो के तेज रफ्तार के कारण आए दिन क्षेत्र में छोटी बड़ी दुर्घटनाएं होती रहती है। वाहनों के रफ्तार पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन गंभीर नही है, कभी काभर जाँच के नाम पर खानापूर्ति कर ली जाती है। वाहन चालकों की मनमानी इस तरह से हावी है कि नियमो को ताक पर रखकर प्रशासन के नाक के नीचे ओवर लोड कर चलाया जाता है। वाहन चालकों के द्वारा शहरी क्षेत्र और हाइवे में लगे नियम और स्पीड बोर्ड का पालन नही किया जाता है।खासकर बोरियो-बरहेट-साहेबगंज जाने वाले सड़कों पर तेज रफ्तार से वाहन को दौड़ाया जाता है ,ऐसे कई ऑटो चालकों के पास अपना ड्राइविंग लाइसेंस तक नहीं होता है कई तो कम उम्र के नाबालिग बच्चों की ओर से भी ऑटो को चलाया जाता है। प्रशासन की ओर से नियमित रूप से जाँच अभियान नहीं चलाये जाने के कारण चालकों की ओर से नियमो की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जाती है।

## संक्षिप्त खबरें

### सड़क-गार्डवाल निर्माण में नाला बाधित किसानों ने जताई नाराजगी



**साहिबगंज :** जिले के बरहरवा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चापुजान से कालू मौजा तक चल रहे सड़क एवं गार्डवाल निर्माण कार्य के दौरान सोलगढ़िया नाला के अतिक्रमण को लेकर स्थानीय किसानों में नाराजगी देखी जा रही है। किसानों ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान से शिकायत किया कि निर्माण कार्य के कारण सड़क एवं गार्डवाल निर्माण कार्य में जोला नाला को अतिक्रमण किया जा रहा है। जिससे खेतों की सिंचाई प्रभावित हो रही है। शिकायत मिलने पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने मामले का संज्ञान लेते हुए किसानों एवं संवेदक के साथ निर्माण स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नाला की स्थिति का जायजा लिया और किसानों की समस्याएं सुनीं। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि नाला का जल प्रवाह बाधित होने से आसपास के किसानों को सिंचाई में कठिनाई हो रही है। इस पर बरकत खान ने विभागीय पदाधिकारियों से वार्ता कर स्पष्ट निर्देश दिया कि पहले नाला को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए, उसके बाद ही गार्डवाल का निर्माण कार्य किया जाए। बरकत खान ने कहा कि किसानों की समस्याओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। नाला का अतिक्रमण गंभीर विषय है, इसे तत्काल हटाकर जल प्रवाह सुचारु किया जाए ताकि किसान अपनी फसलों की सिंचाई कर सकें। किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। मौके पर दर्जनों किसान उपस्थित थे।

### पत्नी की हत्या के आरोपी पति ने राजमहल व्यवहार न्यायालय में किया आत्मसमर्पण

**साहिबगंज:** जिले के राधानगर थाना क्षेत्र के अमानत के गन्नीहाजी टोला में बीते 26 मार्च 2026 को दहेज के लिए पत्नी की हत्या करने के आरोपी में पति मेहबूब आलम ने शनिवार को राजमहल व्यवहार न्यायालय में आत्मसमर्पण किया। क्या है मामला- बीते 26 मार्च 2026 को राधानगर थाना क्षेत्र के अमानत गन्नीहाजी टोला में दोपहर एक विवाहित महिला खुशी खातुन 18 वर्ष की शव अपने ही सासुरल में पंखे के फंदे में लगा मिला। घटना की सूचना मिलने पर मृतक के परिजनों ने अमानत पहुंच कर घटना की जानकारी राधानगर थाना पुलिस को दिया था। इधर राधानगर थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर पुछताछ के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया गया था। वहीं परिजनों ने आरोप लगाया था कि दहेज के लिए उसके पति ने मेरी बेटी की हत्या कर आत्महत्या के रुप देने के लिए फंदे पर लटका दिया है।मृतक के मायके राजमहल थाना क्षेत्र के जामनगर तहीरटोला है। मामले को लेकर मृतक के परिजनों ने पति मेहबूब आलम के खिलाफ राधानगर थाना में लिखित शिकायत की थी। इधर राधानगर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करने बाद आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही थी।

### अमड़ापाड़ा में बारिश और ओलावृष्टि से मौसम सुहाना, गर्मी से मिली राहत



**अमड़ापाड़ा :** जिले के अमड़ापाड़ा प्रखंड क्षेत्र में शनिवार शाम अचानक मौसम ने करवट ली और तेज हवाओं के साथ हुई बारिश एवं ओलावृष्टि ने लोगों को भीषण गर्मी से राहत दिलाई। दोपहर तक जहां चिलचिलाती धूप और उमस भरी गर्मी से लोग परेशान थे, वहीं शाम होते ही आसमान में घने बादल छा गए और देखते ही देखते तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश के साथ हल्की ओलावृष्टि भी हुई, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई और मौसम सुहावना हो गया। अचानक बदले मौसम से जहां आम लोगों ने राहत की सांस ली, वहीं किसानों के बीच मिली-जुली प्रतिक्रिया देखने को मिली। कुछ किसानों ने इसे फसलों के लिए लाभदायक बताया, जबकि ओलावृष्टि से सब्जी और आम के बौर को हल्का नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। बारिश के कारण बाजारों में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल रहा और लोग सुरक्षित स्थानों की ओर भागते नजर आए। कई जगहों पर जलजमाव की स्थिति भी उत्पन्न हो गई, जिससे राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

### बिंदुधाम मेला परिसर में पसरी गंदगी को कमेटी ने कराया साफ

**साहिबगंज:** जिले के बरहरवा के सुप्रसिद्ध बिंदुवासिनी मंदिर में चैत्र नवरात्र के उपलक्ष में मंदिर की तलहटी में लगने वाले रामनवमी मेले के परिसर में फैली गंदगी की साफ-सफाई करायी गयी है। मेला परिसर में फैली गंदगी को लेकर अखबार प्रत्यूष नवबिहार में खबर प्रकाशित की थी। इसके बाद मेला कमेटी हरकत में आयी। सदस्यों ने राजकीयकृत मध्य विद्यालय बिंदुवासिनी के मुख्य गेट के सामने फैले कूड़े-कचरे की सफाई करायी। बताते चलें कि प्रत्यूष नवबिहार ने प्रमुखता से मुद्दा उठाया था कि मेला परिसर में प्लास्टिक, पॉलीथिन और जूठी पत्तलों का अंबार लगा है। सबसे खराब स्थिति स्कूल गेट के सामने थी, जहां बदबू के कारण 180 बच्चों का पढ़ना मुश्किल हो रहा था। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका प्रेमलता टुडू ने भी इस समस्या को बताया था। खबर छपने के बाद मेला कमेटी अध्यक्ष विशाल दास ने त्वरित संज्ञान लेते हुए सफाई कार्य कराया। अब स्कूल के सामने से गंदगी हट गयी है। इससे विद्यालय के शिक्षकों, बच्चों और अभिभावकों ने राहत की सांस ली है।

### दुर्गम पहाड़ियों में पहुंची स्वास्थ्य टीम, सिविल सर्जन ने किया मलेरिया सर्वे का निरीक्षण

**साहिबगंज:** सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान साहिबगंज के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोरियो के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर बरमसिया एवं देवपहाड़ अंतर्गत मलेरिया, डायरिया एवं अन्य मौसमी बीमारी फैलने की सुचना प्राप्त होते ही आयुष्मान आरोग्य मंदिर बरमसिया एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर देवपहाड़ अंतर्गत अति दुर्गम पहाड़ी गाँव बरुघुटु अमरपुर,जीतपुर, गड़गड़ी, ईचाटांड़ आदि विभिन्न गावों में भ्रमण कर सभी मरीजों का हाल चाल जाने एवं स्वास्थ्य से सम्बंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही उक्त गाँवो में मेडिकल टीम के द्वारा किए जा रहे स्वास्थ्य शिविर, मलेरिया मास सर्वे एवं घर-घर फीवर सर्वे का निरक्षण किए एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही सिविल सर्जन के द्वारा गोड्डा जिले से सटे सभी गाँवों में स्वास्थ्य शिविर, मलेरिया मास सर्वे एवं घर-घर फीवर सर्वे नियमित तौर पर करने का निर्देश दिए। सिविल सर्जन के द्वारा सभी पहाड़ी क्षेत्रों में मेडिकल टीम गठित कर सभी बुखार पीड़ित रोगियों को मलेरिया जाँच करने को कहा गया। सिविल सर्जन के द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को अपने घर के आस-पास, साफ-सफाई रखने, प्रत्येक दिन मच्छरदानी लगा कर सोने, ताजा और गर्म खाना खाने, पानी को उबाल कर ठंडा कर पीने, किसी को भी बुखार होने पर तुरंत अपने गाँव की सहिया, एमपीडब्ल्यू, सहिया एवं एएनएम से संपर्क कर खून की जाँच करवाने, किसी झोलाछाप डॉक्टर या झाड़-फुक ओझा,गुनी जड़ी-बूटी के चकर में ना पड़ने की सलाह दिए। मौके पर डॉ सत्ती बाबू डाबडा जिला वीबीडी सलाहकार, मो तौसीफ अहमद डीडीएम (आईडीएसपी), डॉ जय कुमार चिकित्सा पदाधिकारी, मंजू हेमब्रम सहिया आदि स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## एक नजर

### कुएं में डूबने से दो बच्चियों की मौत

**गिरिडीह** : जिले के सरिया थाना क्षेत्र में एक हादसे में कुएं में डूबने से दो नाबालिग बच्चियों की मौत हो गई है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई है। घटना के बाद शनिवार स्थानीय लोगों के प्रयास से दोनों को कुएं से बाहर निकाला गया। जब तक दोनों को कुएं से बाहर निकाला दोनों की मौत हो चुकी थी। घटना सरिया थाना क्षेत्र के लालोकोनी गांव की है। मृतकों की पहचान नगमा खातुन और साहिन प्रवीण के रूप में हुई है। बताया जा रहा कि दोनों शुकवार रात शौच के लिए गई थी। वापस नही लौटने पर लोगों ने खोज बीन की। इस दौरान शनिवार को दोनों के शव कुएं मे तैरते मिले। फिलहाल घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। घटना को लेकर थाना प्रभारी पिंकू कुमार का कहना है कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। पुलिस ने दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया है। इधर घटना के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया है। गांव में भी शोक की लहर है। जिप सदस्य अनुप कुमार पांडेय ने कहा कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस को सूचना दी गई। जिसके बाद पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### वरिष्ठ अधिवक्ता पीएन गोप का निधन

**पूर्वी सिंहभूम** : शहर के जाने-माने और डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन से जुड़े वरिष्ठ अधिवक्ता प्रताप नारायण गोप का शनिवार सुबह निधन हो गया। वे 85 वर्ष के थे और पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। इलाज के दौरान बारीडीह स्थित मर्सी अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार रविवार पूर्वाह्न 11 बजे बिष्टुपुर सर्किट हाउस क्षेत्र स्थित बेलडीह कब्रिस्तान में किया जाएगा। उनके निधन से विधि जगत और सामाजिक क्षेत्र में शोक की लहर है। वरिष्ठ अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने बताया कि गोप बाबू ने करीब 13 वर्षों तक लोक अभियोजक के रूप में अपनी सेवाएं दीं। इसके अलावा वे पिछले 57 वर्षों से जमशेदपुर में वकालत कर रहे थे। फौजदारी और दीवानी, दोनों ही मामलों में उनकी गहरी पकड़ थी और वे अपने अनुभव तथा सरल स्वभाव के लिए जाने जाते थे। गोप बाबू सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय रहे। वे बिरसा सेवा दल सहित कई संस्थाओं से जुड़े थे, जो अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए कार्य करती हैं। परिवार की बात करें तो वे अपने पीछे बहू और पौत्र को छोड़ गए हैं। उनकी पत्नी और दोनों पुत्रों का निधन पहले ही हो चुका था। उनके निधन पर झारखंड बार काउंसिल के उपाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ल, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आर नाथ दास, सचिव राजेश रंजन समेत कई अधिवक्ताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### युवक ने की खुदकुशी जांच में जुटी पुलिस

**खूंटी** : खूंटी थाना क्षेत्र के चलागी गांव में लगभग 30 वर्षीय आकाश कर्मकार नामक युवक ने शुक्रवार की देर रात फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली। घटना के बाद इलाके में शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार, आकाश कर्मकार नशे की हालत में था। बताया जा रहा है कि उसने एक दिन पहले अपने भाई से ऑनलाइन पैसे भेजने को कहा था, लेकिन गलती से वह पैसा किसी दूसरे मोबाइल नंबर पर चला गया। इसी बात को लेकर दोनों भाइयों के बीच कहासुनी हो गई थी। बताया जाता है कि रात में आकाश घर से कुछ दूरी पर गया और एक कटहल के पेड़ में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। सुबह घटना की जानकारी मिलने के बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

# घर में घुसकर मेयर समर्थक शुभम यादव की गोली मारकर हत्या

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद** : धनबाद में अपराधियों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। 15 अप्रैल को कोयला व्यवसायी मनीष सिंह पर फायरिंग के बाद अब एक और सनसनीखेज वारदात सामने आई है। इस बार अपराधियों ने घर में घुसकर मेयर समर्थक शुभम यादव को गोली मार दी, जिससे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

धनबाद के सोनारडीह ओपी क्षेत्र में रहने वाले शुभम यादव को देर रात अपराधियों ने निशाना बनाया। बताया जा रहा है कि दो की संख्या में आए अपराधियों ने घर में घुसकर शुभम पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। घटना के वक्त शुभम अपनी दादी के साथ घर में मौजूद था। अचानक गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक अपराधी फरार हो चुके थे। गंभीर रूप से घायल शुभम को पहले कतरास के नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत नाजुक होने पर उसे असर्फी अस्पताल रेफर किया गया। लेकिन इलाज के दौरान शुभम की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि शुभम यादव को तीन गोलियां मारी गई थीं, दो छाती में और एक सिर में। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। घटना की सूचना मिलते ही धनबाद के मेयर संजीव सिंह अस्पताल पहुंचे और परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारियों से जल्द से जल्द आरोपितों की गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को सुरक्षा देने की मांग की। वहीं पुलिस ने घटनास्थल से पांच खोखा बरामद किया है और मामले की जांच तेज कर दी है। ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने बताया कि मृतक का आपराधिक इतिहास रहा है और जल्द ही सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मृतक की दादी सरिता देवी ने बताया कि हम लोग घर में थे, अचानक गोली की आवाज आई। जब तक पहुंचे तब तक अपराधी भाग चुके थे। सिर में गोली लगी थी। लोगों की मदद से अस्पताल भेजा गया।

घटना को लेकर धनबाद के मेयर संजीव सिंह ने कहा कि शुभम को तीन गोली मारी गई थी, इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस से मांग है कि दोषियों को जल्द गिरफ्तार किया जाए और परिवार को सुरक्षा दी जाए। इस मामले पर ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने कहा कि शुभम यादव को तीन गोली मारी गई थी। इलाज के दौरान उसकी मौत हुई। घटनास्थल से पांच खोखा बरामद किया गया है। जल्द ही सभी आरोपियों की गिरफ्तारी होगी। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है, लेकिन लगातार हो रही गोलीबारी की घटनाओं ने धनबाद की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी आभा कुमारी के निधन पर श्रद्धांजलि व शोकसभा

**लातेहार** : स्थानीय जिला खेल स्टेडियम स्थित वॉलीबॉल खेल मैदान में राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी आभा कुमारी (14) के असामयिक निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर लोगों ने नम आंखों से उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी गयी। बता दें कि शुक्रवार को आभा का आकस्मिक निधन हो गया था। उसे सिर और पेट दर्द की शिकायत के बाद सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। चिकित्सकों ने उसे जांच के बाद मृत घोषित कर दिया था। लातेहार जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन द्वारा आयोजित शोक सभा में जिला खेल पदाधिकारी लातेहार अविनेश कुमार त्रिपाठी, लातेहार जिला वालीबॉल एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष पंकज तिवारी और आवासीय एथलेटिक्स के सैकड़ो खिलाड़ी ने भाग लिया।

## रवि आनंद ने चतरा के उपायुक्त के रूप में पदभार किया ग्रहण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**चतरा** : भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी रवि आनंद ने आज चतरा जिले के 40वें उपायुक्त के रूप में पदभार ग्रहण किया। उन्होंने निवर्तमान उपायुक्त कीर्तिश्री जी से विधिवत कार्यभार प्राप्त किया। पदभार ग्रहण करने के उपरांत उपायुक्त रवि आनंद ने कहा कि वे जिले के समग्र विकास के लिए सभी विभागों के साथ समन्वय एवं टीम भावना के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि उनके कार्यकाल में महिला एवं बाल विकास, शिक्षा के सुदृढ़ीकरण तथा राज्य एवं केंद्र सरकार की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन प्राथमिकता में रहेगा, ताकि पात्र लाभुकों को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जा सके। उपायुक्त ने पेयजल की समस्याओं के समाधान हेतु सभी प्रभावित क्षेत्रों की समीक्षा करने की बात कही। उन्होंने निर्देश दिया कि जहां भी पेयजल संबंधी समस्या चिन्हित होगी, वहां 48 घंटे के अंदर चापानल की मरम्मत अथवा वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि वे नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण कर आमजनों से संवाद स्थापित करेंगे तथा प्राप्त समस्याओं का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करेंगे। साथ ही प्रत्येक सप्ताह जनता दरबार का आयोजन कर प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन किया जाएगा। स्वास्थ्य व्यवस्था के संदर्भ में उपायुक्त ने कहा कि जिले में चिकित्सकों की कमी एवं अन्य समस्याओं का आकलन कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ किया जा सके। पदभार ग्रहण करने के उपरांत ही उपायुक्त रवि आनंद ने समाहरणालय परिसर स्थित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राजस्व शाखा, आपूर्ति शाखा, सामान्य शाखा सहित अन्य कार्यालयों का भ्रमण कर कार्यप्रणाली की जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सह जिला परिवहन पदाधिकारी माहेश्वरी प्रसाद, डीआरडीए निदेशक अलका कुमारी, जिला नियोजन पदाधिकारी मन्नू कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शकील अहमद, सहित अन्य पदाधिकारी, कर्मी एवं मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## घाटी में कोल्ड ड्रिंक लदा ट्रक पलटा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम** : पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा स्थित सेरेंगसिया घाटी में शनिवार सुबह एक बड़ा हादसा उस समय हो गया, जब कोल्ड ड्रिंक्स से लदा टाटा 407 ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे के बाद जहां एक ओर चालक घायल अवस्था में मदद का इंतजार करता रहा, वहीं दूसरी ओर मौके पर जुटी भीड़ ने इंसानियत को दरकिनार करते हुए बिखरे पड़े कोल्ड ड्रिंक के कार्टन और बोतलों को लूटना शुरू कर दिया।

जानकारी के अनुसार, ट्रक चाईबासा की ओर कोल्ड ड्रिंक्स की खेप लेकर जा रहा था। सेरेंगसिया घाटी के खतरनाक और तीखे मोड़ों में से एक पर चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा, जिसके बाद ट्रक पलट गया। हादसे में चालक को हल्की चोटें आईं, जिसे स्थानीय लोगों की मदद से प्राथमिक उपचार के लिए भेजा गया। हालांकि, ट्रक के पलटते ही उसमें लदे सैकड़ों कार्टन सड़क पर बिखर गए।

हादसे के तुरंत बाद आसपास के गांवों के लोग और राहगीर मौके पर पहुंचने लगे। देखते ही देखते हालात ऐसे बन गए कि लोग कोल्ड ड्रिंक की बोतलें और कार्टन उठाकर भागने लगे। कुछ लोग हेलमेट पहनकर बोतलों को सुरक्षित ले जाते भी नजर आए, ताकि पहचान छिपाई जा सके। स्थिति इतनी तेजी से बिगड़ी कि मौके पर मौजूद कुछ लोग वीडियो बनाने में लगे रहे, जबकि बड़ी संख्या में लोग लूटपाट में शामिल हो गए।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। आधे से ज्यादा सामान लोगों द्वारा ले जाया जा चुका था। पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए मौके पर मौजूद लोगों को खदेड़ा और बचे हुए सामान को सुरक्षित कराया। साथ ही सड़क से क्षतिग्रस्त वाहन को हटाने की प्रक्रिया भी शुरू की गई।

इस घटना में ट्रक मालिक को लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। पुलिस ने चालक का बयान दर्ज कर लिया है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

## बहन की शादी से चार दिन पहले युवक ने की खुदकुशी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम** : पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा थाना क्षेत्र में खुशियों से भरा एक घर अचानक मातम में बदल गया। जिस परिवार में चार दिन बाद शादी की तैयारियां अपने चरम पर थीं, वहीं अब शहनाइयों की जगह सिसकियों की आवाज गूंज रही है।

उईनाला गांव निवासी 23 वर्षीय अनिमेष साहू ने कथित तौर पर शुक्रवार रात खुदकुशी कर ली। उसका शव शनिवार सुबह पॉलिटेक्निक कॉलेज के पीछे स्थित काजू बागान में पेड़ से लटका मिला। सूचना मिलते ही बहरागोड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की प्रक्रिया पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए घाटशिला अनुमंडल अस्पताल भेज दिया।

परिजनों के अनुसार, अनिमेष अपनी बहन की शादी को लेकर पिछले कुछ दिनों से काफी परेशान था। 21 अप्रैल को शादी तय थी और घर में तैयारियां चल रही थीं, लेकिन आर्थिक तंगी के कारण वह लगातार तनाव में था। पिता महादेव साहू ने पुलिस को बताया कि परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति के चलते शादी के खर्चों को लेकर अनिमेष गहरे मानसिक दबाव में आ गया था। वह अक्सर पैसों की चिंता करता था और खुद को असहाय महसूस कर रहा था। बताया जा रहा है कि 17 अप्रैल से ही अनिमेष घर से लापता था। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद तकनीकी सेल की मदद से उसकी मोबाइल लोकेशन ट्रैक की गई।

## कानून की जानकारी सभी के लिए आवश्यक : डीएलएसए सेक्रेटरी

### बाल तस्करी, बाल विवाह, बाल मजदूरी, पोक्सो एक्ट, आईटी एक्ट सहित कई कानूनों की दी गई जानकारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**कोडरमा** : झारखंड विधि महाविद्यालय झुमरीतिलिया कोडरमा में शनिवार को विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख अतिथि के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के सचिव गौतम कुमार उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को कानून के प्रति जागरूक करना है, जिससे अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंच सके। वही डिफेंस काउंसिल के अधिवक्ता नवल किशोर ने आईटी एक्ट एवं पोक्सो एक्ट पर विस्तृत रूप से जानकारी दी। वहीं राजेंद्र मंडल ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। वही डिफेंस काउंसिल के अधिवक्ता राजेंद्र मंडल ने, आईटी एक्ट व डीएलएसए द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तृत रूप से जानकारी दी। वही कॉलेज के प्रिंसिपल विकास राय के ने भी बच्चों को कई कानूनी पहलुओं के बारे में बताते हुए कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी। वही अधिवक्ता अरुण कुमार ओझा ने सामाजिक कुरीतियों, बाल विवाह बाल मजदूरी, शिक्षा का अधिकार, महिला प्रताड़ना, अधिकार और कर्तव्य पर विस्तृत रूप से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कानून की अवहेलना करने पर दंड का प्रावधान है। वहीं उन्होंने बताया कि बाल विवाह एक सामाजिक समस्या है जिसे हम सभी को मिलकर दूर करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह करना या कराना या उसमें शामिल होना कानूनन दंडनीय अपराध है, इसकी रोकथाम करना हम सब की नैतिक जिम्मेवारी है। इसके दोषियों को दो साल तक कि सजा एवं एक लाख रुपये तक का जुमार्ना है।

इसकी रोकथाम के लिए ग्राम पंचायत, शिक्षक, आंगनवाड़ी सेविकाएं, बाल संरक्षण समिति सहित बाल विवाह निषेध पदाधिकारी की जवाबदेही सुनिश्चित की गयी है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह की सूचना ग्राम पंचायत, पुलिस प्रशासन, बाल विवाह निषेध पदाधिकारी को कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा, रमाकांत मिश्रा सर के नेतृत्व में चलाया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को जागरूक करने के साथ संस्कारीत करना है। धन्यवाद ज्ञापन कॉलेज के प्रिंसिपल विकास राय ने किया। मौके डॉक्टर कौशल कुमार, डॉ एसके पांडे, प्रोफेसर अजय भट्टाचार्य प्रोफेसर महजली परवीन, प्रोफेसर कविता कुमारी, अरुण कुमार सिंह, प्रोफेसर आत्मानंद, मिस माला सिन्हा, के अलावा महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### महिला आरक्षण विधेयक को पारित होने से रोकना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ : डॉ. पवन पांडेय



**पूर्वी सिंहभूम** : महिला आरक्षण विधेयक को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है। इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए एनसीपी नगर निकाय के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. पवन पांडेय ने शनिवार को बयान जारी कर विपक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। डॉ. पांडेय ने कहा कि जब देश में महिला सशक्तिकरण की बात होती है तो सभी दल बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, लेकिन जब महिलाओं को वास्तविक अधिकार देने की बारी आती है, तब कुछ दल पीछे हट जाते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि महिला आरक्षण विधेयक को पारित होने से रोकना न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है, बल्कि यह देश की आधी आबादी के साथ अन्याय भी है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने के लिए लंबे समय से यह मांग उठती रही है कि संसद और विधानसभाओं में उन्हें पर्याप्त प्रतिनिधित्व मिले। ऐसे में यदि इस दिशा में ठोस कदम उठाने का प्रयास होता है और उसे बाधित किया जाता है, तो यह दुर्भाग्यपूर्ण है। डॉ. पांडेय ने यह भी कहा कि देश की महिलाएं अब जागरूक हो चुकी हैं और वे इस तरह के राजनीतिक व्यवहार को भली-भांति समझती हैं। उन्होंने दावा किया कि भविष्य में जनता ऐसे निर्णयों का जवाब लोकतांत्रिक तरीके से देगी।

### लोहरदगा के 43 वें उपायुक्त के रूप में संदीप कुमार मीणा ने किया पदभार ग्रहण



**लोहरदगा** : लोहरदगा जिला के 43वें उपायुक्त के रूप में संदीप कुमार मीणा ने शनिवार को पदभार ग्रहण किया । निवर्तमान उपायुक्त डॉक्टर कुमार ताराचंद ने उन्हें पदभार सौंपा। पदभार संभालते ही उन्होंने जिले के समग्र विकास और जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने की बात कही। पदभार ग्रहण करने के बाद उपायुक्त ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य, और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में विशेष ध्यान दिया जाएगा।जिले के विकास को गति देना, आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करना और पारदर्शी प्रशासन देना हमारी प्राथमिकता होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं का समय पर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए और जनता से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता के साथ काम किया जाए। मौके पर निवर्तमान उपायुक्त डा कुमार ताराचंद को विदाई दी गई और नये उपायुक्त का स्वागत किया गया। मौके पर समाहरणालय के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

### खूंटी में पुलिस बनकर एलआईसी एजेंट को लगाया दो लाख का चूना

**खूंटी** : खूंटी थाना क्षेत्र में ठगी का एक अजीब मामला सामने आया है, जहां दो ठगों ने खुद को पुलिस अधिकारी बताकर एक व्यक्ति से सोने की अंगूठियां बदलकर ठगी कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार खूंटी निवासी संतोष सिंह, जो एलआईसी एजेंट हैं, गत सोमवार को तोरपा रोड से गुजर रहे थे। इसी दौरान दो व्यक्ति उनके पास पहुंचे और खुद को पुलिस अधिकारी बताते हुए उनसे पूछताछ करने लगे। ठगों ने संतोष सिंह के हाथ में सोने की अंगूठी देखकर कहा कि इस तरह सोना पहनकर चलना मना है और अंगूठियों को जांच के लिए हाथ में ले लिया। इस संबंध में भुक्तभोगी संतोष सिंह ने शनिवार को बताया कि बातचीत के दौरान एक व्यक्ति अंगूठियों को देखने लगा, जबकि दूसरा व्यक्ति कागज पर कुछ लिखने का नाटक करने लगा। कुछ देर बाद कथित पुलिस अधिकारी ने अंगूठियां वापस कर दीं। उस समय संतोष सिंह को यह घटना सामान्य लगी और वे अपने घर चले गए। घर पहुंचने के बाद जब उन्होंने अंगूठियों को ध्यान से देखा तो पता चला कि असली सोने की अंगूठियों की जगह ठगों ने पीतल की अंगूठियां दे दी हैं। ठगी की इस घटना से उन्हें करीब दो लाख रुपये का नुकसान हुआ। घटना के दो दिन बाद संतोष सिंह ने खूंटी थाना में अज्ञात ठगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और ठगों की तलाश की जा रही है। इसके सीसीटीवी को खंगाला जा रहा है और तकनीकी सेल की मदद से ठगों की पहचान की कोशिश की जा रही है। खूंटी के थाना प्रभारी अशोक कुमार सिंह ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अनजान व्यक्ति के कहने पर अपनी कीमती वस्तुएं न दें और संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को दें।

### हज यात्रा पर रवाना हुए आजमीने हज यात्री, दुआ की महफिल में जुटे लोग



**झुमरी तिलैया** : असनाबाद निवासी मो. सज्जाद हुसैन अपनी पत्नी सूबेदा खातून के साथ शनिवार को पवित्र हज यात्रा के लिए मक्का रवाना हुए। सुबह परिजनों, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों ने उन्हें फूल-मालाओं के साथ विदा किया। इस दौरान माहौल भावुक और रूहानी नजर आया। मौके पर उनके पुत्र मो. इरशाद व मो. सरफराज उर्फ राजा ने बताया कि उनकी अम्मी और अब्बू का हज पर जाने का लंबे समय से ख्वाब था, जो आज अल्लाह के करम से पूरा हो रहा है। रवाना होने से पहले सूबेदा खातून ने कहा कि यह मेरे लिए बहुत बड़ी नेमत है। मैं अपने परिवार, शहर और मुल्क की सलामती और तरक्की के लिए दुआ करूंगी। वहीं सज्जाद ने सभी से दुआओं की दरख्वास्त करते हुए कहा कि वे हज के अरकान पूरे कर सभी के लिए मगफिरत की दुआ करेंगे। इस पावन अवसर से पहले शुक्रवार की रात उनके आवास पर दुआ का आयोजन किया गया, जिसमें मोहल्ले व आसपास के लोग शामिल हुए। दुआ कार्यक्रम में उलेमा-ए-कराम व समाज के गणमान्य लोगों ने शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान हज पर जाने वाले दंपति के लिए अल्लाह से उनकी यात्रा को आसान और मकबूल बनाने की दुआ की गई। साथ ही पूरे मुल्क में अमन-चैन और खुशहाली के लिए विशेष दुआ भी की गई। मौके पर मौजूद लोगों ने मो. सज्जाद और उनकी पत्नी को मुबारकबाद दी तथा उन्हें हज के अरकान सही तरीके से अदा करने की नसीहत दी। उलेमाओं ने कहा कि हज इस्लाम का एक अहम फर्ज है और यह हर उस मुसलमान पर फर्ज है जो इसकी इस्तेहात (सामर्थ्य) रखता हो। दुआ के बाद लोगों के बीच तबर्रुक (प्रसाद) वितरित किया गया। परिजनों और शुभचिंतकों ने हज यात्रा पर जा रहे दंपति से मुलाकात कर उनसे अपने लिए दुआ की दरख्वास्त की। दंपति के रवाना होने को लेकर घर-परिवार में खुशी और उत्साह का माहौल था, वहीं भावुकता भी साफ झलक रही थी। मालूम हो कि हज जायरीन कोलकाता से 21 मार्च को मक्का मुकर्रमा के लिए हवाई अड्डा से रवाना होंगे।

## संक्षिप्त डायरी

## बिहार से दिल्ली और बेंगलुरु के लिए चलेंगी 3 जोड़ी समर स्पेशल ट्रेनें

**पटना (एजेंसी)** बिहार से दिल्ली और बेंगलुरु के लिए 3 जोड़ी समर स्पेशल ट्रेनें चलाने का फैसला लिया गया है. ट्रेनों में भीड़भाड़ की समस्या के कारण रेलवे की ओर से यह निर्णय लिया गया. ये तीनों ट्रेनें बरौनी से होते हुए चलेंगी. बिहार में जल्द ही गर्मी की छुट्टियों की शुरूआत होने वाली है. इससे पहले रेलवे की ओर से तीन जोड़ी समर स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला लिया गया. गर्मी की छुट्टी के दौरान ट्रेनों में भीड़भाड़ की समस्या काफी बढ़ जाती है. कई बार यात्रियों को टिकट नहीं मिल पाता है. ऐसे में उनके लिए यह राहत भरा फैसला माना जा रहा है. तीनों ट्रेनें दिल्ली और बेंगलुरु के लिए बरौनी के रास्ते ही गुजरेंगी. नई दिल्ली-सुपौल स्पेशल- (ट्रेन नंबर- 04072/04071) इस ट्रेन का परिचालन 15 जुलाई तक होगा. नई दिल्ली-सुपौल स्पेशल ट्रेन 21.35 बजे नई दिल्ली से खुलेगी और तीसरे दिन सुपौल पहुंचेगी. इस दौरान यह ट्रेन हाजीपुर, शाहपुर पटोरी, बरौनी, बेगूसराय, खगड़िया, मानसी, सिमरी बख्तियारपुर और सहरसा होते हुए सुपौल पहुंचेगी. वापसी में यह ट्रेन इन्हीं सभी स्टॉपेज से गुजरते हुए दिल्ली पहुंचेगी. सुपौल से यह ट्रेन 7.45 बजे खुलेगी और अगले दिन 3 बजे दिल्ली पहुंचेगी. आनंद विहार-जोगबनी स्पेशल ट्रेन- (ट्रेन नंबर- 04008/04007) इस ट्रेन का परिचालन 18 अप्रैल से 11 जुलाई तक होगा. हर शनिवार को यह ट्रेन आनंद विहार से 8.30 बजे खुलेगी और तीसरे दिन जोगबनी पहुंचेगी. वापसी में यही ट्रेन जोगबनी से 18.30 बजे खुलेगी और तीसरे दिन 3.00 बजे आनंद विहार पहुंचेगी. यह ट्रेन अररिया कोर्ट, पूर्णिया, कटिहार, मानसी, बरौनी, शाहपुर पटोरी, हाजीपुर, सछपरा, गोरखपुर और मुरादाबाद के रूट पर चलेगी. सहरसा-यशवंतपुर स्पेशल ट्रेन- (ट्रेन नंबर- 05551/05552) सहरसा-यशवंतपुर ट्रेन हर गुरुवार को चलाई जा रही है

## पटना में गेहूं की फसल में लगी आग

**पटना (एजेंसी)** पटना जिले के पालीगंज अनुमंडल के बिक्रम प्रखंड अंतर्गत पतुत गांव के बधार में शनिवार को भीषण आग लग गई। इस घटना में गांव के कई किसानों की 50 बीघे से अधिक कई किसानों के गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। माना जा रहा है कि इस आगजनी से किसानों को 10 लाख से अधिक का नुकसान हुआ है। आग लगने का कारण तेज हवा और बिजली का शॉर्ट सर्किट फिलहाल बताया जा रहा है। जानकारी मिलते ही स्थानीय ग्रामीण और प्रशासन आग बुझाने में जुट गए। ग्रामीणों ने बताया कि आग की सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आग पूरी तरह फैल चुकी थी। घटना की जानकारी स्थानीय प्रशासन और दमकल विभाग को दी गई। मौके पर दमकल की दो गाड़ियां भी पहुंचीं, लेकिन उनके पहुंचने से पहले ही किसानों की पूरी फसल जलकर राख हो चुकी थी। इस आगजनी में किसान रेवती रमण सिंह, राधा रमण सिंह, राज कुमार सिंह, संजय सिंह और सरोज सिंह सहित कई अन्य किसानों की गेहूं की फसल प्रभावित हुई है। पीड़ित किसानों ने सरकार से जल्द से जल्द उचित मुआवजे की मांग की है। घटना को लेकर थाना प्रभारी सह प्रशिक्षु डीएसपी विनय रंजन ने बताया कि, पतुत गांव के ग्रामीणों से गेहूं की फसल में आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल को सूचना दी गई। स्थानीय प्रशासन दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पहुंची, जहां काफी मशक्कत के बाद आग पर को पाया गया। हालांकि, आग कैसे लगी है, इसकी जांच की जारी है। स्थानीय तेज हवा और बिजली की शॉट सर्किट की वजह से आग लगने की संभावना जता रहे हैं।

## बाबा बागेश्वर धाम से आई, बेटे ने घर से निकाला

**पटना (एजेंसी)** बिहार राज्य महिला आयोग में एक मामला सामने आया है जिसमें एक बूढी मां बाबा बागेश्वर धाम दर्शन के लिए गई थी। जब वापस आई तो उसके सर से आशियाना ही छिन गया। जिस किराए के मकान पर वह अपने बहू और बेटे के साथ रह रही थी, वे लोग उस घर को छोड़कर कहीं चले गए हैं। अब महिला अपने बेटे और बहू को ढूंढ रही है और उनके साथ ही रहना चाहती है। महिला की शादी 14 साल की उम्र में ही हुई थी। जब वह 19 साल की थी तब उसके पति का देहांत हो गया। उस वक्त एक बेटा गर्भ में था। विधवा होने के बाद आवेदिका अपने मायके में ही रह रही थी। बिहारशरीफ में आवेदिका के पिता काम करते थे तो बच्चा वहीं पला बढ़ा है। आवेदिका का बेटा आज भी उसे घर का किराया दे रहा है और अपनी मां को वहीं रहने के लिए कहता है लेकिन आवेदिका वहां अकेले नहीं रहना चाहती है। आवेदिका का बेटा एक बैटरी कंपनी में काम करता है। महिला ने कहा कि अपने पति के मृत्यु के बाद में पूरी तरह से अपने इकलौते बेटे पर निर्भर हूं। एक दिन जब मैं बागेश्वर धाम से घर वापस आई, तो मेरे घर में कोई नहीं था। किसी को नहीं पता था कि मेरा बेटा-बहू कहां गया है। इसके बाद मैंने डीएम को भी पत्र लिखा, जिसमें मुझे आश्वस्त किया गया कि मेरे पत्र पर करवाई होगी। तब तक मुझे दानापुर स्थित वृद्ध आश्रम में रहने को कहा गया था। जब मैं वहां 10 बजे रात में पहुंची तो वहां से हटकर मुझे शांति कुटीर भेज दिया गया। वहां मेरे साथ काफी अभद्र व्यवहार किया गया। उसके बाद मेरा बेटा आया और मुझे वहां से लेकर गया। 8 दिन अपने पास रखने के बाद और मुझे असहाय हाजीपुर पुल के पास छोड़कर कहीं चला गया। तब से मैं बिना ठिकाने घूम रही हूं। कई दिनों तक मैं स्टेशन पर भी रही। दूसरी ओर बेटे से संपर्क किया जा रहा है मगर वह फोन नहीं उठा रहा है। महिला को उसका आशियाना दिलाने की आयोग कर रही कोशिश बिहार राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष प्रो.अप्सरा ने कहा कि हमने आयोग में ऐसा पहला मामला देखा है

## नया गांधी सेतु का काम शुरू हुए 5 साल बीते

**पटना (एजेंसी)** पटना में गंगा पर गांधी सेतु के बगल में नया फोरलेन ब्रिज ढाई साल में बन जाना था। इसका काम शुरू हुए पांच साल बीते, अब तक 70% ही बन पाया है। वह भी तब जब इस पुल के निर्माण में न तो जमीन की समस्या है और न ही कोई तकनीकी बाधा है। 2926 करोड़ की लागत वाले इस 14.5 किलोमीटर लंबे ब्रिज और एप्रोच रोड को एजेंसी मार्च 2021 से बना रही है। सितंबर 2024 में ही इसे चालू कर देना था। एजेंसी अब मार्च 2027 में बना देने का दावा कर रही है। गंगा नदी पर नया पुल 5.63 किलोमीटर लंबा होगा। पुराने गांधी सेतु के 38 मीटर पश्चिम में यह बन रहा है। पहाड़ी जीरो माइल से हाजीपुर बीएसएनएल चौक तक पुराने-नए दोनों सेतु के लिए 8 लेन चौड़ा एप्रोच रोड बनाया जा रहा है। पटना की तरफ एप्रोच रोड 3.38 किमी (एलिवेटेड 1.56 किमी) तो हाजीपुर की तरफ 5.48 किमी है। एक फ्लाईओवर भी बन रहा है। केंद्रीय राजमार्ग मंत्रालय और निर्माण एजेंसी सिंगला के बीच तय एग्रीमेंट के तहत सेतु को बनाने के बाद 10 वर्षों तक उसकी मेंटेनेंस भी की जानी है। 8 लेन का रूट हो जाएगा गांधी सेतु के दोनों तरफ अप्रोच रोड के अंतिम बिंदु पर जंक्शन बन रहा है। दोनों पुलों को मिलाकर 8 लेन का रूट हो जाएगा। बड़ी गाड़ियां जाम में नहीं फंसेंगी। उत्तर बिहार के साथ ही पूर्वी उत्तर प्रदेश से पटना आने वाले लोगों को काफी सहूलियत हो जाएगी। अभी रोजाना बड़ी गाड़ियों का जाम लगने से पटना बायपास समेत दक्षिणी पटना की बड़ी आबादी परेशान है।

# सम्राट चौधरी के आवास पहुंचे नीतीश कुमार, शराबबंदी पर चर्चा और बधाई का दौर

### मुख्यमंत्री आवास पर अहम मुलाकात: नीतीश कुमार ने की सम्राट चौधरी से चर्चा



**पटना (एजेंसी)** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज फिर सुर्खियों में हैं। आज वह मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मिलने उनके आवास पर पहुंचे गए। दोनों नेताओं ने काफी देर तक बातचीत हुई। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मिलने पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शनिवार को 5, देशरत्न मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास पहुंचे। नीतीश कुमार के साथ डिप्टी सीएम विजय चौधरी भी मौजूद थे। सम्राट चौधरी ने दोनों नेताओं का स्वागत किया। इस दौरान नीतीश कुमार और सम्राट चौधरी के बीच 15 मिनट तक बातचीत हुई। मुलाकात की जो तस्वीरें सामने आईं हैं, उसमें नीतीश कुमार मुस्कुराते दिख रहे हैं। उन्होंने फिर से सम्राट चौधरी के कंधे पर हाथ रखा। सम्राट चौधरी ने भी दोनों हाथ जोड़कर उन्हें नमन किया। बिहार में नई सरकार बनने के बाद यह पहला मौका है जब नीतीश कुमार मुख्यमंत्री और दोनों उपमुख्यमंत्री से मुलाकात करने गए। नीतीश कुमार ने तीनों नेताओं ने बधाई दी और कहा कि अच्छे से काम करते रहिए आपलोग। बताया जा रहा है कि नीतीश कुमार और सम्राट चौधरी के बीच राज्य की मौजूदा राजनीतिक स्थिति, सरकार के कामकाज और आने वाले समय की रणनीति को लेकर चर्चा हुई। दोनों नेताओं की यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है, जब बिहार की राजनीति में लगातार बदलाव और समीकरणों की चर्चा हो रही है। सम्राट चौधरी के इस फैसले से नीतीश और विपक्ष दोनों खुश नई सरकार बनने के बाद से शराबबंदी कानून खत्म होने की अटकलें चल रही थी। लोग मान रहे थे मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी शराबबंदी नीति की समीक्षा करेंगे। एनडीए के कई विधायक भी इसके पक्ष में थे। लेकिन, सम्राट चौधरी ने स्पष्ट कर दिया है कि बिहार में शराबबंदी कानून और सख्ती से लागू की जाएगी। सरकार इसे खत्म करने के बारे में नहीं सोच रही है। सम्राट चौधरी के इस फैसली से नीतीश कुमार खुश हैं। वहीं राजद ने भी सम्राट चौधरी के इस फैसले का समर्थन किया है। जदयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने नीतीश कुमार के संकल्पों को आगे बढ़ाया है। इसके लिए सम्राट बधाई के पात्र हैं।

## सीवान में रातभर होटल, लॉज और रेस्टोरेंट्स में चली छापेमारी

**पटना (एजेंसी)** बिहार के सीवान जिले में रातभर छापेमारी अभियान चला. इस दौरान जिले के कई होटल, लॉज और रेस्टोरेंट्स में पुलिस पहुंची और छापेमारी की गई. इतना ही नहीं, शहर के भीड़भाड़ वाले जगह, प्रमुख बाजार समेत कई जगहों पर गाड़ियों की चेकिंग हुई. सीवान जिले में शुक्रवार की शाम से व्यापक सुरक्षा अभियान चलाया गया. जिले के सभी होटल, धर्मशाला, लॉज और रेस्टोरेंट्स में विशेष जांच अभियान को लेकर रातभर छापेमारी चली. यह जांच अभियान पटना पुलिस महानिदेशक कंट्रोल रूम के निर्देश पर चलाया गया. यह अभियान कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने और किसी भी तरह की अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से शुरू किया गया. होटल मालिकों को दिया गया आदेश अभियान के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों, उनके सामान और गतिविधियों पर विशेष नजर रखी गई. होटल मालिकों को सख्त हिदायत दी गई कि वे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति को बिना पहचान के ठहरने की अनुमति न दें और जरूरी डॉक्यूमेंट्स का वेरिफिकेशन अनिवार्य रूप से करें. इसके साथ ही जिले के भीड़-भाड़ वाले जगहों, प्रमुख बाजारों, चौक-चौराहों और मुख्य मार्गों पर सघन वाहन चेकिंग अभियान भी चलाया गया. जानकारी के मुताबिक, सभी थाना इलाकों में निर्धारित जगहों पर पुलिस टीम की ओर से लगातार चेकिंग की गई. साथ ही गाड़ियों की तलाशी भी ली गई. इस दौरान यात्रियों के सामान को चेक किया गया. संदिग्ध गाड़ियों और व्यक्तियों को तुरंत हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया. पुलिस अधीक्षक ने क्या बताया? पुलिस अधीक्षक पुरन कुमार झा ने बताया कि यह अभियान बिहार पुलिस के व्यापक सुरक्षा प्लान का हिस्सा है. वर्तमान में जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों को किसी भी तरह की पनाह न मिलने देने के लिए यह कदम उठाया गया है. अभियान के दौरान यदि कोई अवैध गतिविधि पाई गई तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी. पुलिस की अलग-अलग टीम की ओर रात्रि गश्ती और चेकिंग का सिलसिला सुबह तक चला. वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने खुद अभियान की मॉनिटरिंग की. इस पूरे अभियान में कोई बड़ी घटना रिपोर्ट नहीं हुई है, लेकिन कई संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई.

## कोसी एक्सप्रेस की स्लीपर बोगी में आग, ट्रेन से कूदकर यात्रियों ने बचाई जान

**पटना (एजेंसी)** मधेपुरा में कोसी एक्सप्रेस की स्लीपर बोगी में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई. अपनी-अपनी जान बचाने के लिए यात्री ट्रेन से कूदने लगे. कुछ देर के लिए ट्रेन बुधमा और दिनापट्टी के बीच खड़ी रही. काफी मशक्कत के बाद हालात पर काबू पाया गया. सहरसा-पूर्णिया रेलखंड पर मधेपुरा से मुरलीगंज जाने वाले मुख्य रेल मार्ग पर दिनापट्टी के पास बड़ा हादसा होते-होते टला. यहां कोसी एक्सप्रेस की स्लीपर बोगी में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई. घटना शुक्रवार देर रात की है. इस दौरान ट्रेन की बोगी में सवार यात्रियों ने कूदकर अपनी-अपनी जान बचाई. धुआं और आग की लपटों से अफरा-तफरी मौके पर मौजूद यात्रियों के अनुसार, पटना से पूर्णिया कोर्ट जा रही कोसी एक्सप्रेस की स्लीपर कोच नंबर 5 में अचानक नीचे की ओर से धुआं निकलने लगा. शुरूआत में यात्रियों ने शोर मचाकर आग लगने की सूचना दी, लेकिन किसी ने गंभीरता से ध्यान नहीं दिया. कुछ ही देर में धुआं तेज लपटों में बदल गया, जिससे बोगी में भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई. स्थिति बिगड़ने पर ट्रेन को तत्काल रोका गया. रेलवे कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी के भी हताहत होने की सूचना नहीं है. रेलवे के अधिकारी ने क्या बताया? घटना के बारे में रेलवे के अधिकारी ने बताया कि ट्रेन में आग नहीं लगी थी बल्कि ट्रेन जब बुधमा स्टेशन से क्रॉस कर रही थी तो ब्रेक बेडिंग की समस्या हुई थी. इस दौरान राहत बचाव दल के अधिकारी और कर्मी मौके पर पहुंचे. ट्रेन को ठीक किया गया, जिसके बाद वह आगे बढ़ी. इस समस्या को लेकर काफी देर तक रेल यात्री परेशान दिखे.

## पटना मेट्रो: अंडरग्राउंड स्टेशन के टनल में घुसकर मुख्य सचिव ने किया निरीक्षण, जल्द तैयार होंगे 12 स्टेशन



**पटना (एजेंसी)** पटना मेट्रो का काम जल्द पूरा करने पर जोर दिया जा रहा है. कॉरिडोर-2 का निर्माण कार्य जारी है. इस बीच मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने अंडरग्राउंड टनल में घुसकर निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने जल्द निर्माण कार्य पूरा करने के आदेश दिए. पटना मेट्रो के काम में तेजी लाई गई है. फिलहाल कॉरिडोर-2 का काम किया जा रहा है, जो कि 12 प्रमुख स्टेशनों से जोड़ता है. मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत और नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार ने निर्माण कार्य का निरीक्षण किया. मुख्य सचिव निरीक्षण के दौरान अंडरग्राउंड टनल में भी घुसे, जहां उन्होंने काम का जायजा लिया. निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने कहा कि मेट्रो डिपो आईएसबीटी से मलाही पकड़ी और मोइनुल हक स्टेडियम, राजेंद्रनगर, बांकीपुर, गांधी मैदान होते हुए पटना जंक्शन तक निर्माण पूरा होगा. तभी मेट्रो पटना शहर में ट्रैफिक का बेहतर ऑप्शन बनकर उभरेगा. मुख्य सचिव ने यह भी कहा कि पटना मेट्रो रेल प्रोजेक्ट का काम तेजी से आगे बढ़ रहा है. इसे लेकर प्रशासन पूरी गंभीरता के साथ जुटा हुआ है. पटना में यहां बनाया जा रहा अंडरग्राउंड स्टेशन जानकारी के मुताबिक, पटना मेट्रो का पहला अंडरग्राउंड स्टेशन मोइनुल हक स्टेडियम के पास बनाया जा रहा है और यह लगभग बनकर तैयार हो गया है. इसके अलावा राजेंद्र नगर टर्मिनल के नीचे मेट्रो टनल के लिए रेलवे से एनओसी मिलते के साथ ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है. इस पूरे काम पर पटना और दिल्ली मेट्रो के साथ-साथ रेलवे के इंजीनियर भी लगातार निगरानी कर रहे हैं कॉरिडोर-2 का निर्माण जल्द पूरा करने पर जोर निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मीठापुर सब-स्टेशन का भी जायजा लिया. इस दौरान पटना मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन और एलएनटी के अधिकारियों के साथ बैठक की गई. इसमें मेट्रो के काम में आ रही समस्याओं पर चर्चा की गई और समाधान निकाला गया. मुख्य सचिव ने स्पष्ट कहा कि पटना मेट्रो केवल एक आधारभूत संरचना परियोजना नहीं, बल्कि शहर की जीवनरेखा है. उन्होंने कॉरिडोर-2, जो 12 प्रमुख स्टेशनों को जोड़ता है,

## पटना में एग्जीक्यूटिव इंजीनियर के ठिकानों पर SVU की रेड, करोड़ों की संपत्ति का मामला



**पटना (एजेंसी)** पटना में शनिवार की सुबह नगर विकास और आवास विभाग के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर राजीव कुमार के ठिकानों पर एसवीयू की टीम छापेमारी के लिए पहुंची. राजीव कुमार पर यह कार्रवाई आय से अधिक संपत्ति के मामले में की गई है. बिहार में एक और सरकारी अधिकारी पर शिकंजा कसा गया. नगर विकास और आवास विभाग के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर राजीव कुमार के कई ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है. एसवीयू की टीम डॉक्यूमेंट्स और संपत्ति के सबूत खंगालने में जुटी हुई है. एग्जीक्यूटिव इंजीनियर राजीव कुमार पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है. पटना में इन तीन ठिकानों पर पहुंची एसवीयू की टीम जानकारी के मुताबिक, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर राजीव कुमार पर ढउ अूइ 1988 के तहत कांड संख्या 15/2026 दर्ज किया गया है. उन पर करीब 1.10 करोड़ रुपए की अवैध संपत्ति का आरोप है. शनिवार को तीन ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है. पहला ठिकाना पटना के रामनगरी में सुमित चंद्रम गृह अपार्टमेंट के फ्लैट इ-202 है. दूसरा ठिकाना पंत भवन में 6वीं मंजिल पर राजीव कुमार का कार्यालय है. जबकि तीसरा ठिकाना दानापुर के खगौल रोड में वीनस लैंडमार्क गोल्ड अपार्टमेंट में फ्लैट संख्या 807 है. इन सभी ठिकानों पर एसवीयू की टीम पहुंची है. एसवीयू टीम के अधिकारी ने क्या बताया? जानकारी के मुताबिक, दानापुर स्थित वीनस लैंडमार्क गोल्ड अपार्टमेंट में फ्लैट संख्या 807 एग्जीक्यूटिव इंजीनियर राजीव कुमार का है. शनिवार सुबह जब टीम छापेमारी के लिए पहुंची तो पता चला फिलहाल यहां कोई सेना के अधिकारी किराए के रूप में रहते हैं और फ्लैट अभी बंद है. एसवीयू टीम के अधिकारी ने बताया कि फ्लैट में किराए में रह रहे सैन्य अधिकारी के नाम और कब से फ्लैट में किराए पर रह रहे हैं, इसके बारे में जानकारी ली जा रही है. ऐसे में एग्जीक्यूटिव इंजीनियर के डॉक्यूमेंट्स की जांच जारी है. क्या कुछ खुलासा होता है, यह देखने वाली बात होगी

## गोपालगंज: जीएनएम स्कूल का अजीबोगरीब फरमान



**पटना (एजेंसी)** गोपालगंज जिले में जीएनएम स्कूल की प्रिंसिपल ने एक ऐसा फरमान जारी किया, जिसकी चर्चा जोर-शोर से हो रही. प्रिंसिपल के आदेश पर एक नोटिस चिपकाया गया, जिसमें यह क्लियर लिखा गया है कि अगर पढ़ाई के दौरान छात्रा शादी करेंगी तो उनका एडमिशन रद्द कर दिया जाएगा. अगर आप जीएनएम की छात्रा हैं तो पढ़ाई के दौरान शादी नहीं कर सकती हैं. ऐसा करने पर आपका एडमिशन रद्द कर दिया जाएगा. यह फरमान बिहार के गोपालगंज जिले में जारी किया गया, जो कि सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा. जानकारी के मुताबिक, जिले के हथुआ अनुमंडलीय अस्पताल के कैंपस में संचालित जीएनएम स्कूल में प्रिंसिपल के आदेश पर 14 अप्रैल को एक नोटिस चिपकाया गया था. यह फरमान वायरल होने के बाद अब प्रिंसिपल से जवाब मांगा गया है. नोटिस में क्या कुछ लिखा? नोटिस में लिखा था, ह्यसभी छात्राओं को सूचित किया जाता है कि शैक्षणिक सत्र के दौरान विवाह करना प्रतिबंधित है. यदि कोई छात्रा इस अवधि में शादी करती है तो इसकी सूचना विभाग को दे दी जाएगी एवं उसका नामांकन तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया जाएगा, जिसके जिम्मेदार आप स्वयं होंगे.ह्ल प्रिंसिपल मानसी सिंह ने क्या बताया? इस आदेश को लेकर प्रिंसिपल मानसी सिंह ने बताया कि विभागीय आदेश के आलोक में छात्राओं के एडमिशन के समय ही घोषणा पत्र पर साइन करा लिए जाते हैं. पत्र में यह साफ तौर पर लिखा गया है कि नामांकित छात्राएं पढ़ाई अवधि के तीन साल तक शादी नहीं करेंगी. शैक्षणिक सत्र (Academic Session) के दौरान शादी पर प्रतिबंध लगा दिया गया है. यह नियम एएनएम और जीएनएम दोनों संस्थानों में छात्राओं के लिए यह लागू किया गया है. प्रिंसिपल को मिला अल्टीमेटम दूसरी तरफ सिविल सर्जन डॉ. वीरेंद्र प्रसाद ने बताया कि प्रिंसिपल के आदेश को रद्द कर दिया गया है और प्रिंसिपल से स्पष्टीकरण मांगा गया है. 12 घंटे के अंदर संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी. जीएनएम कॉलेज हथुआ में छात्राओं की शादी करने पर प्रतिबंध लगाने के आदेश को डीएम पवन कुमार सिन्हा ने गंभीरता से लिया था और सिविल सर्जन नेतृत्व में टीम बनाई थी.

## AEDO परीक्षा में सेंधमारी की कोशिश, पकड़े गए 'हाई-टेक' नकलची, कान के अंदर छिपा रखा था डिवाइस



**पटना (एजेंसी)** बीपीएससी की ओर से एईडीओ की परीक्षा ली जा रही है. शुक्रवार को समस्तीपुर में परीक्षा के दौरान 'हाई-टेक' नकलची पकड़े गए. इस दौरान दो अभ्यर्थियों को इलेक्ट्रॉनिक गैजेट के साथ पकड़ा गया. फिलहाल, दोनों अभ्यर्थियों को गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ की जा रही है. समस्तीपुर जिले में बीपीएससी एईडीओ की परीक्षा के दौरान दो अलग-अलग एग्जाम सेंटर से दो अभ्यर्थियों को इलेक्ट्रॉनिक गैजेट के साथ पकड़ा गया. श्री कृष्ण हाई स्कूल जितवारपुर परीक्षा सेंटर से अरविंद कुमार और आरएसबी इंटर हाई स्कूल से सत्यजीत कुमार को पकड़ा गया है. कान के अंदर छिपाया था ब्लूटूथ डिवाइस पहला मामला जिले के नगर थाना इलाके के आरएसबी इंटर हाई स्कूल का है. यहां सेकंड शिफ्ट की परीक्षा के दौरान सत्यजीत कुमार नाम का अभ्यर्थी जब पेपर दे रहा था तो उसकी हरकतों पर शंका हुई. जब गहराई से जांच की गई, तो अधिकारी दंग रह गए. अभ्यर्थी ने ब्लूटूथ डिवाइस अपने कान के काफी अंदर छिपा रखा था, जिसे सामान्य चेकिंग के दौरान पकड़ पाना मुश्किल था. केंद्राधीक्षक सह प्राचार्य डॉ. ललित कुमार घोष ने इसकी लिखित सूचना नगर थाना प्रभारी को देते हुए आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया है. सत्यजीत कुमार बेगूसराय जिले का रहने वाला है. उत्तर प्रदेश का अभ्यर्थी भी शामिलदूसरा मामला मुफस्सिल थाना इलाके के श्री कृष्ण हाई स्कूल जितवारपुर का है. यहां एग्जाम सेंटर पर फर्स्ट शिफ्ट में अभ्यर्थी को इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के साथ चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया है. यहां भी पेपर देने के दौरान ही अभ्यर्थी पर शक हुआ. इसके बाद जब चेकिंग हुई तो इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस बरामद किया गया. अभ्यर्थी की पहचान अरविंद कुमार राय के रूप में हुई है, जो उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले के सुरौनी (कुरौना) का निवासी बताया जा रहा है. कड़ी कानूनी कार्रवाई की तैयारी दोनों ही मामलों में केंद्राधीक्षकों ने स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है. पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है. जिला प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराना उनकी प्राथमिकता है और नियमों का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा. फिलहाल पुलिस आरोपी अभ्यर्थी से पूछताछ कर रही है ताकि इस गिरोह के अन्य संभावित संपर्कों का पता लगाया जा सके. एग्जाम सेंटर पर सख्ती के बावजूद सेंधमारी की कोशिश सभी 31 एग्जाम सेंटर्स पर जैमर लगाए गए थे. इसके बावजूद परीक्षा में हाई-टेक सेंधमारी करने की कोशिश ने परीक्षा प्रणाली की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए है. परीक्षार्थियों ने कान के पर्दे के एकदम करीब छोटे ह्यनैनो ब्लूटूथह्ल डिवाइस का इस्तेमाल किया. ब्लूटूथ इतना छोटा था कि बाहर से देखने पर बिल्कुल दिखाई नहीं दे रहा था. गहन तलाशी या संदिग्ध गतिविधियों के कारण मामला उजागर हुआ. नकल करने के लिए परीक्षार्थियों ने पारंपरिक तरीकों को छोड़कर डिजिटल चोरी का सहारा लिया. नैनो ब्लूटूथ जो कि चावल के दाने के बराबर होता है. इस ब्लूटूथ डिवाइस को कान की गहराई में डाला गया था. जबकि एक पतले तार वाले ट्रांसमीटर या सिम-कार्ड स्लॉट वाले डिवाइस को शर्ट के कॉलर या बनियान में सिल दिया गया था.



## गर्भ में शिशु का वजन कितना होना चाहिए? जानें कैसे बढ़ाएं भ्रूण का वजन

गर्भावस्था के दौरान शिशु का सही वजन उसके स्वस्थ विकास का अहम संकेत माना जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार, अगर जन्म के समय बच्चे का वजन कम होता है, जीवनशैली और नियमित जांच पर खास ध्यान देने की जरूरत होती है।

### हफ्तों के अनुसार भ्रूण का सामान्य वजन

डॉक्टरों के मुताबिक, गर्भ में शिशु का वजन हर हफ्ते बढ़ता है। 20वें हफ्ते तक शिशु का वजन करीब 300 ग्राम होता है

28वें हफ्ते तक लगभग 1 किलो 32वें हफ्ते तक करीब 1.7 किलो 40वें हफ्ते (डिलीवरी के समय) लगभग 3 से 3.5 किलो

हालांकि, यह वजन हर महिला के अनुसार थोड़ा अलग हो सकता है।

### कैसे पता चलता है शिशु का वजन?

भ्रूण का वजन जानने के लिए डॉक्टर अल्ट्रासाउंड टेस्ट करते हैं। इसमें सिर, पेट और हड्डियों के माप के आधार पर शिशु के विकास और वजन का अनुमान लगाया जाता है।

### वजन बढ़ाने के लिए क्या करें?

अगर रिपोर्ट में शिशु का वजन कम आता है, तो डॉक्टर ये उपाय अपनाने की सलाह देते हैं

संतुलित और पौष्टिक आहार लें

दाल, दूध, अंडा, हरी सब्जियां और फल शामिल करें।

## 'ऋ' अक्षर से शुरू होने वाले लड़कियों के 20 खूबसूरत और यूनिक नाम, जानें इनके अर्थ



बेटी के लिए नाम चुनना हर माता-पिता के लिए खास पल होता है। आजकल पेरेंट्स बेटी के लिए यूनिक और संस्कृति से जुड़ा नाम चुनना पसंद करते हैं। अगर आप भी बेटी के लिए मॉडर्न नाम खोज रहे हैं, तो हम आपके साथ ऋ अक्षर से कुछ नामों की लिस्ट शेयर कर रहे हैं।

बेटी का नाम रखना हर पेरेंट्स के लिए खास और खूबसूरत पल होता है। हर माता-पिता अपनी बेटी के लिए पहले से ही कई नाम सोच लेते हैं और हमेशा ये सोचते हैं कि उसका नाम यूनिक और संस्कृति-ईश्वर से जुड़ा हुआ हो। अगर आप भी अपनी बेटी के लिए धार्मिक महत्व वाला नाम चुनना चाहते हैं, तो ऋ अक्षर से नाम चुनें। 'ऋ' से बनने वाले नाम न सिर्फ कम सुनने को मिलते हैं, बल्कि इनमें संस्कृत की मिठास और गहराई भी झलकती है। ये नाम सुनने में आकर्षक होने के साथ-साथ अपने खास अर्थों के कारण भी अलग पहचान रखते हैं। अगर आप अपनी बेटी के लिए एक प्यारा, सुंदर अर्थ वाला और यूनिक नाम खोज रहे हैं, तो यहां आपको 'ऋ' अक्षर से जुड़े कुछ बेहतरीन नामों की लिस्ट मिलने वाली है, जो आपके दिल को छू जाएंगे।

### ● ऋ अक्षर से 20 नामों की लिस्ट

1- ऋषभा- ऋषभा नाम का मतलब होता है मासूम, अबोध। अपनी बेटी के लिए आप ये नाम चुन सकते हैं।

2- ऋत्विका- ऋत्विका का अर्थ होता है साध्वी और सुंदर दिखने वाली। बेटी के लिए ये नाम भी अच्छा रहेगा।

3- ऋक्षिति- ऋक्षिति नाम का मतलब होता है, सुरक्षित और जिसपर ईश्वर की कृपा सदैव बनी रहे।

4- ऋतुरूप- प्रकृति सौंदर्य और गुणवान लड़की को आप ऋतुरूप नाम दे सकते हैं।

5- ऋषिका- ऋषिका नाम ऋषि से मिला है, जिसका अर्थ ज्ञानी और महान होता है।

7- ऋषिता- बेटी के लिए ऋषिता नाम चुन सकते हैं। इसका अर्थ होता है सर्वोत्तम और विश्वास करने वाला।

8- ऋपांशी- ऋपांशी नाम का मतलब होता है ईश्वर का अंश और शक्ति वाला इंसान।

9- ऋचिका- भगवान ब्रह्मा से प्रेरित ऋचिका नाम का अर्थ है, निर्माता और जो सभी की प्रशंसा करें।

10- ऋतिक्षा- ऋतिक्षा नाम का मतलब होता है, मौसम की रानी या मौसमी।

11- ऋषा- ऋषा नाम का मतलब हुआ हल्की, सॉफ्ट या कोमल दिखने वाली।

यूनिक बेबी नेम्स

12- ऋदिशा- बेटी के लिए ऋदिशा नाम चुनें, इसका अर्थ हुआ स्वतंत्र, सकारात्मक।

13- ऋद्धिमा- ऋद्धिमा नाम भी यूनिक और सुंदर है। इसका मतलब हुआ प्यारी, ज्ञान की देवी, मोती।

14- ऋध्वी- ऋध्वी नाम का अर्थ हुआ ईश्वर का तोहफा या सभी से अद्भुत।

15- ऋतु- ऋतु नाम भी लड़कियों के लिए बेस्ट रहेगा। इसका अर्थ हुआ मौसम, समय।

16- ऋतुशा- ऋतुशा का मतलब होता है मौसम के अनुसार, भिन्नता या सबसे अनोखा। ये नाम बेटी के लिए चुनें।

17- ऋचा- ऋचा नाम भी बेटी को दे सकते हैं। इसका मतलब हुआ भजन या कोई खास प्रतिभा।

18- ऋद्धिका- ऋद्धिका नाम भी बेटी के लिए चुन सकते हैं। इसका मतलब हुआ सफलता, प्रेम।

19- ऋतिशा- ये नाम बेटी के लिए परफेक्ट हो सकता है, इसका आर्थ होता है सच्चाई की देवी, सत्य।

20- ऋतिका- खुशहाल, सच्चाई से जुड़ा नाम ऋतिका भी बेटी के लिए चुन सकते हैं।

## गर्मी में नवजात बच्चों को बचाने के लिए अपनाए ये आसान टिप्स, असरदार है ये रामबाण उपाय



गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है, इसका सबसे ज्यादा असर छोटे बच्चों पर देखा जा रहा है. तापमान में निरंतर वृद्धि से बच्चों को शारीरिक रूप से कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जैसे कि उल्टी, दस्त, डिहाइड्रेशन और मौसमी रोग. ऐसे में, विशेषज्ञों का मानना है कि अभिभावकों को बच्चों की देखभाल में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए.

### बच्चों के खानपान पर ध्यान दें

बाल रोग विशेषज्ञ के अनुसार, गर्मी के इस मौसम में बच्चों की सेहत को सुरक्षित रखने के लिए खानपान से लेकर सफाई तक हर पहलू पर विशेष ध्यान देना जरूरी है. उन्होंने सलाह दी कि बच्चों को बासी खाना बिल्कुल न दें क्योंकि गर्मी में खाना जल्दी खराब हो जाता है, इससे फूड पॉइजनिंग का खतरा बढ़ सकता है. विशेष रूप से दूध को उबालकर ही दें, ताकि उसमें मौजूद संभावित हानिकारक जीवाणु नष्ट हो सकें.

### बच्चों में बढ़ रही समस्याएं

इस समय अस्पताल में बच्चों को लेकर आने वाले अभिभावकों की संख्या में इजाफा हुआ है. अधिकतर बच्चे पेट की समस्याएं, डिहाइड्रेशन और वायरल संक्रमण से पीड़ित पाए जा रहे हैं. इस स्थिति से बचने के लिए बच्चों को अधिक से अधिक पानी पिलाना चाहिए और उनके खानपान में हल्का, सुपाच्य और ताजा भोजन ही शामिल करें. इसके अलावा, बच्चों को खुले में कटे फलों या बाहर की चीजों से दूर रखना चाहिए.

### बच्चों की सुरक्षा और इम्यूनिटी

विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि बच्चों की इम्यूनिटी यानी रोग प्रतिरोधक क्षमता बड़ों की तुलना में कम होती है, इसलिए उन्हें संक्रमण से बचाना अभिभावकों की जिम्मेदारी है. बच्चों के पहनावे पर भी ध्यान दें. उन्हें ढीले, सूती और हल्के रंग के कपड़े पहनाएं ताकि शरीर को गर्मी से राहत मिल सके.

### गर्मी के मौसम में छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखें

गर्मी के इस मौसम में बच्चों की सुरक्षा के लिए थोड़ी सी सतर्कता बड़ा फर्क ला सकती है. स्वच्छता, सही आहार और भरपूर पानी जैसी छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखकर बच्चों को मौसमी बीमारियों से बचाया जा सकता है. अभिभावकों की जिम्मेदारी है कि वे बच्चों की सेहत और सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाएं ताकि वे गर्मी के मौसम में सुरक्षित रह सकें.

## बच्चों को मेडिटेशन के लिए प्रेरित करना चाहिये



आज की हाईटेक और भाग-दौड़ भरी जिंदगी में बड़ों के साथ ही बच्चों के लिए भी आंतरिक शांति बहुत जरूरी हो जाती है क्योंकि बच्चे भी अब तनाव और व्यस्त जीवनशैली का शिकार हो रहे हैं। बच्चे अपने अभिभावकों और जिस माहौल में रहते हैं, वहां की ऊर्जा ग्रहण करते हैं। इस कारण वह पढ़ाई ठीक से नहीं कर पाते।

हम सभी अपने बच्चों को प्यार करते हैं और उनके लिए बेहतर करना चाहते हैं। इसलिए हमें उन्हें मेडिटेशन के लिए प्रेरित करना चाहिये। यह हमें मौजूदा समय में रहने की शिक्षा देता है, ताकि हम प्रयास करने के बेहतर प्रबंध के साथ अच्छे समय का आनंद उठा सकें। यह हमें हमारे सच्चे भाव के साथ जुड़े रहने में मदद करता है। ध्यान हमारी एकाग्रता और स्मरणशक्ति को बढ़ाने में मदद करता है।

इसलिए स्कूल, परिवार व आंतरिक दबाव की दुनिया में बच्चों को वयस्कों जितना ही मेडिटेशन की जरूरत है। मेडिटेशन बच्चों में ध्यान विकसित करने, उन्हें अपनी भावनाओं पर काबू रखने और यह सिखाने में कि कैसे अपने अंदर और बाहर ध्यान देना है, में मदद करता है। यह उनमें केंद्र का भाव उत्पन्न करता है।

बच्चों के लिए विशेष रूप से तैयार मेडिटेशन जैसे सोल रिवाइवल (आत्मा पुनरुद्धार) उन्हें एकाग्र करने में मदद करते हैं, ताकि वे अपने अध्ययन में अच्छी तरह ध्यान लगा सकें. इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि मेडिटेशन ने छात्रों के अकादमिक और खेल के क्षेत्र में प्रदर्शन में सुधार लाने में मदद की है।

### फोकस होता है बेहतर

ध्यान बच्चों के दिमाग को शांत करता है, जिससे वे पढ़ाई, खेल या किसी भी काम में अधिक फोकस कर पाते हैं। यह उनकी सीखने की क्षमता को बढ़ाता है।

स्ट्रेस और एंग्जायटी में कमी

परीक्षा, प्रोजेक्ट या कॉम्पटीशन का प्रेशर बच्चों में स्ट्रेस पैदा करता है। ध्यान करने से मन शांत होता है और चिंता कम होती है, जिससे वे आत्मविश्वास से आगे बढ़ते हैं।

भावनाओं पर नियंत्रण

ध्यान बच्चों को अपनी भावनाओं को समझने और नियंत्रित करने की क्षमता देता है। इससे गुस्सा, रोना या चिड़चिड़ापन काफी कम हो जाता है।

### पॉजिटिव सोच का विकास

मेडिटेशन मन में पॉजिटिव एनर्जी भरता है, जिससे बच्चे आत्मविश्वासी बनते हैं और कठिन परिस्थितियों का सामना मुस्कुराकर करते हैं।

क्रिएटिविटी बढ़ती है

जब मन शांत होता है, तो सोचने-समझने की क्षमता बढ़ती है। ध्यान बच्चों की कल्पनाशक्ति को जगाता है, जिससे वे पढ़ाई के साथ-साथ कला, संगीत और खेल में भी अच्छा प्रदर्शन करते हैं।

### नींद की गुणवत्ता में सुधार

ध्यान करने से मन का स्ट्रेस घटता है और बच्चे जल्दी सो पाते हैं। अच्छी और गहरी नींद उनके शारीरिक और मानसिक विकास के लिए जरूरी है।

### सीखने की क्षमता में बढ़ोतरी

ध्यान मस्तिष्क की कार्यक्षमता बढ़ाता है, जिससे याददाश्त मजबूत होती है और पढ़ाई में बेहतर रिजल्ट मिलते हैं।

## बच्चा बिस्तर गीला करता है तो ये उपाय करें

छोटी उम्र में बच्चे का दिन या रात में बिस्तर गीला करना आम बात मानी जाती है। लेकिन अगर बच्चा 7-8 साल का हो गया है और फिर भी नींद में पेशाब कर देता है, तो यह माता-पिता के लिए चिंता का विषय बन जाता है। अक्सर बच्चे इस वजह से शर्मिंदा भी महसूस करते हैं और उनका आत्मविश्वास भी कम होने लगता है। ऐसे में घरेलू उपाय अपनाकर आज बच्चे की यह आदत धीरे-धीरे ठीक कर सकती हैं



यदि बच्चा रात में सोते समय बार-बार बिस्तर गीला करता है, तो खजूर का सेवन उसके लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। खजूर में मौजूद पोषक तत्व मूत्राशय को मजबूत करने में मदद करते हैं और पेशाब पर नियंत्रण बढ़ाते हैं। सही तरीके से और नियमित रूप से खजूर देने से धीरे-धीरे बच्चे की नींद में पेशाब करने की आदत कम हो सकती है।

रात को सोने से पहले 2 से 3 खजूर दूध में हल्का पकाकर दें। खजूर को दूध के साथ ही खिलाएं। नियमित रूप से देने पर बच्चे की बिस्तर गीला करने की आदत में सुधार आने लगता है।

खजूर को कूटकर भुने हुए काले तिल के साथ लड्डू बना लें। यह लड्डू बच्चे को रोज या एक दिन छोड़कर दें।

तिल और गुड़ के लड्डू भी इस समस्या में लाभकारी माने जाते हैं। इनका सेवन करने से रात में बार-बार पेशाब आने की समस्या कम हो सकती है।

बच्चे के बिस्तर गीला करने के संभावित कारण

अगर बच्चा 7 साल से ज्यादा उम्र का है और फिर भी यह समस्या बनी हुई है, तो इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं।

## 10 साल से पहले बच्चों को सिखा दें ये 10 आदतें, बड़े होकर बनेंगे डिसिप्लिन





बच्चों की परवरिश और गुड हैबिट्स उन्हें बचपन से ही सिखाने की जरूरत होती है। जिससे कि बड़े होकर ना केवल वो फिजिकली हेल्दी रहे बल्कि मेंटली भी स्ट्रांग रहे। बच्चा अगर 10 साल का होने वाला है तो उसमे ये 10 आदतों को जरूर डेवलप कर देना चाहिए। जिससे बड़े होकर उस इन चीजों के फायदे मिले और वो अपने पैरेंट्स को थैंक्यू बोल सके। 10 साल का होने से पहले ही बच्चों में ये 10 आदतों को डेवलप कर देना चाहिए।

बच्चे को उत्साह से बोलना और रहना सिखाएं

पैरेंट्स डिसिप्लिन के नाम पर बच्चों की एनर्जी और कॉन्फिडेंस को दबा देते हैं। बच्चे को हमेशा हंसकर, उत्साह के साथ बोलना सिखाएं। ऐसा करने से उसके अंदर कॉन्फिडेंस डेवलप होगा। बच्चे को हमेशा खुश रहना सिखाएं। हर वक्त उदास रहना, किसी काम को करने का मन ना करना या चुपचाप रहना ऐसा करने से बच्चों को अंदर ना केवल निगेटिव एनर्जी दिखती है बल्कि उनमे कॉन्फिडेंस भी लूज होने लगता है। बच्चा जब 4-5 साल का होने लगे तभी उसमे ये हैबिट डेवलप करें।

### बच्चे को 'ना' सुनने की आदत डलवाएं

पैरेंट्स बच्चे की परवरिश और प्यार के नाम पर उसे किसी चीज के लिए ना नहीं बोलते। जिसकी वजह से बच्चा जिद्दी हो जाता है। बच्चे को ना सुनना सिखाएं। इससे वो ज्यादा मजबूत, समझदार और शांत बनेंगे।

बच्चे को आंख बंदकर थोड़ी देर बैठने की आदत डलवाएं

बच्चे चंचल होते हैं और उनमे बहुत सारी एनर्जी होती है। इस एनर्जी के जरिए उन्हें शांत, फोक्सड और ब्रेन को शार्प करना सिखा सकते हैं। हर दिन बच्चे को 10 सकेंड-20 सेकेंड आंख बंद कर शांत बैठने को बोलें। ऐसा करने से बचपन से ही उसमे आदत बनेगी जिससे वो आगे चलकर मेडिटेशन करना सीखेगा और ये आदत उसे मेंटली स्ट्रांग बनाएगी।

### खुद के कपड़े खुद धोने की आदत

बच्चा जब 7-8 साल का होने लगे तो उसे रोज पहनने वाले खुद के कपड़ों को खासतौर पर अंडरवियर को धुलवाने की प्रैक्टिस करवाएं। ये आदत बच्चे को आत्मनिर्भर और कॉन्फिडेंट दोनों बनाएगी।

थोड़ी देर बोर होने की आदत

बच्चे एक वक्त भी खाली नहीं बैठना चाहते। वो जैसे ही बोर होते हैं टीवी, मोबाइल, गेम खेलने लगते हैं। बच्चे को रोजाना दस-पंद्रह मिनट तक बोर होने दें। इससे बच्चों के दिमाग में कुछ क्रिएटिव चीजें आएंगी। कुछ समय खाली रहने से बच्चे क्रिएटिव बनेंगे।

### भगवान के सामने प्रार्थना करने की आदत

बच्चे को हर दिन नहाने के बाद 20 सेकेंड भगवान के आगे प्रार्थना करना सिखाएं।

## एक नजर

### अमृतसर में 450 करोड़ की हेरोइन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**चंडीगढ़** : पंजाब पुलिस के काउंटर इंटेलीजेंस विंग ने सीमा पार से हो रही तस्करी के रैकेट का पदार्फाश करते हुए करीब 450 करोड़ रुपये कीमत की 64.62 किलोग्राम हेरोइन बरामद करके दो तस्करों को काबू किया है। यह गैंग पाकिस्तानी तस्कर मूसा द्वारा चलाया जा रहा था। मूसा कुछ साल पहले भारत में उस समय चर्चा में आया था जब कस्टम ने यहां अटारी-बाघा बार्डर पर एक मालगाड़ी से 532 किलो हेरोइन बरामद की थी। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शनिवार को बताया कि अमृतसर में पंजाब पुलिस के काउंटर इंटेलीजेंस विंग के स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल ने इस ऑपरेशन को अंजाम दिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस जांच में सामने आया कि यह हेरोइन पाकिस्तान से मंगवाई गई है, जिसे अब आगे सप्लाई किया जाना था। पुलिस ने इससे पहले की पकड़ लिया है। जांच में यह भी सामने आया है कि इस नेटवर्क के तार विदेश में बैठे हैंडलर्स और पाकिस्तान के मूसा गैंग से भी जुड़े हुए हैं। यह गिरोह सीमा पार से ड्रग तस्करी कर पंजाब और अन्य राज्यों में सप्लाई करने का काम कर रहा था। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान सरवन सिंह गुर्जर निवासी अवा गांव और शमशेर सिंह गांव इकतियारनगर के रुप में हुई है। दोनों को गांव माहल के पास से पकड़ा गया है। मामले में पुलिस स्टेशन एसएसओसी अमृतसर में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और आगे की जांच तेजी से जारी है। पुलिस महानिदेशक ने बताया कि पुलिस का उद्देश्य इस पूरे नेटवर्क की जड़ तक पहुंचना और इसके सभी सहयोगियों को गिरफ्तार करना है।

### ममता को हटाना होगा, नहीं तो बंगाल हाथ से निकल जाएगा : हिमंत बिस्व सरमा

**कोलकाता** : असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने शनिवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि राज्य की सरकार संसाधनों का उपयोग अवैध घुसपैठियों के लिए कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि ममता बनर्जी को सत्ता से नहीं हटाया गया तो भविष्य में बंगाल हाथ से निकल सकता है। कलिम्पोंग में आयोजित एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए हिमंत बिस्व सरमा ने दावा किया कि असम और त्रिपुरा में उनकी पार्टी की सरकारों ने बांग्लादेशी घुसपैठियों की एंट्री रोकी है, जबकि पश्चिम बंगाल में अवैध प्रवेश जारी है। उन्होंने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी ने वोट बैंक की राजनीति के लिए राज्य के खजाने को घुसपैठियों के लिए खोल दिया है। सरमा ने कहा कि उनके शासनकाल में पूरे बंगाल का नुकसान हुआ है और उत्तर बंगाल में विकास नहीं हुआ।

### 'भूत बंगला' ने बॉक्स ऑफिस पर की शानदार शुरूआत

**मुंबई** : अक्षय कुमार की बहुप्रतीक्षित हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' ने सिनेमाघरों में रिलीज होते ही बॉक्स ऑफिस पर शानदार शुरूआत की है। लंबे समय से चर्चा में रही इस फिल्म को दर्शकों से पहले दिन अच्छी प्रतिक्रिया मिली, जिसका असर इसकी कमाई पर भी साफ नजर आया। फिल्म ने दुनियाभर में 21.60 करोड़ रुपये का कारोबार कर अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज कराई है। प्रियदर्शन के निर्देशन में बनी इस फिल्म में अक्षय कुमार के साथ वामिका गब्बी, परेश रावल, तब्बू और राजपाल यादव अहम भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं। फिल्म को बालाजी मोशन पिक्चर्स और केप ऑफ गुड फिल्म्स ने मिलकर प्रस्तुत किया है। वही आने वाले दिनों में इसकी कमाई और बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है।

# बांग्लादेशी घुसपैठियों के पैरोकारों ने पास नहीं होने दिया नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक : योगी

एजेंसी

**कूच बिहार** : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को पश्चिम बंगाल के चुनावी रण में फिर गरजे। माथाभांगा व धुपगुड़ी विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक पर लोकसभा में विपक्षी दलों के रुख की भर्त्सना की।



मुख्यमंत्री ने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठियों के पैरोकारों ने यह संशोधन विधेयक पास नहीं होने दिया। यह देश की आधी आबादी का अपमान है, माता-बहनें इसे किसी रूप में बर्दाश्त नहीं करेंगी। सीएम योगी ने पश्चिम बंगाल की मौजूदा अराजक स्थिति के लिए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को दोषी ठहराते हुए ऐलान किया कि ममता बनर्जी सिंहासन खाली करो, बीजेपी आ रही है। अब बंगालवासियों को घबराने की आवश्यकता नहीं है।

आधी आबादी को हक नहीं देना चाहते विपक्षी दलमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बहन-बेटियों के लिए लोकसभा व विधानसभाओं में 33 फीसदी आरक्षण 2029 में लागू करने का संशोधन विधेयक संसद में प्रस्तुत किया, लेकिन कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, सपा व वामपंथियों ने इसे पास नहीं होने दिया। ये लोग आधी आबादी को उसका हक नहीं देना चाहते, लेकिन बांग्लादेशी घुसपैठियों की पैरोकारी करते हैं। बंगाल में मुसलमानों का नाम मतदाता सूची में चढ़े और वे गरीबों के हक पर डकैती डाल सकें, तृणमूल सरकार का यही काम है। आखिर यह कब तक चलेगा। नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक को गिराने से आधी आबादी का अपमान हुआ है। देश की बहन-बेटियां इसे कतई स्वीकार नहीं कर सकती हैं।

देश ने संसद में देखा मां के साथ तृणमूल का व्यवहारसीएम योगी ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस मां, माटी व मानुष की बात करती थी। देश-दुनिया ने संसद में मां के साथ उनके व्यवहार को देखा। बंगाल में माटी की स्थिति यह है कि बांग्लादेशी घुसपैठियों ने यहां के राजवंशियों व नागरिकों का हक छीना जा रहा है। मानुष टीएमसी की गुंडागर्दी से भयभीत है। उपज का दाम नहीं मिलने से किसान पलायन करने को विवश है। यूपी में आलू का दाम 15 से 20 रुपए है और यहां एक से डेढ़ रुपये। टीएमसी के 15 वर्ष के कार्यकाल में 7000 से अधिक बड़े कारखाने बंद हुए। यूपी में हमने तीन करोड़ नौजवानों को रोजगार दिया, लेकिन बंगाल में 30 लाख नौजवान बेरोजगार हुए। धान व मछली उत्पादन में लगातार गिरावट आ रही है। केंद्र सरकार विकास के लिए जो पैसा देती है, वह जरूरतमंदों तक नहीं पहुंचता।

## सीबीआई ने डिजिटल अरेस्ट कर ठगी के मामले में तीन आरोपी को पकड़ा

एजेंसी



**हैदराबाद** : केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 'डिजिटल अरेस्ट' कर की गयी एक साइबर ठगी के मामले में तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में पांच स्थानों पर छापेमारी कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया। सीबीआई के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में इंडसइंड बैंक के तत्कालीन असिस्टेंट मैनेजर दुब्बाका महेश, राजेश कन्ना और वायाला श्रीनिवास हैं। यह जांच सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का हिस्सा है जिसमें एक वरिष्ठ नागरिक को डिजिटल अरेस्ट कर 1.6 करोड़ रुपये से अधिक की रकम ट्रांसफर करने के लिए मजबूर किया गया था। जांच में खुलासा हुआ कि ठगी की रकम को एक फर्जी कंपनी के नाम पर खोले गए बैंक खाते में डाला गया था, ताकि साइबर अपराध से अर्जित धन को आसानी से इधर-उधर किया जा सके। गिरफ्तार बैंक अधिकारी पर आरोप है कि उसने इस फर्जी खाते को खुलवाने में अहम भूमिका निभाई। अन्य दो आरोपित कथित तौर पर म्यूल अकाउंट्स (फर्जी खातों) की व्यवस्था करने और विभिन्न खातों के जरिए पैसे को घुमाने में शामिल थे। सीबीआई ने बताया कि आरोपितों के ठिकानों से छापेमारी के दौरान कई आपत्तिजनक दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए गए हैं।

## 2025-26 में पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने सीमेंट परिवहन को किया तेज

एजेंसी

**मालीगांव** : पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान रेलवे द्वारा सीमेंट कार्गो के परिवहन और अपने टर्मिनलों पर सीमेंट की लोडिंग और अनलोडिंग में अभूतपूर्व प्रगति हासिल की है। सीमेंट परिवहन के आवक में 7.8% की वृद्धि दर्ज की गई, जो 2024-25 के 9.05 मिलियन टन से बढ़कर 2025-26 में 9.76 मिलियन टन हो गई। लोडिंग क्षेत्र में, सीमेंट में 152.7% की उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई। ये उपलब्धियाँ पूर्वोत्तर क्षेत्र में माल परिवहन की दक्षता बढ़ाने और बुनियादी ढांचे के विकास में सहयोग करने में एनएफआर के निरंतर प्रयासों को दर्शाती हैं।



सबसे उल्लेखनीय उपलब्धियों में से एक, 14 सितंबर, 2025 को सायरंग रेलवे स्टेशन पर पहली बार सीमेंट रैक की सफल अनलोडिंग की गई थी। गुवाहाटी के पास स्टार सीमेंट साइडिंग से लोड किया गया यह रैक, नव-निर्मित बइरबी-सायरंग रेल मार्ग पर चलने वाली पहली मालगाड़ी थी, जिसने क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को एक महत्वपूर्ण बढ़ावा दिया।

सीमेंट कार्गो परिचालन को और अधिक मजबूत करते हुए, एनएफआर ने 24 सितंबर, 2025 को नागालैंड के मॉलवॉम रेलवे स्टेशन पर पहली बार सीमेंट रैक की अनलोडिंग कर माइलस्टोन हासिल किया। इस रैक में सीमेंट के 41 वैगन थे, जो तेलंगाना के मेसर्स माई होम इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लोड किए गए थे। रेलवे ने 11 मार्च, 2025 को तेतेलिया स्थित व्यस्त स्टार सीमेंट साइडिंग पर इलेक्ट्रिक इंजन वाली पहली मालगाड़ी लायी गई। इस साइडिंग ने फरवरी, 2025 में 50 रैकों की हैडलिंग की। एक अन्य ऐतिहासिक घटनाक्रम में, सीमेंट लदे पहले मालगाड़ी को 24 मार्च, 2025 को अगरतला के पास निश्चिंतपुर टर्मिनल पर सफलतापूर्वक पहुंचाया गया। तेतेलिया स्थित स्टार सीमेंट साइडिंग से आई इस खेप ने अगरतला-अखौरा नई रेल लिंक परियोजना के तहत एक ऐतिहासिक क्षण को चिह्नित किया।

# संसद में विधेयक पर भाजपा की हार मोदी सरकार के पतन की शुरूआत : ममता बनर्जी

एजेंसी

**कोलकाता** : पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने दावा किया है कि डिलिमिटेशन (परिसीमन) विधेयक को लेकर संसद में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की हार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के पतन की शुरूआत है। उन्होंने कहा कि भाजपा देश के राज्यों के साथ राजनीतिक लाभ के लिए लोकसभा सीटों के पुनर्निर्धारण की साजिश कर रही थी, जिसे विपक्ष ने मिलकर विफल कर दिया। हावड़ा जिले के पांचला क्षेत्र में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में चुनाव होने के बावजूद तृणमूल कांग्रेस के सांसद संसद पहुंचे और विधेयक का विरोध करते हुए मतदान किया। उन्होंने कहा कि विपक्षी एकजुटता में उनकी पार्टी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि महिला आरक्षण विधेयक के नाम पर केंद्र सरकार वास्तव में डिलिमिटेशन का एजेंडा आगे बढ़ाना चाहती थी। उन्होंने दावा किया कि भाजपा लोकसभा की मौजूदा 543 सीटों को बढ़ाकर लगभग 850 करना चाहती थी, ताकि राजनीतिक समीकरण अपने पक्ष में बदले जा सकें। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार के बावजूद उनसे 20 सांसद भेजने को कहा गया था, लेकिन उन्होंने 21 सांसद दिल्ली भेजे। उन्होंने कहा कि यह भाजपा को हराने की रणनीति का हिस्सा था और विपक्ष ने संसद में भाजपा को पराजित किया।





मुख्यमंत्री ने कहा कि संसद में मिली हार के बाद अब भाजपा को जमीन पर भी पराजय का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने दावा किया कि बंगाल हमेशा देश को रास्ता दिखाता है और इस बार भी बंगाल से भाजपा को सत्ता से हटाने की लड़ाई शुरू होगी। ममता बनर्जी ने कहा कि उनकी पार्टी महिलाओं के अधिकारों और आरक्षण के पक्ष में है, लेकिन देश को बांटने वाली किसी भी नीति का समर्थन नहीं करेगी। उन्होंने भाजपा पर भ्रामक प्रचार और झूठ फैलाने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कार्यकताओं और समर्थकों से आह्वान किया कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की जीत सुनिश्चित कर भाजपा को कड़ा संदेश दिया जाए।

### कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दल महिला अधिकारों के खिलाफ : भाजपा

**नई दिल्ली** : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने संविधान संशोधन विधेयक के संसद में पारित नहीं हो पाने के लिए शनिवार को कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों की आलोचना की। परिसीमन को सीटों के पुनर्निर्धारण का अभिन्न अंग बताते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान 543 सीटों पर ही महिला आरक्षण देने से दक्षिण के राज्यों की सीटें घट जाएंगी। पार्टी ने कहा कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने जहां महिलाओं की राजनीतिक आकांक्षाओं को कुचलने का जश्न मनाया, जबकि भाजपा महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद और स्मृति ईरानी ने शनिवार को पार्टी मुख्यालय में संयुक्त पत्रकार वार्ता को संबोधित किया।

# झारखंड में आईपीएस, आईएएस अधिकारियों के तबादले की पूरी सूची

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

### आईएएस अधिकारियों की सूची

**रांची** : राजीव रंजन को जमशेदपुर, संदीप कुमार को लातेहार, अनन्य मित्तल को गढ़वा, कर्ण सत्यार्थी को गुमला और मेधा भारद्वाज को पाकुड़ का उपायुक्त बनाया गया है। मनीष कुमार को चाईबासा, ऋतुराज को रामगढ़, रवि आनंद को चतरा और दीपक कुमार दुबे को साहिबगंज का उपायुक्त बनाया गया है। लोकेश मिश्रा को गोड्डा, शशि प्रकाश सिंह को देवघर, उत्कर्ष गुप्ता को कोडरमा और हेमंत सती को हजारीबाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, दिलीप प्रताप सिंह को पलामू, सौरभ कुमार भुवानिया को खूंटी, संदीप कुमार मीणा को लोहरदगा और आलोक कुमार को जामताड़ा का नया उपायुक्त नियुक्त किया गया है।





### आईपीएस अधिकारियों की सूची

निधि द्विवेदी को एसपी सरायकेला-खरसावां, आशुतोष शेखर को एसपी गढ़वा, नाथू सिंह मीणा को एसपी बोकारो, अनुदीप सिंह को एसपी पाकुड़, प्रवीण पुष्कर को एसपी देवघर, मुकेश कुमार लुनायत को एसपी रामगढ़, अनिमेष नैथानी को एसपी चतरा, अमन कुमार को एसपी हजारीबाग, कुमार शिवाशीष को एसपी कोडरमा, कपिल चौधरी को एसपी पलामू, शंभू कुमार सिंह को एसपी जामताड़ा, ऋषभ गर्ग को एसपी खूंटी, एस. मोहम्मद याकूब को ग्रामीण एसपी धनबाद, गौरव गोस्वामी को ग्रामीण एसपी रांची, शुभम कुमार खंडेवाल को ग्रामीण एसपी जमशेदपुर, ललित मीणा को सिटी एसपी जमशेदपुर, आईजी लेबल में भी बड़ा बदलाव, शैलेंद्र कुमार सिन्हा को आईजी बोकारो, क्रांति कुमार गेड़िदेशी को आईजी निगरानी-सह-सुरक्षा, माइकलराज एस को आईजी रेल, सुनील भास्कर को जेएपी आईजी, आनंद प्रकाश को पुलिस मुख्यालय भेजा गया। प्रशांत आनंद (प्रतीक्षारत) को एसपी संचार एवं तकनीकी सेवा, सुमित कुमार अग्रवाल को एसपी विशेष शाखा, अजय कुमार को एसपी एसीबी, मनीष टोप्पो को एसपी एससीआरबी, दीपक कुमार पांडेय को एआईजी-सह डीजी के विशेष सहायक, दीपक कुमार शर्मा को एसपी अभियान बनाया गया।

अंजनी अंजन को झारखंड सशस्त्र पुलिस -5 देवघर का समादेष्टा, रीष्मा रमेशन को झारखंड सशस्त्र पुलिस -9 साहेबगंज का समादेष्टा, कुसुम पुनिया को झारखंड सशस्त्र पुलिस -8 पलामू का समादेष्टा, मूमल राजपुरोहित को रेल एसपी धनबाद, दीपक कुमार को (आईआरबी-1 जामताड़ा), राजकुमार मेहता को (एटीएस एसपी), हरविंदर सिंह को (एसपी विशेष शाखा), वहीं, निखिल राय को रांची कोतवाली एएसपी, ऋषभ त्रिवेदी को एएसपी मुख्यालय-01, श्रुति को एसडीपीओ चैनपुर, प्रशिक्षणरत दिव्यांश शुक्ला को एसडीपीओ हुसैनाबाद, नागरगोजे शुभम भाउसाहेब को एसडीपीओ सिमरिया, राघवेंद्र शर्मा को एसडीपीओ पतरातू और सैयद मुस्तफा हासमी को एसडीपीओ चक्रधरपुर की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### बेंगलुरु में दक्षिण अफ्रीका से आए चार चीतों का स्वागत, बैनरघट्टा जैविक उद्यान में रखे जाएंगे



**बेंगलुरु** : दक्षिण अफ्रीका से लाए गए चार दुर्लभ चीतों का बेंगलुरु पहुंचने पर वन मंत्री ईश्वर खंड्रे ने देर रात केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा के कार्गो विभाग में औपचारिक स्वागत किया। इन चीतों को विशेष व्यवस्था के तहत बैनरघट्टा जैविक उद्यान लाया जा रहा है, जहां इन्हें संरक्षित वातावरण में रखा जाएगा। मंत्री ईश्वर खंड्रे कलबुर्गी का कार्यक्रम समाप्त करने के बाद हैदराबाद होते हुए बेंगलुरु पहुंचे और सीधे हवाई अड्डे के कार्गो टर्मिनल पहुंचे। यहां उन्होंने अधिकारियों के साथ मिलकर चीतों के आगमन और उनकी सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि इन विदेशी मेहमानों को नए मौसम और वातावरण में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए विशेष निगरानी, अनुकूल तापमान व्यवस्था और सुरक्षित आवास सुनिश्चित करने को कहा गया है। साथ ही, पशु चिकित्सकों को 30 दिनों के लिए पर्याप्त भोजन, नियमित स्वास्थ्य जांच और क्वारंटाइन प्रोटोकॉल को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए गए। मंत्री ने चीतों को हवाई अड्डे से बैनरघट्टा जैविक उद्यान तक सुरक्षित रूप से पहुंचाने की पूरी प्रक्रिया का भी बारीकी से निरीक्षण किया और सुरक्षा में किसी भी प्रकार की चूक न होने की हिदायत दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि एक समय कर्नाटक के जंगलों में चीते पाए जाते थे, लेकिन अब वे पूरी तरह लुप्त हो चुके हैं। ऐसे में इन दुर्लभ वन्यजीवों को चिड़ियाघरों में लाकर आम जनता को उन्हें देखने और उनके संरक्षण के प्रति जागरूक करने का अवसर मिलेगा। अंत में मंत्री ने कर्नाटक चिड़ियाघर प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिया कि चीतों की सुरक्षा, देखभाल और संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए, ताकि वे स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण में रह सकें।

### बिहार विधानसभा का विशेष सत्र 24 अप्रैल को, सम्राट चौधरी साबित करेंगे बहुमत



**पटना** : बिहार विधानसभा का दूसरा सत्र आगामी 24 अप्रैल 2026 को बुलाया गया है। इस संबंध में विधानसभा सचिवालय ने आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी है। यह सत्र केवल एक दिन का होगा और सुबह 11 बजे विधानसभा परिसर में आयोजित किया जाएगा। राजनीतिक दृष्टि से यह सत्र बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि नई सरकार को इसी दिन सदन में अपना बहुमत साबित करना होगा। विधानसभा सचिवालय द्वारा जारी आह्वान-पत्र में सभी विधायकों से समय पर सदन में उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है। साथ ही यह स्पष्ट किया गया है कि कार्यवाही निर्धारित समय पर शुरू होगी और सभी सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य है। इस विशेष सत्र में नई सरकार के गठन से जुड़े कई अहम कार्य पूरे किए जाएंगे। इसमें विधानसभा अध्यक्ष (स्पीकर) का चुनाव, बहुमत परीक्षण और अन्य जरूरी प्रक्रियाएं शामिल हैं। सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने के बाद यह पहला विधानसभा सत्र होगा, जिसमें वे सदन में मुख्यमंत्री के रूप में उपस्थित रहेंगे। उनके साथ उपमुख्यमंत्री विजय चौधरी और विजेंद्र यादव भी पहली बार इस भूमिका में नजर आएंगे। उल्लेखनीय है कि नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री पद छोड़ने के बाद 15 अप्रैल को सम्राट चौधरी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी, जबकि विजय चौधरी और विजेंद्र यादव को उपमुख्यमंत्री बनाया गया। संविधान और संसदीय परंपरा के अनुसार, जब भी नई सरकार बनती है या मुख्यमंत्री बदलता है, तो उसे सदन में फ्लोर टेस्ट (बहुमत परीक्षण) के जरिए यह साबित करना होता है कि उसके पास विधायकों का पर्याप्त समर्थन है। बिहार के 243 सदस्यीय विधानसभा में बहुमत के लिए 122 विधायकों का समर्थन आवश्यक होता है। वर्तमान स्थिति में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के पास स्पष्ट बहुमत है, जिससे सम्राट चौधरी सरकार को बहुमत साबित करने में किसी प्रकार की बाधा आने की संभावना कम है।

### महाराष्ट्र के पुणे एयरपोर्ट पर रनवे रिपेयर का काम पूरा, फिर से उड़ान पूर्ववत : मुरलीधर मोहोल



**मुंबई** : केंद्रीय नागरी उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने शनिवार को बताया कि श्पुणे एयरपोर्ट पर रनवे रिपेयर का काम युद्ध स्तर पर पूरा कर लिया गया है। सेफ्टी को सबसे पहले रखते हुए, सुबह 7.30 बजे से फ्लाइट्स ने टेक ऑफ करना और 8.00 बजे से लैंडिंग शुरू कर दी है। मोहोल ने कहा कि एयरफोर्स ने घटना की पूरी जांच के लिए कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी का आदेश दिया है। अब यह जांच की जाएगी कि हार्ड लैंडिंग किसी टेक्निकल खराबी की वजह से हुई थी या कोई और वजह थी। उम्मीद है कि दिन में पुणे में एयर ट्रैफिक धीरे-धीरे सामान्य हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार रात पुणे एयरपोर्ट पर इंडियन एयरफोर्स का एक फाइटर जेट की हार्ड लैंडिंग करवाई गई थी। इससे फाइटर जेट और रनवे दोनों क्षतिग्रस्त हो गया था, लेकिन इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ था। इस घटना की वजह से पुणे एयरपोर्ट का रनवे 9 घंटे तक बंद रहा। इसकी वजह से पुणे से आने-जाने वाली 30 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल या डायवर्ट कर दी गईं, जिससे यात्रियों को बहुत परेशानी हुई। इस घटना के बाद, रात 11 बजे से एयरपोर्ट पर सभी एक्टिविटीज रोक दी गईं। पुणे आने वाली कम से कम 8 फ्लाइट्स को सूरत, गोवा, नवी मुंबई, चेन्नई और कोयंबटूर जैसे शहरों में डायवर्ट कर दिया गया। इंडिगो और अकासा एयर की सुबह की कई फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गईं। इनमें दिल्ली, बेंगलुरु, चेन्नई और वडोदरा जाने वाले पैसेंजर्स शामिल थे। आधी रात को फ्लाइट्स कैंसिल होने से पैसेंजर्स में कन्फ्यूजन था। एयरलाइंस पैसेंजर्स को अपनी यात्रा कैंसिल करके रिफंड लेने या वहीं रुकने का ऑप्शन दे रही थीं। इस घटना के बाद सिविल एविएशन राज्य मंत्री और पुणे के सांसद मुरलीधर मोहोल ने तुरंत एयरफोर्स और एयरपोर्ट एडमिनिस्ट्रेशन से संवाद किया। उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए एयरपोर्ट के बारे में जानकारी दी। रनवे पर फंसे फाइटर जेट को हटाने के लिए क्रेन और भारी मशीनरी लगाई गईं। एयरफोर्स की टेक्निकल टीम ने रात भर काम करके रनवे को फिर से चालू कर दिया। इससे 9 घंटे बाद पुणे एयरपोर्ट का कामकाज पूर्ववत हो सका है।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 9570107019, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902